3 राजधानी
चिराग दिल्ली में जाम से मिलेगी राहत

6 प्रादेशिकी
संभल कोल्ड स्टोरेज के दो मालिक गिरफ्तार

10 विदेश
मंगलवार को मुझे गिरफ्तार किया जाएगा : ट्रंप

11 राष्ट्रीय
बालाघाट में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 132
नई दिल्ली, रविवार, 19 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





भारत की निगाहें वनडे शृंखला कब्जाने पर
स्पोर्ट्स-12


# कट्टरपंथी अमृतपाल पर कसा शिकंजा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

- पंजाब पुलिस की कार्रवाई में उसके संगठन वारिस दे पंजाब के 78 सदस्य गिरफ्तार, अमृतपाल फरार होने में कामयाब, राज्य में आज दोपहर तक के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित
- तलाशी अभियान के दौरान कई हथियार बरामद, जारी है पुलिस की कार्रवाई

**पंजाब** सरकार ने शनिवार को कट्टरपंथी उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाया। इस दौरान उसके नेतृत्व वाले संगठन के 78 सदस्य गिरफ्तार किए गए। अमृतपाल के काफिले को पुलिस ने जब जालंधर में रोका तो वहचकमा देकर भाग निकलने में कामयाब रहा। प्रशासन ने कई स्थानों में चौकसी बढ़ा दी है तथा राज्य में रविवार दोपहर तक के लिए इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने बताया कि सिंह के नेतृत्व वाले वारिस पंजाब दे के खिलाफ बड़े पैमाने पर राज्य में अभियान चलाया गया। इस संगठन के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियान के दौरान कुल 78 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि कई अन्य को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरार चल रहे अमृतपाल सिंह और अन्य को गिरफ्तार करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के कुछ समर्थकों ने सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो साझा कर दावा किया कि पुलिसकर्मी उनका पीछा कर रहे हैं। एक वीडियो में अमृतपाल को एक वाहन में बैठा भी देखा जा सकता है और उसके एक सहयोगी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि पुलिसकर्मी भाई साहब (अमृतपाल) के पीछे पड़े हैं। पुलिस ने बताया कि राज्यव्यापी अभियान के दौरान .315 बोर की एक राइफल, सात 12 बोर की राइफल, एक रिवाल्वर तथा 373 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि संगठन से जुड़े तत्व चार आपराधिक मामलों में संलिप्त हैं, जो विभिन्न वर्गों में आपसी सौहार्द को खराब करने, हत्या की कोशिश, पुलिसकर्मियों पर हमला तथा सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाने से संबंधित है। पंजाब पुलिस ने पिछले सप्ताह अजनाला में अमृतपाल और उसके समर्थकों के खिलाफ कथित नफरत भरे भाषण को लेकर मामले दर्ज किए थे। अमृतपाल सिंह इस साल फरवरी में तब सुर्खियों में आया था, जब अजनाला थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि कट्टरपंथी उपदेशक के साथियों ने उसे अगवा कर लिया एवं उसके साथ मारपीट की। इसके बाद अमृतपाल सिंह और उसके छह सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने बाद में इस मामले में उसके


अमृतपाल सिंह का फाइल चित्र

साथी लवप्रीत सिंह तूफान को गिरफ्तार किया था। तूफान की गिरफ्तारी के बाद अमृतपाल ने पुलिस को उसके विरूद्ध मामले को वापस लेने की चेतावनी दी। यह मामला तब और बिगड़ गया, जब उसके सैंकडों समर्थक हाथों में स्वचालित बंदूक और हथियार के साथ थाने में घुस गए। दबाव में आकर तूफान को रिहा किया गया, लेकिन पुलिस ने अदालत में कहा कि वह इस मामले की आगे जांच करेगी।


अमृतपाल एवं उसके समर्थकों तथा पुलिस के बीच झड़प में एक पुलिस अधीक्षक समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। अमृतसर में अमृतपाल के मूल स्थान जल्लुपुर खेड़ा गांव के समीप सुरक्षाबलों की भारी तैनाती की गई है। दुबई से आएं अमृतपाल सिंह को पिछले साल वारिस पंजाब दे का मुखिया नियुक्त किया गया था। इस संगठन की स्थापना अभिनेता और कार्यकर्ता दीप सिद्‌ध ने की थी जिसकी पिछले साल फरवरी में एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। अधिकारियों का कहना है कि अमृतपाल सिंह का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई तथा विदेशों में स्थित आतंकवादी संगठनों से करीबी संपर्क है। अमृतपाल ने परोक्ष रूप से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी धमकी दी थी। इस बीच, पंजाब पुलिस ने लोगों से शांति एवं सद्‌भाव बनाए रखने की अपील की है। उसने ट्वीट किया, सभी नागरिकों से पंजाब में शांति-सद्‌भाव बनाए रखने का अनुरोध है।

पुलिस कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए काम रही है। नागरिकों से नहीं घबराने तथा फर्जी खबरें एवं नफरत भरे भाषण नहीं फैलाने का अनुरोध है। इस माह के प्रारंभ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की थी और इस सीमावर्ती राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति पर उनके साथ चर्चा की थी। केंद्र ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीआरपीएफ और अपने दंगा रोधी निकाय आरएएफ के करीब 1900 कर्मी भेजे थे। गृह मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कानून व्यवस्था की ड्यूटी के दौरान राज्य सरकार के सहयोग के लिए पंजाब में अर्धसैनिक बलों की 18 कंपनियों की तैनाती का आदेश दिया था। पंजाब के गृह एवं कानून विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य में रविवार मध्याह्न 12 बजे तक के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। विभाग ने कुछ लोगों द्वारा हिंसा भड़काए जाने की आशंका से यह आदेश जारी किया है।

# कुछ लोगों को चुभ रहा सफल लोकतंत्र: मोदी

- जिन लोगों को लोकतंत्र और इसके संस्थानों की कामयाबी से तकलीफ, वे ही कर रहे हैं इस हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को भारत के लोकतंत्र और इसके संस्थानों की सफलता चुभ रही है, इसीलिए वे इस पर हमला कर रहे हैं। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर तंज किया। राहुल ने हाल ही में ब्रिटेन में एक व्याख्यान में देश में लोकतंत्र की स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब देश आत्मविश्वास से लबरेज और दृढ़ संकल्पित है, विश्व के अग्रणी अर्थशास्त्री, विश्लेषक, विचारक एक स्वर में कह रहे हैं कि यह भारत का समय है, ऐसे में निराशावादी बातें देश की छवि को खराब करती है और लोगों का हौसला तोड़ती है। किसी का भी नाम लिए बिना इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि जब कुछ विशेष घटता है तो परंपरानुसार लोग काला टीका लगाते हैं। इसलिए जब इतनी विशेष चीजें देश में हो रही हैं तो कुछ लोगों ने काला टीका लगाने की जिम्मेदारी ले ली है।

ब्रिटेन में राहुल गांधी द्वारा भारत में लोकतंत्र पर दिए गए बयान को भाजपा ने विदेशी धरती पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताते हुए उन पर तीखा हमला बोला। राहुल की इस टिप्पणी को भाजपा ने विदेशी हस्तक्षेप की मांग करने वाला करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि लोकतंत्र कैसा होना चाहिए। देश में लोकतंत्र और इसके संस्थानाओं की सफलता कुछ लोगों को चोट पहुंचा रही है। यही कारण है कि वे इस पर हमला कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि ऐसे हमलों के बावजूद देश अपने उद्देश्यों को हासिल करता हुआ आगे बढ़ता रहेगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले घोटाले सुर्खियां बनते थे, अब भ्रष्ट अपने खिलाफ कार्रवाई के कारण हाथ मिला रहे हैं।

विश्व कह रहा है कि यह भारत का समय है और यह केवल देश में वादों को पूरा करने और नतीजे देने के कारण हो पाया है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारों ने अपनी क्षमता के अनुसार काम किया, हम नए परिणाम चाहते थे और हमने अलग गति एवं पैमाने पर काम किया। आज भारत दुनिया की सबसे तेज उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। यह स्मार्टफोन डाटा उपभोग के मामले में नंबर एक पर है। देश विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक है और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम वाली व्यवस्था यहां हैं। बैंक खातों में 2.5 लाख करोड़ रुपए के सीधे हस्तांतरण से छोटे किसानों को बहुत लाभ हुआ है। नागरिकों में अब विश्वास है कि सरकार उनकी परवाह करती है। हमने शासन को मानवीय स्पर्श दिया है।

# पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति नाजुक: जयशंकर

- चीन ने समझौतों का उल्लंघन किया, यह हमारे संबंधों में चुनौतीपूर्ण और असामान्य चरण, विदेश मंत्री ने राहुल गांधी पर भी किया तंज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पूर्वी** लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है और कुछ इलाकों में भारत एवं चीन, दोनों देशों के सैनिकों की नजदीक तैनाती के चलते सैन्य आकलन के अनुसार हालात काफी खतरनाक है।

यह बात शनिवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कही। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सीमा पर कई क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया तेज हुई है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह और चीन के तत्कालीन विदेश मंत्री वांग ई सितंबर 2020 में इस सैद्धांतिक सहमति पर पहुंचे थे कि इस मुद्दे को कैसे सुलझाया जाए। उस बैठक में जिस पर बात पर सहमति बनी थी, उसे अब चीन को पूरा करना है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में एक संवाद सत्र के दौरान यह स्पष्ट किया कि जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सकते। भारत और चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर लगभग तीन साल से (शेष पेज 9)

# कर्मचारियों की हड़ताल से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बिजली संकट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिजली** कर्मचारियों की हड़ताल के कारण प्रदेश के कई जिलों में बिजली संकट पैदा हो गया। निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्रामीण और कस्बों में बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। हालांकि सरकार का कहना है कि हड़ताल का बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ा है लेकिन अनपरा बिजली घर में 500 मेगावाट क्षमता की एक और इकाई बिजली कर्मियों के काम पर न जाने के कारण बन्द करनी पड़ी। इसके अतिरिक्त ओबरा ताप बिजली घर की कुल 1000 मेगावाट क्षमता की पांच इकाइयों ने पूरी तरह काम करना बन्द कर दिया है। अनपरा में 210-210 मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयां हड़ताल के पहले दिन शुक्रवार को बन्द हो गयी थीं। पारीछा ताप बिजली घर में भी शुक्रवार को 210 मेगावाट क्षमता की एक इकाई बन्द करनी पड़ी थी। इस प्रकार उत्पादन निगम में 2950 मेगावाट क्षमता की 12 ताप बिजली इकाइयां (शेष पेज 9)

# कॉलेजियम जजों की नियुक्ति के लिए बेहतरीन प्रणाली: सीजेआई

- न्यायपालिका को स्वतंत्र रखना है तो उसे बाहरी प्रभाव से मुक्त रखना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को न्यायाधीशों की नियुक्ति करने वाली न्यायाधीशों से बनी कॉलेजियम प्रणाली का बचाव करते हुए कहा कि कोई प्रणाली पूर्ण नहीं होती, लेकिन यह हमारे पास उपलब्ध सबसे बेहतरीन प्रणाली है। कॉलेजियम प्रणाली केंद्र सरकार और न्यायपालिका के बीच विवाद का एक प्रमुख वजह रही है।

इंडिया टुडे कॉन्क्लेव-2023 में बोलते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यदि न्यायपालिका को स्वतंत्र रहना है तो इसे बाहरी प्रभावों से बचाना होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हर प्रणाली पूर्ण नहीं होती, लेकिन यह सबसे बेहतरीन प्रणाली है जिसे हमने विकसित किया है। लेकिन मकसद न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सुरक्षित करना था, जो एक प्रमुख मूल्य है। अगर न्यायपालिका को स्वतंत्र रखना है तो हमें न्यायपालिका को बाहरी प्रभावों से अलग रखना होगा।

उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम प्रणाली को लेकर कानून मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से नाखुशी जताने पर भी प्रधान न्यायाधीश ने जवाब दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, धारणाओं में अंतर होने में क्या गलत है? लेकिन, मुझे अलग-अलग धारणाओं से एक मजबूत संवैधानिक अगुआ की भावना के साथ निपटना होगा। मैं इन मुद्दों में कानून मंत्री से नहीं उलझना चाहता, हम अलग-अलग (शेष पेज 9)

# लोकसभा चुनाव में यूपी में 50 सीटें जीतने का सपा का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**समाजवादी** पार्टी ने शनिवार को 2024 लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश की 80 में से 50 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। सपा की शनिवार से कोलकाता में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शुरू हुई। इस दौरान तीन हिंदी भाषी राज्य- छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी की नीति तथा रणनीति पर चर्चा की गई। इन तीनों में राज्यों में इस साल के अंत में तथा लोकसभा चुनाव अगले साल होने जा रहा है। वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने पत्रकारों से कहा, 'आज हमारी पहली बैठक है, हमने सांगठनिक मसलों पर चर्चा की। 2024 में हम उत्तर प्रदेश में कम से कम 50 सीटें जीतने की योजना बना रहे हैं। बाद में पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश में भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए सबकुछ करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ही ऐसा (शेष पेज 9)

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

# रिजिजू ने लक्ष्मण रेखा का किया आह्वान

- कहा-यदि न्यायाधीश प्रशासनिक नियुक्तियों का हिस्सा बनते हैं तो न्यायिक कार्यों को कौन करेगा
- कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीश, कुछ कार्यकर्ता चाहते हैं कि न्यायपालिका विपक्ष की भूमिका निभाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कार्यपालिका और न्यायपालिका समेत विभिन्न संस्थाओं की पथप्रदर्शक संवैधानिक लक्ष्मण रेखा की ओर ध्यान दिलाया और हैरानी जताते हुए प्रश्न किया यदि कि न्यायाधीश प्रशासनिक नियुक्तियों का हिस्सा बनते हैं तो न्यायिक कार्यों को कौन करेगा। रिजिजू ने उच्चतम न्यायालय के हाल में दिए गए एक निर्देश के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही।

उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह नया कानून बनने तक मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों का चयन करने के लिए प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता की सदस्यता वाली एक समिति का गठन करे। रिजिजू ने यह भी दावा किया कि भारत (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,989 | |
| निफ्टी | 17,100 | |
| सोना | 58,040 | /10g |
| चांदी | 67,600 | /kg |

## क्विक न्यूज

### देश में बढ़ रहे कोरोना के मरीज

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मरीजों की संख्या फिर से बढ़ रही है। भारत में 126 दिनों बाद शनिवार को एक दिन में कोविड संक्रमण के नए मामलों की संख्या 800 के आंकड़े को पार कर गई। इनमें से 76 नमूनों में कोरोना वायरस के नये वेरिएंट एक्सबीबी 1.16 पाया गया है। आईएनएसएसीओजी के आंकड़ों के मुताबिक कोरोना वायरस का नया स्वरूप जिन नमूनों में मिला है उनमें से 30 कर्नाटक, 29 महाराष्ट्र, सात पुडुचेरी, पांच दिल्ली, दो तेलंगाना, एक-एक नमूने गुजरात-हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र के है। वायरस का एक्सबीबी1.16 स्वरूप सबसे पहले जनवरी में सामने आया था, जब दो नमूनों की जांच में इसकेमिलने की पुष्टि हुई थी, जबकिफरवरी में इससे संक्रमित 59 नमूने पाए गए थे। वर्तमान में देश में इलाजरत कोविड-19 संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 5389 हो गई है।

# तोशखाना मामले में इमरान खान को अदालत से राहत


इस्लामाबाद में न्यायालय की ओर जाती इमरान खान के समर्थकों की भीड़

**भाषा।** इस्लामाबाद

- अभियोग के बिना ही वापस जाने की अनुमति दी

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को यहां की एक स्थानीय अदालत ने शनिवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में अदालत परिसर के बाहर हाजिरी लगाने के बाद अभ्यारोपण के बिना ही वापस जाने की अनुमति दे दी।

हालांकि अदालत परिसर के बाहर खान के समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच काफी गतिरोध भी नजर आया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पिछली कई सुनवाइयों के दौरान उपस्थित न होने के कारण गिरफ्तार करने का प्रयास किया है। न्यायिक परिसर के बाहर सुरक्षा बलों और खान के समर्थकों के बीच झड़प भी हुई। वहीं इमरान के इस्लामाबाद के लिए रवाना होने के (शेष पेज 9)

# दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में बदला मौसम का मिजाज

- पांच डिग्री तक गिरा तापमान, अगले दो दिन तक तेज हवा के साथ बौछारें और कहीं-कहीं ओले पड़ने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में तेज हवा एवं ओलों के साथ हल्की बारिश हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया। तापमान में पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक बौछारें और कहीं-कहीं ओले भी पड़ने की संभावना जताई है। विभाग ने किसानों को फिलहाल चना, दलहल और गेहूं जैसी फसलों की कटाई रोकने और कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी)


राष्ट्रीय राजधानी में हुई बरसात से अपने को बचाने का प्रयास करते लोग

के अनुसार उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण एक ट्रफ राजस्थान से उत्तरी बिहार तक सक्रिय है। दूसरी ट्रफ दक्षिणी कर्नाटक से लेकर झारखंड की ओर गुजर रही है। इससे शनिवार को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश समेत उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश में रायलसीमा और उत्तर आंतरिक कर्नाटक में तेज हवा एवं ओलों के साथ कहीं तेज तो कहीं हल्की वर्षा हुई। वर्षा के कारण राजधानी दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान लुढ़कर 25.3 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 18.2 डिग्री दर्ज हुआ। एक दिन पहले शुक्रवार तक अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर था। तापमान में गिरावट के कारण ठिठुरन का अहसास फिर होने लगा। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान में कहा गया है कि 19 मार्च को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर आंधी, (शेष पेज 9)

## किसान फिलहाल टाल दें फसलों की कटाई

**अगले** दो दिन बारिश और ओले पड़ने की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने शनिवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश के किसानों को सलाह दी है कि वे गेहूं और अन्य रबी फसलों की कटाई फिलहाल टाल दें। पकी हुई फसलों के मामले में आईएमडी ने किसानों को कुछ राज्यों में सरसों और चना जैसी फसलों की जल्द से जल्द कटाई करने और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर संग्रहीत करने की सलाह दी है। किसानों को फसल गिरने से बचाने के लिए गेहूं की फसल की सिंचाई नहीं करने को भी कहा गया है। विभाग ने चेताया है कि तेज हवाओं और ओलावृष्टि से पौधों, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान हो सकता है। खुले स्थानों में ओलावृष्टि लोगों और मवेशियों को चोट पहुंचा सकती है, जबकि तेज हवाएं कमजोर संरचनाओं और कच्चे घरों, दीवारों व झोपड़ियों को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में गेहूं के प्रजनक राजबीर यादव ने कहा कि मौजूदा बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा गेहूं की खड़ी फसल के लिए अच्छी नहीं है और इससे इसकी पैदावार प्रभावित हो सकती है। गेहूं रबी (सर्दियों) की प्रमुख फसल है और देश के कुछ हिस्सों में इसकी कटाई शुरू हो चुकी है। सरकार ने फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) के लिए 11.22 करोड़ टन का रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन होने का अनुमान लगाया है।

# बिजली कर्मियों की हड़ताल से जनता बेहाल

## नोएडा के 12 से ज्यादा सेक्टरों में सप्लाई बुरी तरह प्रभावित, गाजियाबाद में 60 स्थानों पर फॉल्ट

### ● लोगों का फोन तक नहीं उठा रहे कर्मचारी, लाइट नहीं होने से घरों में हुई पानी की किल्लत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा/गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली कर्मियों की हड़ताल से नोएडा और गाजियाबाद के लोग बेहाल है। नोएडा के 12 से अधिक सेक्टर में शनिवार को दो से तीन घंटे तक बिजली गुल होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई।

बारिश और ओला गिरने से कई सेक्टरों में फाल्ट हुए। लेकिन उनको ठीक नहीं किया जा सका। हालांकि कई यूनियन अब भी काम कर रही है। वहीं गाजियाबाद में भी गाजियाबाद में 60 स्थानों पर फॉल्ट होने से पूरी विद्युत व्यवस्था चरमरा गई।

विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति की अपील पर जिले के अधिकांश अभियंता और कर्मचारी हड़ताल पर हैं। औद्योगिक सेक्टर में बिजली गुल होने की उपभोक्ता द्वारा शिकायत करने पर बिजली कर्मियों ने बताया कि हड़ताल के कारण बिजली गई है। पता नहीं कब आएगी। इसी तरह की परेशानी सेक्टर-82 के उपभोक्ता को भी झेलनी पड़ी। इससे सेक्टर में जल आपूर्ति भी नहीं हो सकी। संघर्ष समिति के जिला संयोजक धनंजय शर्मा ने कहा कि नोएडा में करीब यूनियन के करीब 450 कर्मी हड़ताल पर हैं। कुछ यूनियन अब भी हड़ताल से बाहर हैं, लेकिन अधिकांश सब स्टेशनों पर अधिशासी अभियंता के दरवाजों पर कुंडी लगी मिली। जिसके चलते नए कनेक्शन, बिजली का बिल, शिकायत आदि नहीं हो सकी।

शहर में जेई और एसडीओ के दफ्तर के अलावा डिवीजन दफ्तरों पर भी शनिवार को ताला लटका मिला। ऐसे में जेई और एसडीओ के दफ्तर के बाद डिवीजन दफ्तर पहुंच रहे उपभोक्ता की समस्याओं का निदान नहीं हुआ। विद्युत निगम ने सेक्टर.18 बिजली दफ्तर पर अस्थाई कंट्रोल रूम बनाया है। तैनात कर्मी हर दो घंटे में शहर की सामान्य आपूर्ति की जानकारी ले रहा है। कर्मी को अधिशासी अभियंता सामान्य सप्लाई की सूचना दे रहे हैं।



निजीकरण के खिलाफ नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी।

### इन सेक्टरों में रही दिक्कत

**सेक्टर-18, सेक्टर-62, सेक्टर-82, सेक्टर-16, सेक्टर-71, एनएसईजेड, सेक्टर-12, 20, सेक्टर-45, 38, 80, 83ए, 62ए, सेक्टर-132ए और जेवर में भी लोगों को कई घंटे तक कटौती का सामना करना पड़ रहा है।**

### सेक्टर में सफाई नहीं, लोगों ने किया प्रदर्शन

*__नोएडा।__ ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा 1 में लोगों ने प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्राधिकरण के खिलाफ नारे भी लगाए। सेक्टर में सही तरीके से सफाई न होने से परेशान सेक्टर वासियों ने प्राधिकरण को चेतावनी दी कि अगर सही तरीके से सेक्टर की सफाई नहीं हुई तो वह लोग प्राधिकरण का घेराव करेंगे।*

*सेक्टर बीटा 1 निवासी हरेंद्र भाटी ने बताया कि सेक्टर बीटा और ग्रेटर नोएडा के तमाम सेक्टरों और गांवों में सफाई नियमित रूप से नहीं कराई जा रही है, जिस कारण सेक्टर में गंदगी के ढेर लगे हैं। लगभग 10 से 15 दिनों तक पत्तों के ढेरों को नहीं उठाया जाता है। जबकि हर रोज झाड़ू लगाने का प्राधिकरण ने ठेकेदारों को निर्देश दिया है। ठेकेदार सफाई का केवल दिखावा कर रहे हैं। जिम्मेदारों को जल्द सफाई व्यवस्था को दुरस्त कराना चाहिए। सेक्टर की महिलाओं ने कहा कि सेक्टर की पूरी सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। चारो तरफ गंदगी है। पेड़ों से गिरे पत्तों का ढेर लगा हुआ है।*

#### ● पिछले दस दिन से नहीं उठाया जा रहा कूड़ा

### कंट्रोल रूम में आ रहीं लगातार शिकायतें

**गाजियाबाद।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल का शनिवार को दूसरा दिन है। दूसरे दिन लालकुआं, राजनगर एक्सटेंशन और लैंडक्राफ्ट स्थित लाइनों में फाल्ट आने से बिजली आपूर्ति बाधित रही थी। गाजियाबाद में बीते 24 घंटे में 60 स्थानों पर फॉल्ट हुए हैं। बिजली आपूर्ति बुरी तरह बाधित है।

लालकुआं द्वितीय में सुबह से बिजली आपूर्ति ठप है। लाइन को बहाल करने के काम में विभागीय अधिकारी जुटे हुए हैं, लेकिन समय लगने के कारण उपभोक्ताओं में नाराजगी दिखाई दे रही है। हड़ताल के चलते बनाए गए कंट्रोल रूम में सौ से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं जिसमें सबसे अधिक शिकायतें लालकुआं द्वितीय से ही आ रही हैं। शिकायतों के मामले में लोनी का इन्द्रप्रस्थ इलाका दूसरे स्थान पर है। राजनगर एक्सटेंशन के नूरनगर बिजली घर पर भी सप्लाई बाधित है। यहां तैनात एक पूर्व कर्मचारी ने काम करने से इंकार कर दिया है। यही स्थिति अन्य जगहों की भी है। जहां-जहां सप्लाई बाधित है उसे दोबारा सुचारू रूप से चलाने में मुश्किलें हो रही हैं। अधिकतर केन्द्रों पर तैनात अतिरिक्त कर्मचारी या तो फोन नहीं उठा रहे हैं या फिर काम करने से इंकार कर रहे हैं। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। साहिबाबाद के कई क्षेत्रों में भी ट्रिपिंग की समस्या सामने आई है। विद्युत कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर राजनगर पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। संगठन के संयोजक शेरसिंह ने बताया कि हड़ताल जारी रहेगी। संगठन पर बेवजह दबाव बनाकर आंदोलन को समाप्त करने की रणनीति बनाई जा रही है जिसे पूरा नहीं होने दिया जाएगा। कर्मचारी जब तक काम नहीं करेंगे तब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएगी।

**मानव अवशेष किसके... 36 घंटे बाद भी नहीं मिला कोई ठोस सबूत**

# कहीं निठारी पार्ट-2 तो नहीं, 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, डेढ़ किमी तक सफाई कराई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-8 स्थित नाले में मिले मानव अवशेष किसके है, 36 घंटे बाद भी पुलिस के लिए सवाल बना हुआ है। अब तक 50 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा चुका है। लेकिन कोई सबूत हाथ नहीं लगा है। नाले के पास दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा भी सिर्फ लाइव फुटेज देता है। सामने ये भी आ रहा है ये कटे अंग किसी महिला या ट्रांसजेंडर्स के हो सकते है।

हालांकि ट्रांसजेंडर्स की पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की जा रही है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से काफी मदद मिलेगी। रिपोर्ट देर शाम तक आने की उम्मीद है। हालांकि लोगों के जहन में निठारी की याद को ताजा कर दिया है। उसकी शुरुआत भी ऐसे ही हुई थी। ये अंग नाले में बहकर आए हो सकते है। इसके सोर्स तक पहुंचना ज़रुरी है। नाले के करीब 1 से डेढ़ किमी तक सफाई और छानबीन की गई। मानव शरीर का कोई और पार्ट अब तक नहीं मिला। जो मिला था उसके पैर के नाखून में नेल पालिश और हाथ में हरा रंग था। प्राथमिक जांच में शव महिला का ही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इसकी उम्र के बारे में सही जानकारी मिल सके। पुलिस ने दिल्ली और आसपास के जिलों के थानों में संपर्क कर हाल ही के दिनों में गुमशुदगी के मामलों की जानकारी साझा करने को कहा है। नोएडा के सेक्टर.8 के एक नाली में गुरुवार सुबह एक महिला के पैर व हाथ कटे हुए अंग मिले थे। इसके साथ साथ सफाई कर्मियों को बुला कर नाले में महिला का सिर व धड़ की तलाश कराई लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या के बाद हत्यारे ने शव के कई टुकड़े कर उसे अलग अलग स्थानों पर फेंका है।

डीसीपी नोएडा जोन हरीश चंदर ने बताया कि मानव अंगो को देख कर ऐसा प्रतीत हो रहा था। वह चार पांच दिन पुराने है और किसी महिला के है। पुलिस आसपास की फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों व सेक्टर-8 की झुग्गियों में पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कोई महिला लापता तो नहीं है। वहीं आशंका है कि किसी ने कहीं और हत्या कर शव के टुकड़े कर अलग अलग जगह फेंके है। दो दिन पहले हिंडन नदी में भी ईकोटेक थाना क्षेत्र में एक महिला का शव मिला था। उसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। मानव शरीर के कटे हुए टुकड़े मिलने के मामले ने नोएडा के चर्चित निठारी कांड की याद दिला दी। निठारी कांड के शुरुआत में भी इसी प्रकार शरीर के टुकड़े मिले थे।

### कोरोना के नए 19 केस, हेल्पलाइन नंबर जारी

**नोएडा।** नोएडा में कोरोना को लेकर फिर से सतर्कता बढ़ा दी गई है। जिले में कोरोना के नए मामले सामने आने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डा सुनील कुमार शर्मा ने स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। वहीं आमजन से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की है।

सीएमओ ने बताया कि जिले 19 मामले कोविड के दर्ज हुए हैं। हालांकि इनमें कोई भी मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं है, सभी होम आइसोलेशन में हैं।

## संक्षिप्त समाचार



सेट पर कपिल शर्मा के साथ डॉ. गुरुप्रीत सिंह रम्मी और उनकी टीम

### कपिल शर्मा शो की शान बने ऑक्सीजन 'रम्मी'

**गाजियाबाद।** प्रसिद्ध हास्य कलाकार कपिल शर्मा के शो पर ऑक्सीजन मैन गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने अपनी टीम के साथ भाग लिया। कोरोना काल में जनसेवा के लिए खालसा हेल्प इंटरनेशनल की टीम को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस टीम में विशेषकर डॉक्टर गुरप्रीत सिंह रम्मी (ऑक्सीजन मैन ऑफ इंडिया) गौरव कुमार, शमशेर बल और गुनीत सिंह शामिल हुए। यह एपिसोड शनिवार और रविवार को (18.03.2023 और 19.03.2023 को प्रसारित होगा। इस दौरान कपिल शर्मा ने खालसा हेल्प की टीम को सबसे मिलवाया और करोना के दौरान खालसा हेल्प द्वारा किए गए कामों पर चर्चा हुई। यह जानकारी गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने दी।

### स्वच्छता में नंबर वन बनेगा गाजियाबाद: वीके सिंह



**गाजियाबाद।** अगले महीने शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम आने जा रही है। इससे पहले ही अब निगम भी शहर को सफाई के मामले में स्मार्ट बनाने में जुटा है। गाजियाबाद को पहला ऑटोमैटिक कूड़ा ट्रांसफ र केन्द्र मिला है। पीपीपी यानी प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप बेस यह केन्द्र अकबरपुर बहरामपुर के पास विजयनगर जोन में बनाया गया है। इसका लोकार्पण केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने लोकार्पण किया। वीके सिंह ने नगर निगम के कूड़ा ट्रांसपोर्ट कंटेनर को भी हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। लोकार्पित कूड़ा ट्रांसफर केन्द्र 200 मीट्रिक क्षमता को होगा। शहर में चार और कूड़ा ट्रांसफर केन्द्र बनाए जाएंगे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने कहा कि स्वच्छता के मामले में गाजियाबाद यूपी का नंबर वन शहर है।

### 74 संपत्तियों पर 1300 करोड़ किराया बकाया

**नोएडा।** बिल्डर ही नहीं बल्कि किराए पर दी गई संपत्तियों का बकाया भी प्राधिकरण वसूल नहीं सका है। इसमें बैंक, सरकारी आफिस, गैस गोदाम, शो रूम के अलावा पेट्रोल पंप ऑपरेटर समेत कुल 74 परिसंपत्तियां शामिल है। जिन पर करीब 1300 करोड़ रुपए बकाया है। ये बकाया 31 जनवरी 2023 तक संकलित किए गए आंकड़ों के अनुसार है। इनमें से बैंक और पेट्रोल पंप संचालकों के मामले कोर्ट में है। प्राधिकरण सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि अधिकांश मामले कैंसिल हो चुके है। कई मामले हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जिन पर पैरवी की जा रही है।

### फर्नीचर के गोदाम में लगी आग, सामान जलकर खाक

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद स्थित लोनी कोतवाली क्षेत्र ऋषि मार्केट स्थित एक पुराने फर्नीचर के गोदाम में शनिवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिससे लाखों की कीमत का पुराना फर्नीचर जलकर खाक हो गया। गनीमत रही की आग की चपेट में कोई नही आया।

### सुहागरात के दिन लाखों के जेवरात लेकर भागी दुल्हन

**नोएडा।** थाना जेवर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक की शादी पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के पास हुई थी। बृहस्पतिवार को दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन को लेकर घर पहुंचा। दुल्हन सोने चांदी के जेवरात से सजी हुई थी। आस. पड़ोस की महिलाएं भी उसे देखने के लिए आई। पूरे दिन सब ठीक.ठाक रहा, लेकिन रात 10 बजे दुल्हन अपने ससुराल से लाखो रुपए कीमत के सामान लेकर छूमंतर हो गई। दुल्हन की काफी तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिली। बताया जाए जाता है कि यह युवक की दूसरी शादी है।

### बच्चियों के ऊपर पलटा गैस सिलेंडर से भरा रिक्शा, एक की मौत

**गाजियाबाद।** कमला गैस एजेंसी के ई-रिक्शा चालक की लापरवाही ने दो अबोध बहनों को टक्कर मार दी। वहीं इस घटना के दौरान रिक्शे में रखे गैस सिलेंडरों के नीचे दबकर 6 वर्षीय अलीना की मौत हो गई।

इस हादसे के दौरान अलीना की छोटी बहन 3 वर्षीय आयशा भी गंभीर रूप से घायल हो गई है। डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ कि जब पक्की मोरी पर रहने वाले आमिर नामक व्यक्ति की दो भांजी अलीना व आयशा घर के बाहर खेल रही थी। तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक अपने वाहन पर नियंत्रण नहीं कर पाया और दोनों बच्चियां ई-रिक्शा की चपेट में आकर उसमें भरे दर्जनों गैस सिलेंडरों के नीचे दब गई।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स कनेक्ट कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/पूर्णिमा चंद्र/शोभित चंद्र/ सुरेश श्रीवास्तव/ LBDEL00002854683 | प्लॉट नंबर 50, ब्लॉक-ए, सेक्टर 19, नोएडा, उत्तर प्रदेश, गौतम बुद्ध नगर/ मार्च 16, 2023 | अक्टूबर 29, 2022 रु. 50,27,716/- | दिल्ली |
| 2. | उप्पेंदर राघव/ रघुवेंदर राघव/ LBNOD00003363548 | फ्लैट नंबर- ए136/1, पहली मंज़िल, वेव एग्जीक्यूटिव फ्लोर, वेव सिटी, एनएच-24, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद/ मार्च 15, 2023 | अक्टूबर 29, 2022 रु. 31,80,962/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 18, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता,**
**उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी**
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eehal-ujs-uk@nic.in

पत्रांक : 864/निविदा/102 | **निविदा सूचना** | दिनांक : 18.03.2023

एतद्द्वारा शाखा हल्द्वानी के अन्तर्गत निम्न कार्यो के लिये उत्तराखण्ड जल संस्थान व उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पाईप लाईन सम्बन्धित कार्यों हेतु ''डी'' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 05.04.2023 के अपरान्ह 3.00 बजे तक टैण्डर बाक्स के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 52/2022-23 | हल्द्वानी पेयजल योजनान्तर्गत बसंत विहार फेज-1 मुखानी में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु पेयजल लाईन बिछाये जाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.1000.00+ 180.00 (GST 18%) = 1180.00 | ₹ 10500.00 | 60 दिन |
| 02 | 53/2022-23 | हल्द्वानी पेयजल योजनान्तर्गत ऐशबाग, कालाढूंगी रोड क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुधार हेतु पाईप लाईन बिछाये जाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 7200.00 | 60 दिन |
| 03 | 54/2022-23 | कुसुमखेड़ा पेयजल योजनान्तर्गत श्रीमंगलम विहार, छड़ायल नयाबाद क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु पाईप लाईन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 6600.00 | 60 दिन |
| 04 | 55/2022-23 | हल्द्वानी नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत अशोक विहार एवं आनन्द विहार छोटी मुखानी में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु पेयजल लाईन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 6200.00 | 60 दिन |

शर्ते :-
1. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम/निविदा संख्या अंकित करना अनिवार्य है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, तिकोनिया हल्द्वानी से दिनांक 20.03.2023 से 03.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5.00 बजे तक क्रय की जा सकती है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मांगे जाने पर रू0 100.00 अतिरिक्त देय होगा।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीय बैंक/पोस्ट ऑफिस में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंकगारन्टी/एन.एस.सी के रूप में संलग्न करनी होगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. उक्त किसी भी तिथियों को अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
5. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी को एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
6. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी तथा संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में भी किया जाएगा।
7. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, रू0 1.00 के हस्ताक्षरयुक्त रसीदी टिकट के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाताओं को प्रमुख सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश संख्या 6447/111-(2)/11-20 (सा0)/11 देहरादून दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी (Additional Performance Security) जोकि NSE/FDR/TDR/KVP के रूप में अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी के नाम बन्धक होगी, अनुबन्ध से पूर्व विभाग में जमा की जानी होगी।
9. ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
10. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी। जो कभी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

''जल संचय-जीवन संचय''

अधिशासी अभियन्ता



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to the public at large that **Mr. Sunil Kumar Suman** S/o Mr. Tej Naryana is purchasing the **Freehold Residential Plot area measuring 100 q. yds., i.e. 83.61 sq. mtrs., Out of Khasra No. 156, Situated at Village Ilahabans, Pargana & Tehsil Dadri District, Gautam Budh Nagar, (U.P.) from Mr. Sarvesh Tyagi S/o Mr. Gajraj Tyagi,** who had purchased the subject property **through Sale Deed dated 09.11.2022, Vide Doc. No. 7292**, and same to be financed & mortgaged by **Roha Housing Finance Pvt. Ltd.** However, Original Sale Deed Dated 28.03.2006 (Doc. No.1969), has been lost and not available and an FIR has lodged on dated 17.03.2023 with LR No. 251923/2023 for loss of document. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing at the address mentioned below, about his objections within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, Charge, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector - 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120 - 4269379



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Anil Kumar Jain is the owner of Property bearing No. C-268/C, area measuring 150 Sq., Yds., out of Khasra No. 377, Situated in the area of Village Ghonda Gujran Khadar, in the abadi of Block C, Gali No. 10, Bhajan Pura, Illaqa Shahdara, Delhi,, vide GPA, ATS & Will dated 19.08.1997. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of our client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mr. Rahul** intends to purchase & mortgage the **Plot No. 7, admeasuring 100 Sq. Yds., Khasra No. 244, situated at Govindpuri, Village Dasna, District Ghaziabad (U.P.)** with our client, against the financial assistance. Whereas, out of the entire chain link documents Original Sale Deed dt. 21-01-2008 of the Said Property, registered as Doc. No. 341 in favour of Mrs. Sunita Devi was already lost/misplaced and in this regard NCR/FIR No. **20230000153722** has been lodged with UP Police.

Public is hereby warned not to deal with the above-mentioned documents & the property. If anyone do the same, then he will be responsible for all consequences. If any person(s) having objection with regard to mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address.

**DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE**
A-13, LGF, South Extn.-II,
New Delhi-110049 # 011-40587824.



**IN THE COURT OF SH. ANURAG CHHABRA, CIVIL JUDGE - 03, ROOM NO. 279, CENTRAL DISTRICT, TIS HAZARI, DELHI**

**PUBLICATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT (Order 5, Rules 20 of the Code of Civil Procedures)**

**Case Reg.No.: CS SCJ/2551/2021**
**Next Date of Hearing 20.03.2023**
**J.(Civil)-12**

**ICICI BANK LTD. ...Plaintiff**
**Against**
**MANISHA SHARMA ...Defendant**

**TO,**
**MANISHA SHARMA**
TIKARAM SHARMA
R/O WZ-1684, MULTANI MOHALLA, RANIBAGH, NORTH WEST, DELHI- 110034
MOBILE- 9999931303

THE DEFENDANT ABOVE NAMED WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **20.03.2023** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and the seal of the court, this **03.01.2023.**

**Civil Judge- 03 (Central), Tis Hazari, Delhi**



**PUBLIC NOTICE**

**This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.**

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA_LPT909CH_CHASIS REG. NO. DL1MA1740-YOM -2018
2) TATA 909 REG. NO. DL1MA1785-YOM- 2018
3) TATA 910 REG. NO. DL1MA1863-YOM -2018
4) EICHER 10.95 REG. NO. DL1MA4453-YOM- 2019
5) EICHER PRO 1049C REG. NO. HR55AJ2395-YOM-2019
6) CB_LPT1212_TATAMOTORS REG. NO. HR55AJ4803-YOM-2020
7) CB_VE_11_10_FULLY_BUILT REG. NO. HR55A0030-YOM- 2016
8) TATA ACE REG. NO. DL1LAJ1389-YOM-2022
9) TATA - CB_TATA LPT 709 FULLY BUILT REG. NO. DL1LAH3574 YOM -2022
10) TATAACE REG. NO. UP14JT8916-YOM -2020
11) TATA MOTORS_LPT 1109 REG. NO. DL1MA8561-YOM- 2021
12) ASHOK LEYLAND- CB_AL1615 REG. NO. HR38AD0509-YOM -2022
13) ASHOK LEYLAND- CB_AL1615 REG. NO. HR38AC2909-YOM -2022
14) ASHOK LEYLAND- CB_AL1615 REG. NO. HR38AC6399 -YOM -2021

**UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT**

**BRANCH ADDRESS:**
**KOTAK MAHINDRA BANK**
**3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR**
**CONTACT : ABHINAV LAL**
**KOTAK MAHINDRA BANK LTD.**
**CONTACT NO.7798988481**
EMAIL-abhinav.lal@kotak.com



ICICI Bank | पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा-390 007, गुजरात
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू), मुंबई-400051

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110007

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि योगेन्द्र कुमार बंसल/बसंत कुमार गुप्ता (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00001678489 तथा पता फ्लैट नंबर एफ6/3, प्लॉट नंबर 201, 120 फीट, पार्क साइड, विलाज वायु विहार, शास्त्रीपुरम रोड, आगरा-282002 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 27 फरवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एचआरसी हॅराइजन ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 18 मार्च, 2023 | वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर | हस्ता./-



**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD. VS. RAKESH KHOKHAR, CS (COMM) No. 2666/21 | Vehicle No.- HR26CC3668, Make and Model- HYUNDAI MOTORS INDIA LTD I20, Manu Year- 2013 |
| ICICI BANK LIMITED VS. ESRAR, CS (Comm) No.4460-2021 | Vehicle No.- DL10CT1001, Make and Model- MAHINDRA & MAHINDRA LTD REXTON, Manu Year- 2014 |
| ICICI BANK LTD VS SHAGUFTA, CS No. 383/18 | Vehicle No.- DL1CT2392, Make and Model- MAHINDRA & MAHINDRA LTD XYLO, Manu Year- 2013 |

**Auction Date: March 27, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type: Online Auction**
**Auction Portal Name & URL Link: Car Dekho**
**https://auctions.cardekho.com**
**Contact Person- Jitendra Kumar (7304914763)/ Rajeev Ranjan (8584874809)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction. .

Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.

The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, SHAL TOWERS, Plot No 23, New Rohtak Road, Karol Bagh Delhi- 110005 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# चिराग दिल्ली में जाम से मिलेगी निजात

## मरम्मत के दौरान फ्लाईओवर की दो लेन पर होगा काम, एक पर चालू रहेगा यातायात

- 31 तक एक हिस्से के रखरखाव का काम पूरा हो जाएगाः आतिशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर मरम्मत के कारण लग रहे भयंकर जाम ने दिल्ली सरकार की भी नींद उड़ा दी है। आनन फानन में शनिवार को लोक निर्माण विभाग की मंत्री आतिशी मार्लेना ने दिल्ली पुलिस और विभाग के अधिकारियों के साथ मरम्मत कार्य का निरीक्षण और हालात का जायजा लेने पहुंची। उन्होंने अधिकारियों को काम की रफ्तार को और तेज करने के साथ यातायात को सुचारू बनाने के लिए बेहतर ढंग से यातायात प्रबंधन करने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि उनकी सरकार ने निर्णय लिया है कि मरम्मत के दौरान दो लेन पर काम होगा और एक लेन यातायात के लिए खुलेगी। इससे लोगों को भीषण जाम से कुछ राहत मिलेगी। पीडब्ल्यूडी फ्लाईओवर की मरम्मत का काम कर रहा है और इस वजह से जगह-जगह जाम की शिकायतें आ रही हैं। आतिशी ने दिल्ली पुलिस को वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग सुझाने को कहा है। आतिशी ने कहा कि चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर आवाजाही करने वाले लोगों को यातायात जाम से निजात मिले इसके लिए पीडब्ल्यूडी युद्धस्तर पर काम कर रहा है। 31 मार्च तक फ्लाईओवर के एक हिस्से के रखरखाव का कम पूरा हो जायेगा। मुख्यमंत्री के सुझाव पर यह निर्णय भी लिया गया है कि फ्लाई ओवर के दूसरे हिस्से के मेंटेनेंस के दौरान दो में से एक लेन ट्रैफिक के लिए खुला रहेगा ताकि लोगों को जाम से न जूझना पड़ें।

मंत्री ने साझा किया कि पिछले दिनों यहाँ जाम लगने की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए काम की रफ्तार को बढ़ाने और 50 दिन के बजाय मेन्टेनेंस के काम को महीने भर के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए थे। तेजी काम होता रहा इसके लिए वे स्वयं 25 मार्च को दोबारा एक बार फ्लाईओवर का निरीक्षण करने आएंगी। पीडब्ल्यूडी व दिल्ली पुलिस के अधिकारीयों के साथ संयुक्त निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने अधिकारीयों को निर्देश दिए कि यातायात को सुगम बनाने के लिए बेहतर ढंग से ट्रैफिक मैनेजमेंट का एक्शन प्लान बनाया जाए ताकि दूसरे हिस्से के मेन्टेनेंस के दौरान ट्रैफिक जाम नहीं लगे।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधाएँ देना और उनकी सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में समय-समय पर पीडब्ल्यूडी सड़कों व फ्लाईओवेरों के रखरखाव का कार्य किया जाता है जिससे इनकी मजबूती बढ़ती है और लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण है लेकिन वह यह भी सुनिश्चित कर रही है कि इस दौरान लोगों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।



पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने दिल्ली पुलिस और विभाग के अधिकारियों के साथ चिराग दिल्ली फ्लाई ओवर की एक लेन का निरीक्षण किया।



वीकेंड पर सुहाने मौसम का लुत्फ उठाते सैलानी

# हवा और बारिश से कम हुआ प्रदूषण

- अगले तीन दिनों तक वायु गुणवत्ता स्तर मध्यम श्रेणी में रहने का संभावना : सफर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बारिश के साथ चल रही तेज हवाओं के चलते शनिवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार रखने को मिला है। हवा की गति 8 से 16 किलोमीटर प्रतिघंटा रही है। हवा की गति तेज होनेके चलते प्रदूषण के लिए जिम्मेवार छोटे कणों का बिखराव भी तेजी से हुआ।

दिल्ली के प्रदूषण में छोटे कणों की भूमिका 48 फीसदी रही है। इसके साथ ही बारिश के चलते तापमान में भी पांच डिग्री सेल्सियस गिरावट आई है। तेज हवा एवं बारिश के चलते लोगों को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली है। शनिवार सुबह जहां दिल्ली में वायुगुणव गुत्ता सूचकांक 230 दर्ज किया गया था वहीं शाम आठ बजे यह 163 पहुंच गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। सफर के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली अगले तीन दिनों तक वायु प्रदूषण कम रहेगा। आईएमडी के मुताबिक, शनिवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है।

सफर के अनुसार अगले कुछ दिनों में दिल्ली में बारिश, हवा की गति, तापमान में गिरावट आदि कारणों से प्रदूषण में कमी आएगी और यह मध्यम श्रेणी में ही बना रहेगा। तीन दिन बाद इसमें मामूली बढ़ोत्तरी हो सकती है। लेकिन इसके बावजूद यह खराब श्रेणी की शुरुआत में ही रहेगा। शनिवार को दिल्ली का सबसे अधिक प्रदूषित इलाका रोहिणी (238) जबकि सबसे कम प्रदूषित इलाका पूसा (113) रहा।

## जाम और जलभराव से हुई परेशानी

*__नई दिल्ली।__ बारिश से दिल्ली एनसीआर में कई इलाकों में जाम और जलभराव की स्थिति देखने को मिली। राजधानी की कई प्रमुख सड़कों व अंडरपास समेत एनएच-9, डीएमई, दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर रहा बुरा हाल था। हालांकि बारिश और ओले पड़ने के बाद मौसम तो सुहावना हो गया है लेकिन कई शहरों में जलभराव की स्थिति बन गई। दिल्ली-जयपुर हाईवे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे एनएच-9 नोएडा गाजियाबाद और गुरुग्राम में कई जगहों पर जलभराव हो गया है। इसके अलावा भारी बारिश के दौरान साइबर सिटी के इफको चौक स्थित दिल्ली गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर पानी जमा होने के कारण रजोकरी तक लंबा जाम लग गया। जलभराव के कारण हाईवे*



*झील जैसा बन गया। नरसिंहपुर गांव के पास दिल्ली-जयपुर हाईवे पर 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। बारिश के कारण कई जगह पर जलभरा हो गया। गाजीपुर में सड़कों पर जलभराव हुआ। वहीं, एनएच-नौ की सर्विस रोड पर विनोद नगर के पास भी बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बन गई। इसके अलावा अक्षरधाम फ्लाई ओवर, बाहरी रिंग रोड पर वजीराबाद फ्लाई ओवर, मजनूं का टीला के पास वाहन रेंगते रहे।*

# 'एयरेटर्स के जरिए बढ़ा रहे झीलों के पानी में ऑक्सीजन'

- पप्पन कलां लेक में 6.25 मीटर बढ़ गया जलस्तरः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी पानी की समस्या से निजात के लिए झीलों के जीर्णोद्धार व नये निर्माण कर भूजल को रिचार्ज करने के साथ एयरेटर्स से पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के लिए पानी की गुणवत्ता बढ़ाने की पहल दिल्ली सरकार कर रही है। इस प्रयास से राजधानी को झीलों का शहर बनाने में भी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री शनिवार को पप्पन कला झील का दौरान किया। इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 26 झील और 380 वॉटर बॉडी बनाने का काम किया जा रहा है, जिससे जल्द दिल्ली को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। दिल्ली में 300 एकड़ पर बन रहीं 26 झीलों में 230 एमजीडी का ट्रीटेड पानी डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि झीलें ठीक करने से दिल्ली झीलों का शहर बनेगी और पानी की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही ग्राउंड वाटर भी रिचार्ज होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार एयरेटर्स लगाकर झीलों के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ा रही है ताकि पानी पीने लायक हो सके। पप्पन कलां झील के आधे किलोमीटर के दायरे में भूजल का स्तर 6.25 मीटर बढ़ गया है।

जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप की सरकार बनने से पहले द्वारका में पानी नहीं आता था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस इलाके तक पानी पहुंचाया। दिल्ली सरकार पप्पन कलां झील में खूबसूरत वॉकिंग ट्रैक और पार्क बनाएगी, जिसका लोग आनंद ले सकेंगे। पीजो

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बताया कि झील के आस-पास के क्षेत्र में पीजोमीटर लगाए जा रहे हैं, जो यह बताएंगे कि भूजल का स्तर कितना बढ़ा है। थोड़े दिन दिन बाद आसपास के क्षेत्र में ट्यूबवेल और आरओ मशीन लगाई जाएंगी।



## गीता कालोनी अंडरपास में मिला विदेशी बुजुर्ग का शव

**नई दिल्ली।** गीता कॉलोनी क्षेत्र के एक अंडरपास के पास मॉरीशस के एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मॉरीशस निवासी बागवत लुछमी (66) के रूप में की गई है और उसकी मृत्यु कई दिन पहले हुई प्रतीत होती है।

पुलिस के मुताबिक, लुछमी छह फरवरी को पर्यटक वीजा पर भारत आया था और उसका शव शुक्रवार शाम को मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति की मृत्यु दो से तीन दिन पहले हुई होगी। शव को अस्पताल में रखवा दिया गया है। मामले की जांच के लिए टीमें गठित की गई हैं, जो पूछताछ के लिए उन इलाकों का दौरा कर रही हैं जहां लुछमी अपनी मौत से पहले गया था।

# कोरोना व इन्फ्लुएंजा को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोविड और इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों की देखते हुए लंबे अंतराल के बाद शनिवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बैठक में मौजूद स्थिति पर चर्चा हुई। इस बैठक हालत से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

डीडीएमए के अध्यक्ष और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया कि अभी मास्क की अनिवार्यता को लागू नहीं किया जाएगा, लेकिन शारीरिक दूरी, हाथों की स्वच्छता, अस्पतालों की तैयारी आदि जैसे प्रोटोकॉल का हर संभव पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मंत्री कैलाश गहलोत समेत सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में पिछले दिनों तुर्की, सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप के मद्देनजर दिल्ली की स्थिति को देखते हुए यहां की तैयारियों का आकलन किया गया। बैठक में दिल्ली राज्य आपदा राहत बल गठित करने का भी निर्णय लिया गया है। झआपदा राहत स्वयंसेवकों के नामांकन और ट्रेनिंग के लिए आपदा मित्र योजना शुरू की गई है। योजना में अब तक 18 सौ स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित और नामांकित किया जा चुका है। डीडीएम ने स्वयंसेवकों



- डीडीएमए ने दिया निर्देश, स्वैच्छिक रूप से कोविड प्रोटोकॉल का करें पालन

की संख्या बढ़ाने, उन्हें प्रशिक्षित करने और आपदा के दौरान किसी भी सहायता की आवश्यकता वाले लोगों की पहुंच के लिए सभी स्तरों पर डीडीएमए की वेबसाइट पर उनके बारे में जानकारी आसानी से उपलब्ध कराने पर सहमति जताई।

भूकंप रोधी बिल्डिंग कोड के अनुसार दिल्ली के विशेष क्षेत्र और पुरानी दिल्ली के इलाके में सभी स्कूलों, अस्पतालों, पुलिस स्टेशन और अन्य महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों और कमजोर इमारतों के रिट्रोफिटिंग के काम को शुरू करने को कहा गया है। आपातकालीन स्थिति में प्रत्येक जिला और मंडल के स्तर पर अस्पतालों की पहचान करना आपात स्थिति में एंबुलेंस और बचाव दलों के लिए पहुंच के लिए संकरी गलियों को चौड़ा करने रेलवे, टेलीफोन नेटवर्क के साथ संपर्क स्थापित करना है।

## धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई का विशेष ध्यान दें

**नई दिल्ली।** त्यौहारों के दौरान नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र के राम नगर वार्ड का दौरा किया।

इस निरीक्षण के दौरान मंत्री इमरान हुसैन ने स्थानीय निवासियों के साथ व्यक्तिगत संवाद के साथ-साथ नवरात्रि, रमजान और महावीर जयंती के त्यौहारों के अवसर पर सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली नागरिक सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस मौके पर हुसैन ने कहा कि त्यौहारों, उत्सवों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक स्थलों पर जाकर प्रार्थना, नमाज अदा करते हैं।

# सरकार को गिराना चाहती है भाजपा : आप

- राघव चड्ढा ने कहा, अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में दे रहे धमकियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में विधायकों को धमकियां देकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नीत सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। दिल्ली विधानसभा में भाजपा के आठ विधायक हैं।

आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पार्टी के विधायकों को दो विकल्प दे रही है-या तो उन्हें भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए या सीबीआई-ईडी उन्हें जेल में डाल देगी। भाजपा दिल्ली विधानसभा के मौजूदा सत्र के दौरान केजरीवाल सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की योजना बना रही है।

चड्ढा ने कहा, विधानसभा में आप के पास 62 विधायकों के साथ प्रचंड बहुमत है। भाजपा के पास आठ विधायक हैं, लेकिन पार्टी अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में विधायकों को खरीदकर सरकार को गिराना चाहती है, ठीक वैसे ही जैसे मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में सरकारें गिरीं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा हमारे विधायकों को दो विकल्प दे रही है कि या तो भाजपा में शामिल हों या फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उन्हें जेल में डाल देगा।



# राजौरी गार्डन में छुट्टे पैसे को लेकर 2 डिलीवरी बॉय को पीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजौरी गार्डन में छुट्टा पैसे को लेकर कहासुनी होने पर कुछ लोगों ने एक ऑनलाइन किराना (ग्रोसरी) कंपनी के दो डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार को हुई। उसने बताया कि ऑनलाइन किराना स्टोर ब्लिंकइट के डिलिवरी बॉय अमन और गुरपाल सिंह एक ग्राहक के घर पर सामान पहुंचाने गए थे, जिसने उनपर कथित रूप से हमला किया।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनध्याम बंसल के अनुसार, सिंह ने अपने बयान में आरोप लगाया कि वह 1655 रुपए का सामान पहुंचाने तरूण सूरी के घर पर गए थे, जिन्होंने छुट्टे पैसे नहीं होने पर दुर्व्यहार करना शुरू कर दिया।बंसल के मुताबिक, उसके बाद तीन -चार लोगों ने दोनों डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट की। ब्लिंकइट के एक प्रवक्ता ने कहा, हमने अधिकारियों को जांच में सहयोग के लिए जरूरी सहयोग संबंधी निर्देश जारी किए हैं। अपने डिलीवरी सहयोगियों की सुरक्षा एवं कल्याण हमारे लिए सर्वोपरि है। हमने प्रभावित डिलीवरी सहयोगी के इलाज की भरपाई के लिए कदम उठाए हैं, ताकि उन्हें इस स्थिति से उबरने के लिए जो भी जरूरी हो, मिले।

# निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में युवक गिरफ्तार

- भारत की स्वास्थ्य कंपनी में डीलर बनाने के नाम लिए रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान बदरपुर निवासी कप्तान के रूप में हुई है।

अधिकारी के अनुसार, पुलिस को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा की गई 6.38 लाख रुपये से अधिक की ऑनलाइन धोखाधड़ी के संबंध में एक शिकायत मिली थी, जिन्होंने खुद को जापानी निवेशक बताया था और शिकायतकर्ता से कहा था कि वे भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करना चाहते हैं। आरोपियों ने कृष्णा एंटरप्राइजेज नामक कंपनी से स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक कच्चे माल की कीमत में मोलभाव करने के लिए शिकायतकर्ता से संपर्क किया था और बाद में कहा था कि अगर उन्हें कम कीमत पर पर्याप्त मात्रा में सामग्री मिलती है तो उसे कमीशन दिया जाएगा। आरोपी ने शिकायतकर्ता को कंपनी का डीलर बनाने का झूठा आश्वासन देकर उससे 6,38,700 रुपए लिए।

## संक्षिप्त समाचार




प्रथम गोसाईं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

### प्रथम गोसाईं की पारी से वोकेशनल कॉलेज जीता

**नई दिल्ली।** मैन ऑफ द मैच प्रथम गोसाईं (47 गेंदों पर 81 रन) की पारी से कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज ने प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे- नाईट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज को 4 गेंद शेष रहते हरा दिया। एक अन्य मैच में जाकि हुसैन कॉलेज ने आईजीआईपीईएसएस को चार विकेट से हराया। पीजीडीएवी कॉलेज मैदान में खालसा कॉलेज ने टॉस जीतकर 20 ओवरों में 5 विकट पर 158 रन बनाए। शिवांश ने 62 गेंदों पर 85 रन बनाए । वोकेशनल कॉलेज ने 19.2 ओवरों में 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरे मैच में आईजीआईपीईएसएस को 109 रनों पर रोक जाकिर हुसैन कॉलेज ने 18.2 ओवरों में 6 विकट खोकर 112 रनों के साथ लक्ष्य को पा लिया। अभिन्न गिलोत्रा ने 53 गेंदों पर 56 रन बनाए उन्होंने मैच ऑफ द मैच चुना गया।

### गृहमंत्री करेंगे वैदिक पोर्टल का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र का 36वां स्थापना दिवस 19 से 24 मार्च तक जनपथ स्थित आईजीएनसीए परिसर में मनाया जाएगा। आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने बताया कि स्थापना दिवस आयोजन के दौरान 23 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह वैदिक हेरिटेज पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशनरेड्डी भी उपस्थित रहेंगे। यह पोर्टल हमारी वैदिक ज्ञान परम्परा के बारे में शोधकर्ताओं को गहरी समझ विकसित करने में तो मदद करेगा ही, साथ ही आम लोगों को भी वेदों के बारे में सामान्य समझ विकसित करेगा। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला न्यास के अध्यक्ष रामबहादुर राय और सदस्य सचिव प्रो. (डॉ.) सच्चिदानंद जोशी के कुशल नेतृत्व में आईजीएनसीए की यात्रा निरंतर जारी है।

### पोचनपुर बॉयज ने जीता खिताब



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम पोचनपुर बाल प्राथमिक स्कूल की फुटबॉल टीम ने लीग टूर्नामेंट में सभी टीमों में प्रथम स्थान प्राप्त करके प्रतिष्ठित दिल्ली यूथ लीग का खिताब जीत लिया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इन बच्चों को एमसीडी आयुक्त ज्ञानेश भारती एवं उपायुक्त, नजफगढ़ जोन, प्रदीप कुमार का समर्थन मिलता रहा है । भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली नगर निगम ने पिछले साल दिल्ली के नजफगढ़ जोन में 'ग्रासरूट लेवल फुटबॉल' एकेडमी की स्थापना की थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निगम स्कूलों में खेलों को बढ़ावा देना और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए खेल हेतु बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना है । दिल्ली नगर निगम ने 19 मार्च को आयोजित होने वाले एक पुरस्कार समारोह में विजयी टीम को सम्मानित किया जाएगा।

# 'वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से... वो और थे जो हार गए आसमान से'

## दिल्ली विश्वविद्यालय में 'साइबर सुरक्षा और जागरूकता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

- तकनीकी युग में साइबर सुरक्षा बेहद जरूरीः गीता भट्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एनसीवेब, दिल्ली पुलिस और हंसराज महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'साइबर सुरक्षा और जागरूकता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस सेंटर में किया गया।

एनसीवेब की निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने फहीम जोगापुरी की पंक्ति 'वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से... वो और थे जो हार गए आसमान से' का उल्लेख करते हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, पौधा और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा नाटक का मंचन और नृत्य प्रस्तुति दी है। एनसीवेब की निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के तकनीकी युग में साइबर सुरक्षा और जागरूकता की बेहद जरूरत है। उन्होंने साइबर एक्सपर्ट विनोद वालिया के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि दिल्ली पुलिस के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने सतर्कता पर बल दिया। उसके बाद इंटरनेट की निजी जानकारी किसी से भी साझा न करने पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए साइबर सुरक्षा को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की कड़ी में अनिवार्य कदम बताया। इसके बाद एनसीवेब हंसराज महाविद्यालय केंद्र की छात्राओं द्वारा स्वरचित काव्यपाठ किया गया।

साइबर कार्यशाला में साइबर एक्सपेर्ट विनोद वालिया ने छात्राओं से संवाद किया और साइबर अपराध और धोखाधड़ी के सभी पहलुओं की जानकारी दी। एनसीवेब निदेशक गीता भट्ट और उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने के. रमेश, रश्मि शर्मा, प्रो. अवधेश कुमार, हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रमा शर्मा, एनसीवेब निदेशक प्रो. गीता भट्ट, हंसराज महाविद्यालय केंद्र, महाराजा अग्रसेन केंद्र, सत्यवती महाविद्यालय केंद्र के टीचिंग, नॉन-टीचिंग स्टाफ और विद्यार्थियों, नाट्य प्रस्तुति, नृत्य प्रस्तुति और स्वरचित कविता पाठ करने वाली छात्राओं, एनसीवेब केंद्र के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, आयोजन समिति के सभी सदस्यों और छात्राओं का धन्यवाद किया।

इस कार्यक्रम में हंसराज महाविद्यालय केंद्र, महाराजा अग्रसेन केंद्र, सत्यवती महाविद्यालय केंद्र और पीजी केंद्र की 1000 से अधिक छात्राएं शामिल थीं।




मुक्केबाज अरुंधति को सम्मानित करते डीसीपी सागर सिंह कलसी, साथ में निदेशक गीता भट्ट हौसला अफजाई करतीं हुईं।

# 15 सोसायटी के स्ट्रक्चरल ऑडिट के पहले फेज पर रेजीडेंट्स ने दी राय

## प्रशासन की पहल पर एजेंसी, आरडब्ल्यूए व बिल्डर्स के बीच हुई बातचीत

## दूसरे फेज की ऑडिट प्रक्रिया अप्रैल महीने से होगी शुरू

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


प्रशासन की पहल पर एजेंसी, आरडब्ल्यूए व बिल्डर्स के बीच बातचीत में मौजूद सदस्य।

**लाईसेंस** क्षेत्र की 15 हाउसिंग सोसायटीज के स्ट्रक्चरल ऑडिट की प्रक्रिया का पहला फेज पूरा हो गया। प्रशासन ने पहले फेज की प्रक्रिया के दौरान संबंधित आरडब्ल्यूए तथा ऑडिट करने वाली एजेंसियों के बीच बात की पहल की, ताकि इस दौरान रही किसी कमी को समय रहते जांच में शामिल किया जा सके। इस संबंध में शनिवार को आयोजित बैठक में संबंधित बिल्डर्स के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता डीसी निशांत कुमार यादव ने की।

बैठक मुख्य रूप से स्ट्रक्चरल ऑडिट का पहला फेज पूरा होने के दौरान पेश आए विषयों के समाधान को लेकर आयोजित की गई थी। इसमें आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से डीसी ने ऑडिट एजेंसी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और इसके दायरे में विस्तार संबंधित विषयों पर चर्चा की। कई आरडब्ल्यूए द्वारा दिए गए सुझावों पर डीसी ने ऑडिट एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट में जो सुझाव शामिल होंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई का फैसला लिया जाएगा कि किस तरह की रिपेयरिंग या बदलाव की जरूरत है। इस प्रक्रिया में भी संबंधित सोसायटी के निवासी आरडब्ल्यूए के माध्यम से अपना पक्ष रख सकेंगे। उनकी सहमति के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। बैठक में निवासियों ने डीसी से शिकायत की कि कुछ बिल्डर्स अपने स्तर पर स्ट्रक्चर का एनडीटी (नॉन-डिस्ट्रेक्टिव टेस्ट) करवा रहे हैं। इस पर डीसी ने स्पष्ट किया कि बिल्डर अपने स्तर पर किसी भी तरह का टेस्ट करवाने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन प्रशासन द्वारा निर्धारित एजेंसी और प्रक्रिया के तहत होने वाले टेस्ट की रिपोर्ट ही मान्य होगी। ऑडिट एजेंसियों के प्रतिनिधियों को डीसी ने निर्देश दिए कि ऐसे स्ट्रक्चर की भी पहचान करें जो इमारत के लिए बेशक खतरा नहीं है। उसमें सुधार या रिपेयरिंग की गुंजाइश महसूस होती हो।

**तेजी से किया जा रहा चिंटेल्स पैराडिसो का ऑडिट :** बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि चिंटेल्स पैराडिसो सोसायटी के टावर डी, ई और एफ की रिपोर्ट आ चुकी है। इन्हें स्ट्रक्चरल ऑडिट करने वाली एजेंसी ने अनसेफ बताया है। अभी सभी टावर्स की ऑडिट प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। उम्मीद है अगले डेढ़ से दो महीने में यह पूरी हो जाएगी। सभी 9 टावर्स की रिपोर्ट आने के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फ्लैट्स की वेल्यूएशन रिपोर्ट के बाद निवासियों की आपत्तियां और सुझाव सुनकर स्वतंत्र एजेंसी से दोबारा मूल्यांकन करवाया गया है।

# जीवन के लिए संजीवनी है रक्त, जरूर करें दान: बोधराज सीकरी


गुरुग्राम की गलेरिया मार्केट में शिविर में रक्तदान करते लोग।

**गुरुग्राम।** लायंस क्लब गुरुग्राम सिटी द्वारा गलेरिया मार्केट में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बोधराज सीकरी के आह्वान से पंजाबी बिरादरी महा संगठन और हरियाणा ऑटो चालक संघ के सदस्य आगे आए और रक्तदान किया। संदीप कुमार चेयरमैन लायंस ब्लड बैंक और प्रमोद सलूजा अध्यक्ष, श्रवण गुप्ता, धर्मबीर तनेजा, कर्नल सुनील सोबती, विधु कालरा और डॉक्टर सीएस कालरा ने इस शिविर के आयोजन का कार्यभार सम्भाला।

बोधराज सीकरी ने लोगों को प्रोत्साहित कर रक्त दान के लाभ बताए। साथ ही कहा कि रक्तदान आपातकाल की स्थिति में जरूरतमंद मरीज के लिए संजीवनी की तरह काम करता है। हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंसान के रक्त का आज तक कोई विकल्प नहीं बना है। इसलिए मरीज को रक्त दान करके ही हम ठीक कर सकते हैं। इस शिविर में योगेश शर्मा महा मंत्री हरियाणा ऑटो चालक संघ ने बोधराज सीकरी के आह्वान पर अपने सदस्यों के साथ शिरकत की और रक्तदान किया। उनके साथ गलेरिया मार्केट के प्रधान बंटी, ताती, अजय कुमार, सुनील राघव आदि ने सहयोग दिया। पंजाबी बिरादरी की ओर से धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, ओपी कालरा और उमेश ग्रोवर उपस्थित रहे। गलेरिया मार्केट के प्रधान नीरज यादव और एस्टेट मैनेजर तुलक भारद्वाज की भी मौजूद रही। धर्मेन्द्र बजाज ने रक्त दान देकर युवाओं को प्रेरणा दी।

# संक्षिप्त समाचार

## रुचि बनीं श्रेष्ठ स्वयं सेविका तो शुभम बना बेस्ट वॉलंटियर छात्र


राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन समारोह पर स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कैंप के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्रांगण में श्रमदान कर महाविद्यालय की साफ-सफाई की। कैंप की सभी गतिविधियों के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर रूचि को बेस्ट वॉलंटियर छात्रा के खिताब से नवाजा गया, वहीं शुभम को बेस्ट वालंटियर छात्र चुना गया। अंकित को सर्वश्रेष्ठ छात्र लीडर चुना गया तथा पलक ने बेस्ट लीडर छात्रा का खिताब जीता। महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ. कृष्णा मल्हान ने कैंप के सफल आयोजन पर सभी स्वयंसेवकों एवं एनएसएस प्रभारी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस कैंप में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि उन्होंने जो भी शिक्षा इस कैंप में हासिल की है उसे अपने मित्रों एवं अपने परिवार के सदस्यों तक पहुंचाए। उन्होंने सभी को जीवन में अत्यधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. हरीश कुमार एवं डॉ. मोनिका सहरावत ने कहा कि इस कैंप को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के सभी स्टाफसदस्यों ने भरपूर सहयोग दिया है। इस मौके पर डॉ. मीनू शर्मा, मुकेश कुमारी, रीना, विजयवीर, रसायन विभाग से पूजा, शीला सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

## गुरुग्राम में चौथे बैच में प्रशिक्षण ले 307 आपदा मित्र हुए तैयार



**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) गुरुग्राम द्वारा संचालित आपदा मित्र प्रशिक्षण के बाद शनिवार को चौथे बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस दौरान सिविल डिफेंस वालंटियर्स, पुलिस, अग्निशमन कर्मचारी, ग्राम सचिव, नर्सिंग स्टाफ, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी, एनसीसी और एनएसएस के कुल 68 आपदा मित्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रदेश सरकार द्वारा किसी हादसे या आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए आपदा मित्र तैयार किए गए हैं। जिला उपायुक्त एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में आपदा मित्र तैयार हुए हैं। गुरुग्राम में आपदाओं से निपटने के लिए 307 आपदा मित्रों को व्यवहारिक रुप से प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रधान नरेंद्र मोदी एवं अध्यक्ष राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की प्रेरणा से समस्त भारत में आपदा मित्र तैयार किए जा रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह की देखरेख में हरियाणा सहित देश के सभी राज्यों में इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। जिसमे एक लाख स्वयं सेवक तैयार किए जा रहे हैं। गुरूग्राम जिले में भी अब तक 307 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। हिपा द्वारा 307 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय रेगुलर प्रशिक्षण के चार बैच में ट्रेनिंग दी गई। 46 आपदा मित्रों का पहला बैच 23 जनवरी, 72 का दूसरा बैच 6 फरवरी, 121 का तीसरा बैच 20 फरवरी, 68 का चौथा बैच 6 मार्च को प्रारंभ हुआ। किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे आपदा मित्रों की ट्रेनिंग आज संपन्न हो गई। शनिवार को प्रशिक्षण उपरांत सभी को प्रमाण पत्र वितरित कार्यक्रम में हिपा के डॉक्टर भुवन कुमार, सिविल डिफेंस के डिप्टी चीफ वार्डन एवं पीआरओ संजय चुघ सहित चीफ वार्डन मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में तसलीमा बनी दूसरी बार चैम्पियन



**सोहना।** निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह महाविद्यालय चली दो दिवसीय वर्षीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों में बिलाल और छात्राओं तसलीमा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनी। तसलीमा ने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यातिथि कॉलेज चेयरमैन रविन्द्र मन्हास ने पुरस्कार वितरण किए। शुक्रवार को निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरूआत की गई थी। जिसका शनिवार को समापन हो गया। निरंकारी कॉलेज में यह विद्यार्थियों की 39वीं खेलकूद प्रतियोगिता थी। जिसमें 200 के लगभग अलग-अलग प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने खेलकर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सभी खिलाड़ियों को मुख्यअतिथि रहे चेयरमैन रविन्द मन्हास ने विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि का पुरस्कार समृद्धि चिह्न के साथ दिया गया। मुख्यतिथि रविन्द्र मन्हास ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग होते हैं।

# बच्चे में एच3एन2 संक्रमण की पुष्टि के बाद अलर्ट पर स्वास्थ्य विभाग

## बच्चे में एच3एन2 संक्रमण की पुष्टि के बाद अलर्ट पर आया स्वास्थ्य विभाग

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल।




**गुरुग्राम** में तीन साल पहले 16 मार्च 2020 को कोरोना की दस्तक के ठीक तीन साल बाद एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए संक्रमण ने भी दस्तक दे दी है। यहां मात्र 4 साल के बच्चे में यह संक्रमण पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस केस की पुष्टि के साथ ही जिला के सभी छोटे-बड़े अस्पतालों को अलर्ट जारी कर दिया गया है।

जो बच्चा एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए से संक्रमित मिला है, उसे पिछले एक सप्ताह से सर्दी, जुकाम और खांसी के साथ बुखार की शिकायत थी। 15 मार्च को उसके सेंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए और रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। खास बात यह है कि बच्चा कहीं बाहर भी नहीं गया था। उसकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इसके बावजूद वह इस नए संक्रमण का शिकार हो गया। बच्चे के परिवार में 7 सदस्य हैं, सभी को स्वास्थ्य विभाग ने अपनी निगरानी में रखा है। साथ ही बच्चे को होम आइसोलेट कर दिया गया है। जरूरी ऐहतियात बरतने के लिए परिवार को विभाग की ओर से जागरुक किया गया है।

**अब तक 136 संदिग्ध केस मिले:** गुरुग्राम जिला में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। निजी अस्पतालों में कई दिन से इसके पॉजिटिव केस आने की बातें की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की सूची में अब तक 136 संदिग्ध केस मिले हैं। उनके सेंपल लेकर जांच को भेजे गए हैं। एक बच्चे में पुष्टि होने के बाद से संदिग्ध केसों पर और पैनी नजर रखी जा रही है।

**सेक्टर-10 अस्पताल में बनाया गया है डेडिकेटेड वार्ड :** सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव के मुताबिक सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए को लेकर तैयारियां की गई हैं। यहां इस संक्रमण के प्रभावितों को भर्ती करने के लिए डेडिकेटेड वार्ड बनाया गया है। जरूरी दवाइयां व अन्य सुविधाएं वहां उपलब्ध कराई हैं। सभी जांच सुविधाएं और किट उपलब्ध हैं।

सिविल सर्जन का कहना है कि एक बच्चे में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए की पुष्टि जरूर हुई है, लेकिन कोई घबराने की बात नहीं है। बचाव के लिए आम आदमी भी मास्क जरूर पहनें। अधिक भीड़भाड़ से बचें। नियमित व्यायाम करते हुए पानी भरपूर मात्रा में पीएं। रात को सोने से पहले भाप लें। किसी में लक्षण नजर आते हैं तो 5-7 दिन के लिए परिवार व अन्य सदस्यों से दूरी बनाकर रखें।

# शोध ही मानवता को आगे बढ़ाता है : संदीप मलिक

## सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज में शोध पद्धति पर सेमीनार शुरू

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज में शोध पद्धति पर सेमीनार का शुभारंभ करते अतिथि।

**शोध** ही मानवता को आगे बढ़ाता है। जिज्ञासा शोध को लिए प्रेरित करती है। इसी जिज्ञासा तथा दशकों के शोध ने हमें एक सभ्य समाज के तौर पर विकसित किया है। यह बात फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर एमडीयू रोहतक के निदेशक संदीप मलिक ने कही। वे शनिवार को यहां महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सीपीएएस) में शोध पद्धति एवं अभ्यास पर 14 दिवसीय कार्यशाला में पहुंचे थे।

सेंटर के निदेशक डॉ. कैलाश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्थान कि विकास यात्रा से अवगत करवाया। डॉ. संदीप अग्रवाल ने कार्यशाला की विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 31 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य क्षमता निर्माण के साथ विभिन्न सामाजिक विज्ञान विषयों के शोधकर्ताओं को अंत: विषय दृष्टिकोण प्रदान करना है।

शहीद भगत सिंह कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्रो. पूजा गोयल ने शोधार्थियों को बताया कि हम थ्री आर, रिसर्च, रिसोर्सेज एंड रेप्टीशन के द्वारा हम रिकग्निशन, रेप्युटिओं एंड रिकमेन्डेशन हासिल कर सकते है। प्रो. गोयल ने कहा कि अनुसंधान वह पहली छाप है, जो एक हितधारक किसी शैक्षणिक संस्थान के बुनियादी ढांचे को देखने और संकाय से मिलने से पहले ही उसके लिए बनाता है। इसलिए एक शिक्षाविद् के रूप में हमें अपने शोध परिणामों में सुधार करना चाहिए, ताकि हम अपनी संस्था के बारे में एक वैश्विक छाप बना सकें।

फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर एमडीयू के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. माधुरी हुड्डा ने कहा कि शोधार्थी के रूप में हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि शोध का समाज पर एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, पर्यावरण, पारिस्थितिकी, राजनीतिक, आध्यात्मिक, तकनीकी, कानूनी, व्यवहारिक, जनसांख्यिकीय, जातीय या मानवतावादी प्रभाव हो। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. सुनील देवी ने किया तथा अंत में डॉ. सुरेंद्र नारा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सेंटर के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विभिन्न स्थानों से आये प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# बारिश संग हुई ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शनिवार** की दोपहर बाद सोहना और आस-पास क्षेत्र में तेज हवा और बारिश के साथ आए ओलो ने मौसम को ठंडा कर दिया। बारिश की शुरुआत में ओले 10 मिनट तक जमकर बरसे।

बेमौसम बारिश ने शहर के बाजारों से लेकर मुख्य रास्तों में जमा पानी ने परिषद की पोल खोल दी। शनिवार को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे हुई बेमौसम बारिश ने किसानों के रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया। तेज हवा और बारिश के साथ जमकर ओले बरसे। ओले बारिश की शुरूआत में हुए और उसके बाद बारिश का शहर के आम रास्तों से लेकर सड़क और बाजारों में जमा होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बरसाती नाले और नालियां पानी से लबालब हो गई। शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, मंगलनगर, महाराजा अग्रसेन चौक, अनाज व सब्जी मंडी, बालूदा मार्ग आदि में बारिश का पानी जमा हो गया।

### ओले पड़ने किसान हुआ परेशान

**गेहूं** और सरसों की फसल पूरे पकाव पर है। सरसों की फसल में कटाई शुरू हो गई है। जबकि गेहूं की फसल में अभी कटाई शुरू नहीं हुई है। शनिवार को ओले पड़ने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई है। गेहूं और सरसों की फसल का ओलो का कितना असर हुआ है। इसका अंदाजा रविवार की सुबह तक हो सकेगा।


शनिवार को हुई बारिश से शहर की पुरानी सब्जी मंडी मार्ग में जमा बारिश का पानी।

> **जब-जब** भी मौसम में अचानक से परिवर्तन होता है। तब-तब बुखार, जुखाम, खॉसी जैसी बीमारियां नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। ऐसे मौसम में नागरिकों को सावधानियां बरतने की जरुरत होती है।
>
> **दशरथ राव**
> **( एसएमओ नागरिक अस्पताल सोहना )**

### ठंडा हुआ मौसम

**शनिवार** को ओलो के साथ हुई बारिश से मौसम ठंडा हो गया। मौसम में अचानक से आए परिवर्तन का आम नागरिको के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव होने की संभावना है। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।

# सीवर लाइन की सफाई पर हर वर्ष 50 लाख खर्च करेगा जनस्वास्थ्य विभाग

## उच्चाधिकारियों से मंजूरी मिलते ही सीवर लाइन की सफाई का कार्य शुरू होगा नये सिरे से

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में गंदे नालों व सीवर की सफाई करते कर्मचारी।

**जनस्वास्थ्य** विभाग नगर परिषद के शहरी सीमा क्षेत्र के 21 में से 16 वार्ड में बिछी सीवर लाइन की सफाई पर हर वर्ष 50 लाख रुपये खर्च करेगा। विभाग ने तीन वर्ष के लिए एक करोड़ 51 रुपये में ठेका छोड़ दिया है। उच्चाधिकारियों से मंजूरी मिलने के साथ ही सीवर लाइन की सफाई का कार्य नये सिरे से शुरू हो जाएगा।

नगर परिषद के वार्ड 1, 2, 3, 4 और 7 ग्रामीण क्षेत्र में आता है। इन सभी वार्डों में आने वाले गांवों में सीवर लाइन नहीं डाली गई है। जिसमें रायसीना, राम नगर की ढाणी, मौहम्मदपुर गूर्जर, गुंडवास, धुनेला, बेरका, सिरसका, लोहटकी, खाईका, बालूदा, लाखूवास और वार्ड-20 का गांव सांप की नंगली शामिल है। शहरी क्षेत्र में आने वाले वार्ड 5,6,8,9,10 से लेकर 21 तक आते हैं। जिसमें शहरी क्षेत्र की 35 के लगभग कॉलोनियां और जखोपुर व रायपुर दो गांव शामिल है। जखोपुर में सीवर लाइन पूर्णरुप से चालू नहीं हो सकी है। शहरी क्षेत्र की वे 19 कॉलोनियां भी शामिल है। जिनमें 2018 में सीवर लाइन तो बिछा दी गई। लेकिन 4 वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के बाद आज तक भी पूर्णरुप से चालू नहीं हो सकी है। जिसका खामियाजा स्थानीय नागरिक भुगतना पड़ रहा है।

**हर वर्ष 50 लाख खर्च होंगे :** जनस्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में तीन साल तक सीवर लाइन की साफ-सफाई का ठेका छोड़ा है। जिनसे परिषद के 16 वार्ड की करीब 35 कॉलोनियों में 50 लाख रुपये खर्च होंगे। पुरानी व नई सीवर लाइन को आपस में जोड़ना शामिल होगा। सीवर का पानी परिषद के वार्ड-10 के गांव जखोपुर में बना एसपीटी प्लांट तक ले जाया जाएगा।

> **सीवर** लाइन का ठेका हाल ही में सामाप्त हो गया था। जिसे दोबारा से तीन साल के लिए फिर से छोड़ा गया है। उनका विभाग तीन वर्ष में सीवर लाइन की साफ-सफाई पर एक करोड़ 51 लाख रुपये खर्च करेगा।
>
> **ओमप्रकाश**
> **( एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग )**

# रबर टू रियल... त्वचा जैसा वास्तविक परम आनंद दिलाने के लिए ड्यूरेक्स ने लॉन्च किया अपना नॉन-लैटेक्स कंडोम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**दुनिया** के नंबर 1 सेक्सुअल वेलबीइंग ब्रांड ड्यूरेक्स ने अपनी तरह की पहली नॉन.लैटेक्स कंडोम रेंज ड्यूरेक्स रियल फील को लॉन्च किया है। रियल फील पॉलीआइसोप्रीन सामग्री से बना हैए जो लैटेक्स रबर की तुलना में अधिक मुलायम है और ये पार्टनर को स्किन ऑन स्किन अनुभव प्रदान करता है। इस लॉन्च के साथए ब्रांड का उद्देश्य त्वचा जैसा प्राकृतिक अनुभव प्रदान करते हुए लोगों के बीच यौन गतिविधियों को सुरक्षित ढंग से बढ़ावा देना है।

ड्यूरेक्स उपभोक्ता सर्वेक्षण से पता चला है कि लोगों द्वारा कंडोम का उपयोग बंद करने की सबसे बड़ी वजह है, इसका कम आनंददायक होना। एक सामान्य कंडोम का रबर जैसा अनुभव उस क्षण के आनंद को कम कर देता है। ड्यूरेक्स रियल फील उपभोक्ताओं को वास्तविक त्वचा जैसा अहसास प्रदान करता है, जो बेडरूम में वास्तविक और प्राकृतिक यौन अनुभव की सुविधा देता है। यह लॉन्च अद्वितीय है और यह भारत के सबसे उन्नत कंडोम सामग्री से बना है, जो उपभोक्ताओं को अपने पार्टनर के साथ भावनात्मक और शारीरिक को और अधिक मजबूत करने में मदद करता है। डिलेन गांधी, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टरए साउथ एशिया. हेल्थ एंड न्यूट्रीशन, रेकिट, ने कहा, भारत में सबसे बड़े कंडोम ब्रांड्स में से एक के रूप में ड्यूरेक्स लगातार नवाचार कर रहा है और कपल्स के लिए नए अनूठे प्रोडक्ट्स पेश करता है। ड्यूरेक्स रियल फील कंडोम सुरक्षा के साथ समझौता किए बगैर वास्तविक त्वचा का अहसास प्रदान कर बहुत से लोगों की बगैर कंडोम सेक्स करने की इच्छा का पूरा करता है। पॉलीआइसोप्रीन रबर का उपयोग कर बनाई गई कंडोम की नई रेंज, जो नॉन.लैटेक्स है और प्राकृतिक रबर लैटेक्स की तुलना में अधिक नरम है। जो कपल्स को अधिक अंतरंग और प्राकृतिक सेक्स अनुभव प्रदान करता है। बॉबी पवार, चेयरमैन और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, हवस ग्रुप इंडिया ने कहा, सेक्सुअल वेलनेस मार्केट लगातार विकसित हो रहा हैए और पिछले कुछ सालों में हमने कई नए इन्नोवेशन, विशेषकर कंडोम श्रेणी में देखे हैं। भारत जैसे बाजार के लिएए जहां उपभोक्ता कंडोम का उपयोग करने के बजाय असुरक्षित यौन संबंध बनाना पसंद करते हैं क्योंकि यह वास्तविक आनंद नहीं देता है और अहसास को कम कर देता हैए हमने ऐसा टीवी कमर्शियल बनाया है। जो लोगों को यह महसूस करने में मदद करता है कि रियल फील उनके सेक्स अनुभव में अधिक आनंद और अहसास को बढ़ाने में मदद करेगा। रियल फील केवल एक सामान्य कंडोम नहीं है, यह भारत की सबसे उन्नत सामग्री से बना है। जो स्किन ऑन स्किन अहसास को बढ़ावा देता है। नया ड्यूरेक्स रियल फील टीवीसी यह दिखाता है कि कैसे ये उत्पाद प्राकृतिक त्वचा जैसे अहसास के साथ उपभोक्ता के बेडरूम अनुभव को बढ़ाता है। प्रसिद्ध विज्ञापन फिल्म निर्माताए दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशितए नया टीवीसी समुद्र तट पर छुट्टी का आनंद ले रहे एक जोड़े के आसपास घूमता है और ब्लैक एंड व्हाइट से कलर ग्रेडिएंट में स्विच करना दर्शाता है कि ड्यूरेक्स का वास्तविक अहसास कपल्स के सांसारिक यौन अनुभव को कैसे जीवंत बना देता है।

# छोटे उद्योगों में बिजली संबंधी नियम पर नवीन गोयल के पत्र पर राव इंद्रजीत ने की पैरवी


नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने छोटे उद्योगों का निर्बाध संचालन के लिए अलग से ट्रांसफर लगाने के नियम में ढील देने की मांग की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह को उन्होंने इस बाबत पत्र लिखा। उस पत्र को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह को भेजकर उचित कार्यवाही के लिए पैरवी की है।

नवीन गोयल ने कहा कि उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर उद्योगपतियों को सुविधाओं में इजाफा करके हरियाणा सरकार सहयोग करती है। कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान प्रभावित हुए उद्योगों को आकर्षक योजनाएं चलाकर सरकार पटरी पर लायी है। नवीन गोयल ने पत्र में कहा है कि गुरुग्राम में छोटी इंडस्ट्रीज का इलेक्ट्रिक लोड 50 केवीए से ऊपर होने पर अपना अलग से ट्रांसफार्मर लगाना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि गुरुग्राम की छोटी इंडस्ट्रीज को 100 केवीए तक का इलेक्ट्रिक लोड बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर से ही कनेक्शन दिया जाए। इस मांग को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भी ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह को इस पत्र का हवाला देकर अपनी ओर से पत्र प्रेषित किया है। साथ ही कहा है कि इस समस्या का जल्द से जल्द निवारण करके छोटे उद्योगों को राहत प्रदान की जाए। नवीन गोयल ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही छोटे उद्योगों को प्रदेश सरकार की ओर से यह तोहफा मिलेगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने नवीन गोयल के इन प्रयासों पर कहा कि उद्योगों के हित में यह कार्य बेहतर होगा।

# नशे से छुटकारा दिला रहा है जिले का ओएसटी सेंटर

## बीके अस्पताल परिसर में पिछले दस साल से चल रहा है ओएसटी सेंटर

कविता। फरीदाबाद

**इंजेक्शन** से नशा करने वाले लोगों को इस आदत से निजात दिलाने के लिए बीके अस्पताल में गत नौ मई 2013 को एक ओएसटी (ओपियो सब्सीट्यूट थैरेपी) सेंटर शुरू हुआ था। इस सेंटर में पहले सिर्फ पुरूष आ रहे थे। लेकिन अब महिलाएं भी नशे से छुटकारा पाने के लिए आ रही है।

ओएसटी सेंटर में इंजेक्शन से नशा लेने वालों को गोलियों द्वारा नशे की लत से छुटकारा दिला रहे हैं। पिछले दस वर्षो में यहां 440 मरीज आए हैं, लेकिन चार पूरी तरह से नशा छोड़ चुके हैं। फिलहाल यहां 105 मरीजों का इलाज हो रहा है। शेष 331 लोगों में कुछ इलाज बीच में छोड़ गए। कुछ की मौत हो गई तो कुछ लोग फिर नशा ले रहे हैं। यहां दी जाने वाली गोलियों का कोई दुष्प्रभाव नहीं है। ओएसटी सेंटर में तैनात मेडिकल ऑफिसर डॉ. कर्नल मोहेन्द्र पाल साहनी ने बताया कि अब कुछ महिलाएं भी इंजेक्शन के नशे से छुटकारा पाने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग के ओएसटी सेंटर में आ रही है। फिलहाल 105 लोग नियमित रूप से आ रहे हैं।


नशा मुक्ति के लिए आए मरीजों को जागरुक करते डॉ. कर्नल मोहेन्द्र पाल और अनीता।

**अब तक 440 आए:** ओएसटी सेंटर कर्मी अनिता ने बताया कि यहां आने वाले मरीजों में कुछ तो खुद ही नशे से छुटकारा पाने को आ रहे है और कुछ एनजीओ की सहायता से आ रहे हैं। शुरूआत में मात्र चार लोग आते थे। वहीं पिछले दस सालों में यहां 440 मरीज आए हैं। इनमें से अधिकतर मरीज एनजीओ के सहयोग से आए हैं। कुछ मरीज खुद नशा छोड़ने को आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले मरीजों में कुछ की मौत हो गई है, जो किसी न किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे।

**दी जाती है गोलियां :** डॉ. कर्नल मोहेन्द्र पाल साहनी ने बताया कि ओएसटी सेंटर में आने वाले लोग जो इंजेक्शन से नशा लेने के आदी है। उन्हें इस नशे की लत से छुटकारा दिलाया जाता है। उन्होंने बताया कि यहां आने वाले लोगों को ऐसी गोलियां दी जाती है। जिनमें इंजेक्शन जितना ही नशा होता है। लेकिन इनका कार्य लोगों के नशे की लत को कम करना होता है। जब मरीज इन गोलियों का सेवन करता है तो उसकी डोज धीरे-धीरे कम कर दी जाती है। जिससे एक समय ऐसा आता है कि वह नशे की बुरी तल को पूरी तरह से भूल जाता है। उन्होंने बताया कि यहां पूरा इलाज मुफ्त होता है।

# सस्ते प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## यमुना आवास योजना की फर्जी वेबसाइट बनाकर आरोपी देते थे ठगी की वारदातों को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**साइबर** अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ प्रभारी नवीन उनकी टीम ने यमुना आवास योजना के तहत सस्ते दाम पर प्लॉट दिलाने की नाम पर सैंकड़ों लोगों के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसीपी साइबर क्राइम मोनिका ने प्रेस वार्ता बताया कि आरोपियों में मधुर, विनोद तथा अनूप उर्फ अमन शामिल हैं। विनोद और मधुर नोएडा और अनूप दिल्ली के मयूर विहार का निवासी है। एसीपी मोनिका ने बताया कि बड़े शहरों में अपना मकान बनाना कई लोगों का सपना होता है। परंतु कुछ साइबर ठग इनकी मेहनत की कमाई को चुटकियों में उड़ा लेते हैं। ऐसे ही एक साइबर अपराध का पर्दाफाश बल्लभगढ़ साइबर पुलिस ने किया है। जिसमें आरोपियों ने यमुना आवासीय योजना के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। लोगों को लॉटरी सिस्टम के द्वारा सस्ते प्लॉट उपलब्ध करवाए जाते हैं। जिसमें प्लॉट के साइज के अनुसार फीस जमा करवानी होती है और बाद में यदि लॉटरी में किसी व्यक्ति का नाम आ जाता है तो उसे सस्ते दाम पर प्लॉट मिल जाता है। इसके लिए उन्हें वाईईआईडीए की वेबसाइट पर रजिस्टर करना होता है।


पुलिस की गिरफ्त में साइबर ठगी करने का आरोपी गिरोह।

साइबर ठगों ने इस वेबसाइट के जैसी फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को सस्ते प्लॉट का लालच दिया और उनसे इस फर्जी वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद उनसे पैसे ऐंठने शुरू कर दिए। आरोपियों ने फरीदाबाद के रहने वाले तीन व्यक्तियों से 42 हजार, 31 हजार व 21 हजार रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। जब ग्राहकों अपना प्लॉट या पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने लौटाने से मना कर दिया। पीड़ितों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके तलाश शुरू की गई। मामले में पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों तथा साइबर तकनीकी के माध्यम से उक्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों के कब्जे से 01 लैपटॉप, 4 मोबाइल व 94 हजार रुपए नगद बरामद किए गए हैं जबकि आरोपियों के 34 लाख रुपये बैंक खातों में होल्ड करवाए गए हैं। आरोपियों को तीन मुकदमों में 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर मामले में पूछताछ शुरू की गई। जिसमें पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने यूपी, हरियाणा व दिल्ली में इस प्रकार की 690 वारदातों को अंजाम दिया है। उनके बैंक खातों से करीब 3.82 करोड़ रुपये का लेनदेन पाया गया है। पुलिस द्वारा इन मामलों में संबंधित थानों को सूचित किया जा रहा है। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है, वहीं मामले में शामिल अन्य आरोपियों की जांच की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# बिगड़ा मौसम, बूंदा-बांदी ने लोगों को करवाया ठंड का अहसास


बरसात से बचने का बाइक पर लिया छतरी का सहारा।

**फरीदाबाद।** दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है, हालांकि मौसम विभाग ने बरसात की सूचना पहले ही दी थी, लेकिन यह बरसात फसलों के लिए खतरनाक है। वहीं ठंड के कारण अस्पताल में भी भीड़ नजर आने लगी है। शनिवार को जहां पूरे दिन बादल छाए रहने और बूंदाबांदी से लोगों को ठंड का अहसास हुआ। वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई।

**बदला मौसम :** शनिवार को बूंदाबांदी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। दूसरी ओर हवा चलने से प्रदूषण से राहत मिली है। इस दौरान अधिकतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सुबह हल्के बादल छा रहे थे और दिन में धूप निकली थी। वहीं शनिवार को मौसम का मिजाज बिल्कुल बदल गया। दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर के समय कुछ समय के लिए हल्की धूप निकली। दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई और देर शाम तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम वैज्ञानिक महेश पहलावत ने मुताबिक शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31 दर्ज किया था, शनिवार को घटकर 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बूंदाबादी और तेज हवा से प्रदूषण स्तर में सुधार देखने को मिला। लोगों ने स्वच्छ हवा में सांस ली। शनिवार को फरीदाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक 182 दर्ज किया गया। जो प्रदूषण की मध्यम श्रेणी में आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीवर ओवरफ्लो से लोग दिख रहे हैं खासे परेशान



**फरीदाबाद।** पिछले काफी समय से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से परेशान संत सूरदास के ऐतिहासिक गांव सीही के लोगों ने समाजसेवी गोल्डी बरेजा को मौके पर बुलाया और रामलीला मैदान के सामने वाली गली दिखाकर अपनी व्यथा सुनाई। गांव के लोगों ने गोल्डी बरेजा को बताया कि गांव में शायद ही कोई ऐसी गली होगी जहां सीवर का पानी ओवरफ्लो ना हो रहा हो हमने सब जगह शिकायत की लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। समाजसेवी गोल्डी बरेजा ने तुरन्त नगर निगम एक्सईएन सुशील ठाकरान को फोन कर समस्या की जानकारी दी और फोटो खींचकर उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप भेज लोकेशन और स्थिति के बारे में उन्हें अवगत करवाया। जिसके बाद एक्शन ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इस पर गोल्डी बरेजा ने कहा कि अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान ना किया गया तो वे ग्राम वासियों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ कल्ला तेवतिया, चंद्र तेवतिया, जितेंद्र तेवतिया, सोनू ढुल, अनिल ढुल्ल, धर्मेंद्र डागर, फूल सिंह, रुपेश मलिक, धीरज मलिक, भगवत मलिक, जसराम मलिक, मोहर्रम देशवाल, मंगल खुटेला, भगत सिंह खुटेला, नरवीर बुरा, पप्पू फौजी आदि उपस्थित रहे।

### कूड़े के ढेर निगम भ्रष्टाचार की निशानी : डॉ. तंवर



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और फरीदाबाद निगम चुनाव इंचार्ज डॉ. अशोक तंवर ने फरीदाबाद में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उनके नेतृत्व में सदस्यता अभियान भी चलाया गया। वार्ड 27 में कार्यक्रम का आयोजन विजय बहादुर पाल ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि खट्टर सरकार ने भ्रष्टाचार और माफिया को संरक्षण देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि निगम के भ्रष्टाचार से फरीदाबाद का हर चौक और चौराहा पर कचरे का ढेर लगे रहते हैं। उन्होंने वार्ड 25 इतमापुर का दौरा किया और वहां लगे कचरे के ढेर देख कर खट्टर सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इन कचरे के ढेरों को साफ करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में आम आदमी पार्टी प्रदेश ही नहीं देश को भी नेतृत्व देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में जगह जगह लगे कूड़े के ढेर निगम के भ्रष्टाचार की निशानी है। आम आदमी पार्टी सरकारी तंत्र में सुधार लाएगी और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हरियाणा के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाएं और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाएगी। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, सूरज नेहरा, बसंत कर्दम, खेमी ठाकुर, अमन गोयल, रिंकू सिलानी और राकेश भड़ाना मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### संघर्ष रैली में भाग लेंगे हजारों सीटू कार्यकर्ता



**फरीदाबाद।** सभी बेरोजगारों को रोजगार देने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू करने, सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण और ठेका प्रथा पर रोक लगाने, चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने और स्कीम वर्कर्स व अस्थाई कर्मचारियों को पक्का करने सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी 5 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली संघर्ष रैली में फरीदाबाद से हजारों वर्कर भाग लेंगे। यह निर्णय सीटू कार्यालय में संपन्न हुई जिला कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपप्रधान मालवती ने की। जबकि कार्रवाई का संचालन जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार पिछले 9 साल से सत्तासीन है। इस सरकार ने बेरोजगारी को खत्म करने और सुशासन जैसे झूठे वायदे करके सत्ता हासिल की थी। लेकिन ना तो बेरोजगारी दूर हुई है। जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। कारखानों में काम करने वाले मजदूरों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं।आज सभी मेहनतकश वर्ग सड़कों पर आकर संघर्ष करने को मजबूर हैं। किसान अपने पैदावार के न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। 26 मार्च को मोहना गांव में किसानों की बैठक ली जाएगी। इसके बाद छठ मैया पार्क में आमसभा होगी। बैठक कामरेड शिवप्रसाद, विजय झा, कमलेश, सुधा, हेमलता, अरविंद, दयाराम, दिनेश सविता, ओमपाल, संतोष, जीनत, नीलम, पूजा गुप्ता, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### सीपी ने आदर्श नगर थाने का किया औचक निरीक्षण



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा निरीक्षण करने के लिए फरीदाबाद के बल्लभगढ़ जॉन में स्थित थाना आदर्श नगर पहुंचे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त के साथ डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह सहित अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त अपनी टीम के साथ पुलिस थाना आदर्श नगर पहुंचे जहां पुलिस आयुक्त को अचानक देख पुलिसकर्मी असमंजस में पड़ गए। थाना प्रभारी कुलदीप ने पुलिस आयुक्त को थाने का दौरा करवाया और रिकॉर्ड्स चेक करवाए। थाने में इससे पहले पुलिसकर्मियों के रहने के लिए बैरक तथा सामान रखने के लिए मालखाना मौजूद नहीं था। जिसे पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा तैयार किया जा रहा था जो कि अब पूरा हो चुका है। थाने के सौंदर्यीकरण के बारे में थाना प्रभारी को हिदायत देते हुए बताया कि थाने में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और थाने में अधिक से अधिक पौधे लगाकर थाने को हरा-भरा बनाया जाए।

### ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**फरीदाबाद।** एसी नगर के सामने रेलवे लाइन पार करते वक्त एक व्यक्ति की ताज एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। जब तक लोको पायलेट ने ट्रेन रोकी, उस समय तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। जीआरपी के पहुंचने के बाद ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हुई। ताज एक्सप्रेस दिल्ली से निकलने के बाद फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर सुबह 7:45 बजे रुकी। ठहराव के बाद ट्रेन पलवल की ओर चल दी, लेकिन एसी नगर के निकट एक व्यक्ति ट्रेन की पटरियां पार कर रहा था, उसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन के कई कोच शव के ऊपर से गुजर गए। इसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी। उधर इस घटना की जानकारी फरीदाबाद रेलवे स्टेशन अधीक्षक व अन्य अधिकारियों को मिलने के बाद जीआरपी को अवगत कराया गया।

# स्मार्ट मीटर, एग्रीगेट रेवेन्यू समय की आवश्यकता: वीएस मान



**फरीदाबाद।** निदेशक एचवीपीएन पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट हरियाणा वीएस मान की अध्यक्षता में एफआईए फरीदाबाद में फरीदाबाद और पलवल सर्कल के अधिकारियों एसडीओ, एक्सईएन, सेस और मंडल लेखाकारों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के विशेष ट्रेनर पुनीत शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्मार्ट मीटर, एग्रीगेट रेवेन्यू समय की आवश्यकता है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान तीन विषयों को कवर किया गया। इनमें स्मार्ट पैमाइश, स्मार्ट मीटर और बिलिंग सिस्टम के साथ इसके इंटरफेस के बारे में बुनियादी जानकारी पर विचार-विमर्श किया गया। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा सरकारी हिदायतों के अनुसार स्थानीय फरीदाबाद औद्योगिक एसोसिएशन के हाल में फरीदाबाद के कार्यकारी अभियंता और सबडिविजनल अभियंता की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पालवाल सर्कल ने स्मार्ट मीटर, एग्रीगेट रेवेन्यू आवश्यकता एआरआर और एनर्जी ऑडिट और एचवीपीएन पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पंचकुला द्वारा आयोजित एक दिन के प्रशिक्षण सत्र में विस्तार पूर्वक चर्चा कर बारीकी से की गई। वहीं कार्यशाला में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता पुनीत शर्मा, अधीक्षक अभियंता वीपी सिहाग प्रमुख वक्ता थे। कार्यशाला में मुख्य रूप से वक्ताओं ने बताया कि अगले वर्ष के लिए टैरिफ तय करने के लिए हर बिजली उपयोगिता को हर साल 30 नवंबर से पहले नियामक आयोग के समक्ष एआरआर दाखिल करना जरूरी होता है।

# एफएचआरएआई में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फेडरेशन** ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई), भारत की सर्वोच्च संस्था और आतिथ्य उद्योग की आवाज है। एफएचआरएआई ने 16 मार्च 2023 को नई दिल्ली में अपनी 66वीं एन्युअल जनरल मीटिंग (वार्षिक आम बैठक) आयोजित की। एजीएम के दौरान एफएचआरएआई के सदस्यों ने नई कार्यकारी समिति का चुनाव किया। शीर्ष उद्योग निकाय के मामलों का प्रबंधन करने के लिए भारत के पूर्व, उत्तर, दक्षिण और पश्चिम हर एक क्षेत्र से छह प्रतिनिधियों वाली एक चौबीस सदस्यीय टीम गठित की गई।

एजीएम के बाद फेडरेशन की नई कार्यकारी समिति की पहली बैठक हुई, जिसने सुदेश पोद्दार को एफएचआरएआई के नए अध्यक्ष के रूप में चुना। पोद्दार इसके पहले बतौर कोषाध्यक्ष कार्य कर चुके हैं। पोद्दार की गिनती होटल उद्योग के दिग्गजों में होती है। वे 1977 से आतिथ्य व्यवसाय में हैं। वे कोलकाता में कई रेस्तरां के मालिक हैं, जिसमें प्रतिष्ठित



70 वर्षीय चीनी रेस्तरां-सोंघाई और असम में सत्या होटल्स प्राइवेट लिमिटेड बैनर तले एक 4-सितारा होटल शामिल हैं। कार्यकारी समिति ने एफएचआरएआई के नए पदाधिकारियों का भी चुनाव किया, जो कार्यकारी समिति की ओर से फेडरेशन में नियमित मामलों की निगरानी करते हैं। सुरेंद्र कुमार जायसवाल, के. नागराजू और प्रदीप शेट्टी को होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ नॉर्दन इंडिया, द साउथ इंडिया होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन और होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया से उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। डीवीएस सोमाराजू को मानद कोषाध्यक्ष और टीएस वालिया को मानद सचिव चुना गया है। गुरबख्शीश सिंह कोहली और अमरवीर सिंह संयुक्त मानद सचिव के रूप में काम करेंगे।

अध्यक्ष चुने जाने के बाद सुदेश पोद्दार ने कहा कि होटल उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में अपने सबसे चुनौतीपूर्ण समय को देखा है और यह मेरा प्रयास होगा कि मैं आतिथ्य क्षेत्र के लिए अनुकूल वातावरण बनाने और कम से कम समय सीमा में यथासंभव प्रगति करने की दिशा में काम करूं। एफएचआरएआई के अध्यक्ष सुदेश पोद्दार ने कहा, हम भारत के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार और नीति-निर्माताओं के साथ जुड़ना जारी रखेंगे।

# सैंकड़ों लोगों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का फायदा

**फरीदाबाद।** भारत सरकार की 2025 तक टीबी मुक्त भारत की मुहिम को सफल बनाने के प्रयासों से भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय मुख्यालय एवं हरियाणा राज्य शाखा के संयुक्त रूप में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह एवं सचिव बिजेंद्र सौरोत के कुशल मार्गदर्शन में सन्त कबीर विद्या मंदिर विद्यालय ऑटोपिन फरीदाबाद के सहयोग से एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद ने कहा कि भारत सरकार का मुख्य उद्देश्य देश को टी बी मुक्त करना है। प्रधानमंत्री का विजन एक स्वस्थ भारत का निर्माण करना है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। हेल्थ चेकअप कैंप एवं स्क्रीनिंग कैंपों के माध्यम से लोगों में टी बी जैसी बीमारी का पता चलता है, जिसका समय रहते इलाज कराने में मदद मिलती है। इस शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद एवम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया।

# 3.34 करोड़ रुपये से बनेगा रेलवे फुट ओवरब्रिज

## सरकार आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रृंखला में कर रही है बेहतर विकास कार्यों का क्रियान्वयन

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शनिवार को मेवला महाराजपुर में लगभग 334 लाख रुपये की धनराशि से बनाए जाने वाले देश के सबसे पहले स्टेनलेस स्टील रेलवे फुट ओवरब्रिज की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अब अलग पहचान मिल रही है। सरकार आजादी के 75वे स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रृंखला में विकास कार्यों का क्रियान्वयन बेहतर से कर रही है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि यह आधुनिक तकनीकी से विकसित होने वाला देश में सबसे पहला रेलवे फुट ओवर ब्रिज मात्र छह महीने में बन कर तैयार किया जाएगा। यह ओवर ब्रिज स्टेनलेस स्टील का बनाया जाएगा। जोकि जंग रहित और मैन्टीनेंस फ्री होगा। इसके बनने से लोगों के रेलवे दुर्घटनाओं से होने वाली जानो की निश्चित तौर पर सुरक्षा होगी।


केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर लोगों को सम्बोधित करते हुए।

भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मेवला महाराजपुर में 334 लाख रुपये की धनराशि से बनने स्टेनलेस स्टील फूट ओवर ब्रिज के शिलान्यास के अवसर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार आजादी के 75वे स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रंखला में विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन करने का प्रयास कर रही है। शिक्षा, चिकित्सा,शमशान घाट,पीने के लिए स्वच्छ पेयजल सप्लाई की लाइन, बूस्टर, एलईडी लाइट, गन्दे पानी की निकासी के लिए बेहतर सीवरेज व्यवस्था तथा पार्को के सौन्दर्यीकरण सहित भू-जल स्तर को बनाए रखने और साथ ही गंदे पानी को शुद्ध करके पार्कों, उद्योग तथा अन्य कृषि क्षेत्रों में उपयोग में लाया जा रहा है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की 135 करोड़ की आबादी में 65 प्रतिशत युवाओं की आबादी है। सरकार युवाओं के रोजगार के लिए बेहतर नीतियां बनाकर उन्हें क्रियान्वित करने का प्रयास कर रही है। ताकि देश में कोई भी बेरोजगार युवा ना रहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद शहर को जेवर एयरपोर्ट के को जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे के बनने से क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। फरीदाबाद शहर आने वाले समय में विकास की नई दौड़ में शामिल होने जा रहा है। जिससे विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में फरीदाबाद को विश्व में अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली मथुरा एक्सप्रेस वे के बाद दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि इसके बाद फरीदाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक एक नया एक्सप्रेस में बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस वे 31 किलोमीटर लंबा होगा और छह लेन का बनाया जाएगा।

# दर्जनों वारदातों को अंजाम देने वाला शातिर गो तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लबगढ़ कुशल सिंह के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सेक्टर 8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए गो तस्करी के मुकदमे में 4 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम तारिफ उर्फ नीना है जो पलवल के उटावड़ गांव का रहने वाला है और फिलहाल मेवात के बिसरू गांव में रह रहा था। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है जो पिछले कई सालों में अपने 2 दर्जन से अधिक साथियों के साथ मिलकर 40 से अधिक गोकशी तथा लड़ाई झगड़ा, अवैध हथियार, हत्या का प्रयास, चोरी इत्यादि वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में दर्ज मुकदमों की जांच की जा रही है। आरोपी ने बताया कि उक्त वारदातों में उसके साथ मुबारिक, मुस्तकीम, इरफान, हामिद, जैकम, कबीर, जिलशाद, साबिर, आरिफ, मुंडल, मुस्तफा, बोना, हबीब, शाहिद, काला, सिराज, कयूम, जूना, राशिद, बहरा, मोहम्मद, सारून सहित बहुत सारे साथी शामिल थे जिसके साथ उन्होंने गोकशी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी हरियाणा, दिल्ली, यूपी, राजस्थान के कई स्थानों पर उक्त वारदातों को अंजाम दे चुका है और कई मुकदमों में गिरफ्तार हो चुका है परंतु वह जमानत पर आने के पश्चात वापिस अदालत में हाजिर नहीं होता इसलिए उसके खिलाफ पीओ के भी कई मुकदमे दर्ज हैं।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# संभल कोल्ड स्टोरेज के दो मालिक गिरफ्तार

## मजिस्ट्रेट जांच आरंभ छत गिरने से 14 लोगों की हो गई थी मौत

भाषा। संभल

**उत्तर** प्रदेश पुलिस ने संभल जिले में स्थित उस कोल्ड स्टोरेज के दो मालिकों को गिरफ्तार किया है, जिसकी छत गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। संभल के जिलाधिकारी मनीष बंसल ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, कोल्ड स्टोरेज के मालिकों अंकुर अग्रवाल और रोहित अग्रवाल को हल्द्वानी (उत्तराखंड के जिले) से गिरफ्तार किया गया है। जिलाधिकारी ने शनिवार को बताया कि घटना की जांच के लिए प्रशासन की तरफ से मजिस्ट्रेट द्वारा जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजन को मुख्यमंत्री की ओर से घोषित सहायता राशि को मिलाकर कुल पांच-पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। बंसल ने शुक्रवार को बताया था कि छत गिरने की इस घटना में 14 लोगों की मौत हो गई है और 10 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। उन्होंने बताया था कि मुरादाबाद के एक अस्पताल में चार लोगों का इलाज चल रहा है, जबकि छह को छुट्टी दे दी गई है। संभल दिल्ली से लगभग 158 किलोमीटर और राज्य की राजधानी लखनऊ से 350 किलोमीटर दूर है। इस बीच, शुक्रवार को मुरादाबाद के आधिकारिक दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उस अस्पताल में भी गए थे, जहां घायलों का उपचार चल रहा है। योगी ने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि और गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी। उन्होंने हादसे में घायल हुए लोगों को नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया था। जिला अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि उक्त घटना का मुख्यमंत्री द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपए देने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब इसको मुख्यमंत्री कृषक योजना से जोड़ कर मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उक्त घटना की जांच के लिए प्रशासन की तरफ से मजिस्ट्रेट द्वारा जांच की जा रही है। इसके अलावा जनपद के सभी कोल्ड स्टोरेज की जांच के लिए, तीन सदस्यीय टीम बनाई गई है, जिसमें भंडारण क्षमता और कोई कोल्ड स्टोरेज मानक के विपरीत तो नहीं बना है, इसकी जांच की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने छत गिरने की इस घटना की जांच के लिए एक समिति का गठन किया था। वहीं, पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शलभ माथुर ने बताया था कि कोल्ड स्टोरेज के मालिकों अंकुर अग्रवाल और रोहित अग्रवाल के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

# बनारस को हरा प्रयागराज बना विजेता

## तीन दिवसीय खो-खो स्टेट चौंपियनशिप का आयोजन



**शाहजहाँपुर।** तीन दिवसीय इंटर स्कूल खो खो स्टेट चौंपियनशिप का आयोजन ऑक्सफोर्ड वर्ल्ड स्कूल बंडा में किया जा रहा है जिसमें आज बालिका व बालक वर्ग का फाइनल खेला गया।कड़े मैच के दौरान प्रयागराज बनारस को हराकर विजेता बनी,तृतीय स्थान के लिए हॉटलाइन मैच कराया गया जिसमें बस्ती तृतीय स्थान पर रही।इसी प्रकार बालक वर्ग में फाइनल मैच गोरखपुर व बिजनौर के बीच खेला गया जिसमें गोरखपुर ने बिजनौर को हराया और बालक वर्ग की स्टेट चौंपियन टीम बनी। तृतीय स्थान पर बनारस रही।सभी विजेता खिलाड़ियों को शील्ड,प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि शाहजहाँपुर कैंटोनमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित व विशिष्ट अतिथि बंडा ब्लाक प्रमुख डॉ ओमप्रकाश,जिला व्यायाम शिक्षक रामप्रसाद,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक बंडा यशपाल यादव एवं खेल शिक्षक गंगाराम प्रेमी रहे।अतिथियो ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया इस दौरान जिला खो-खो संघ व क्रीड़ा भारती द्वारा क्रीड़ा विभूषण पुरस्कार की घोषणा की गई।जिसमें अधिकारी श्रेणी में जलालाबाद विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह एवं शिक्षक श्रेणी में पूर्व जिला प्रभारी माध्यमिक गंगाराम प्रेमी को प्रदान किया गया।सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवधेश दीक्षित ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर अनेकों प्रतिभाएं संसाधनों के अभाव में दम तोड़ देती हैं लेकिन वह एक मंच पर नहीं आ पाती।खो खो का खेल भारत में ही उत्पन्न हुआ और विश्व के सभी देशों तक पहुंचा।

# प्रशान्त कुमार मिश्रा बने आरेडिका के नये महाप्रबंधक



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली के नवनियुक्त महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया। पीके मिश्रा 1986 बैच के भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी हैं। लगभग तीन दशकों से अधिक भारतीय रेलवें में अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं। इससे पूर्व में मिश्रा आरेडिका के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करने से पहले आसनसोल, मालदा एवं अलीपुरद्वार डिवीजन के डीआरएम एवं दक्षिण पश्चिमी रेलवे में एजीएम आदि पदों पर अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं। इनके नेतृत्व में रिकार्ड लोड़िंग, कमाई और समग्र सुधार के लिए आसनसोल डिवीजन को लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ डिवीजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मिश्रा पर्यावरण एरेलवे हेरीटेज एवं सांस्कृतिक विकास के लिए विशेष प्रयास किए हैं इनके कार्यकाल में मालदा डिवीजन एवं आसनसोल डिवीजन ने अभूतपूर्व विकास किया और पर्यावरण एवं हेरीटेज के क्षेत्र में एक नई पहचान कायम की। मिश्रा ने रेलवे विरासत पर गहन शोध किया और रेलवे विरासत, नेतृत्व प्रबंधन एवं डीजल लोको रखरखाव जैसे तकनीकी विषयों पर लेख लिखे हैं इन्होंने भारतीय रेलवे विरासत पर कई पुस्तकों का लेखन किया है। जिसमें दक्षिण मराठा रेलवे का इतिहासए भारत के पश्चिम पुर्तगाली गारंटी रेलवे का इतिहासए परामर्श इंजीनियरए रेल और कोयलाए संथाल क्रान्ति और ईआईआर शामिल हैं।

# निजी बस पलटने से 22 श्रद्धालु हुए घायल

**फर्रुखाबाद।** जिले के अमृतपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को तीर्थयात्रा से लौट रही एक निजी बस पलट जाने से उसमें सवार 22 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, कन्नौज जिले के सौरिख की एक निजी बस तिर्वा से 60 तीर्थयात्रियों को लेकर पूर्णागिरि, हरिद्वार, ऋषिकेश गई थी और शनिवार की सुबह वापस कन्नौज जा रही थी, तभी फुंखाबाद जिले के थाना अमृतपुर के गुजरपुर पमारान के निकट एक ट्रक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया, तो उसी बीच बस खड्ड में पलट गई। पुलिस ने बताया कि आस-पास खेतों मेंउसी बीच बस खड्ड में पलट गई। पुलिस ने बताया कि आस-पास खेतों में कार्य कर रहे किसान व राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर अमृतपुर के थानाध्यक्ष संत प्रकाश पटेल व उप जिलाधिकारी पद्म सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सभी यात्रियों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि 22 यात्री घायल हुए, जिसमें से 15 यात्रियों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया, जहां से हालत नाजुक होने पर आठ घायलों को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। उन्होंने बताया कि वहीं, दूसरी बस की व्यवस्था करके मामूली घायलों को उनके घर भेजा गया। घायल सभी यात्री कन्नौज जिले के बताए गए हैं।

# सूदखोरों के चक्कर में फंसकर एक और किसान ने दे दी जान



मृतक किसान के शोकाकुल परिजन

**बांदा।** सूदखोरों के चक्कर में फंसकर फिर एक किसान ने अपनी जा दे दी। किसान रमाशंकर 48वर्ष ने अपने ही खेत में बबूल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बड़ोखर बुजुर्ग गांव के किसान रमाशंकर की पत्नी से जब बात की गई तो ऐसा लगता था मानो इसकी आवाज चली गई हो आवाज मुंह से निकल नहीं रही थी। बेटी बिलख बिलख कर पापा के बारे में बता रही थी। इसी गांव के निवासी नायब तहसीलदार कुंवर बिहारी निगम जी से बात की गई तो उन्होंने इन सभी बातों की पुष्टि की और कहा कि यह किसान काफी गरीब कमजोर आर्थिक तंगी से गुजर रहा था इसका मकान भी टूटा फूटा था गिर गया था प्रधानमंत्री आवास योजना कैसे लाभ मिलना चाहिए वह नहीं मिला इसमें कहीं ना कहीं जिला प्रशासन की अनदेखी है मात्र 2 बीघे जमीन में इतने बड़े परिवार का पालन पोषण करना बहुत कठिन कार्य था लेकिन रमाशंकर उस कार्य को बखूबी निभा रहा था और कुछ लोगों की बटाई में जमीन और ले लेता था और मजदूरी भी करके अपने बच्चों का अपने परिवार का पेट पालन करता था।उसने साहूकारों से काफी कर्ज ले रखा था लगभग तीन लाख के आसपास कर्ज हो चुका था। अपर जिला उमाकांत त्रिपाठी ने बताया गया कि बड़ोखर बुजुर्ग में एक किसान ने आत्महत्या कर ली है तो उन्होंने कहा,अभी उन्हें इसके बारे में कुछ पता भी नहीं है। फिर उन्होंने उप जिला कलेक्टर को फोन करके पूरा प्रकरण बताया तो उप जिला कलेक्टर ने व्यस्तता का हवा देते हुए कहा फिलहाल वह कुछ देर बाद ही मिल पाएंगी।

# स्कूटी और ट्रक की टक्कर में तीन की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में स्कूटी और ट्रक में हुई टक्कर में स्कूटी पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक में फंसी स्कूटी काफी दूर तक घिसटती चली गई। पुलिस अधीक्षक आनंद के मुताबिक, कटरा थाना क्षेत्र के लालपुर गांव का रहने वाला रामदीन (40) अपनी भाभी सुरजा देवी (35) और तीन साल के भतीजे के साथ शुक्रवार देर रात रिश्तेदारी से लौट रहा था। आनंद ने बताया कि कटरा कस्बे में रामदीन की स्कूटी एक ट्रक से टकरा गई और उसमें फंसकर काफी दूर तक घिसटती चली गई। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कूटी सवार तीनों लोगों को इलाज के लिए बरेली भेजा, लेकिन वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आनंद ने बताया कि पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश में जुटी है।

**झलोखर गांव के पास हाईवे बना कूड़ाघर,रोजाना हो रहीं घटनाएं:** कुरारा(हमीरपुर) हमीरपुर कालपी मार्ग में झलोखर गांव के पास रोड कूड़ा घर बन कर रह गया है। जिससे आय दिन यहा पर घटनाएं होती रहती है। विकासखंड का झलोखर गांव जो जिला मुख्यालय से मात्र 12 किलोमीटर की दूरी एसएच 91 हाइवे पर स्थित है उसी गांव के लोगो द्वारा इस हाइवे में लोगो ने कूड़ा डाल डाल कर हाइवे को कूड़ा घर बना दिया गया है।

# अपना-अपना करो सुधार तभी मिटेगा भ्रष्टाचार



## 108 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के लिए निकली भव्य कलश यात्रा

**गाजीपुर।** जनपद में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में होने वाले 4 दिवसीय 108 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के लिए शनिवार को भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा यज्ञ स्थल रामलीला मैदान लंका से निकाली गई। हजारों की संख्या में पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर नगर का भ्रमण किया। भव्य कलश यात्रा लंका मैदान से मुख्य मार्ग होते हुए सकलेनाबादए मिश्र बाजारए लाल दरवाजाए झुनू लाल चौराहा होते हुए जल भरण के लिए कलेक्टर घाट पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान गायत्री परिवार के बहनों ने हाथ में जलती हुई मशाल लेकर आगे आगे चल रही थी। माताएं. बहने कतारबद्ध होकर अनुशासित पूर्वक युग निर्माण योजना के झंडे लहराते हुए समाज सुधार के तथ्यों के साथ जन जागरण के अभियान को गति दी। इस दौरान गायत्री परिवार के युवा भाई बहनों ने गगनचुंबी नारोंए श्अपना.अपना करो सुधार तभी मिटेगा भ्रष्टाचारश् श्अनाचार का अंत हो .दहेज प्रथा बंद होश् हम सुधरेंगे .युग सुधरेगाए हम बदलेंगे. युग बदलेगा जैसे सद्वाक्य के नारों के साथ कलश यात्रा पूरे उत्साह पूर्वक नगर में भ्रमण किया। नगर के श्रद्धालुओं ने अपने .अपने छत से पुष्प वर्षा भी कर रहे थे। रास्ते में कलश धारी माताओं. बहनोंए भाइयों के लिए जल एवं मीठा से जलपान भी करा रहे थे। मंगल गीतो एवं शंख ध्वनि से पूरा वातावरण गूंज रहा था। पूरा जनपद भक्तिमय हो गया था। कलश यात्रा गंगा नदी के पास कलेक्टर घाट पहुंचने पर वैदिक मंत्रोचार के साथ गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी सुरेंद्र सिंह ने जल भरण का कार्य संपन्न कराया। पुन: कलश यात्रा झुनू लाल चौराहा से होते हुए अफीम फैक्ट्रीएकचहरीए सिंचाई विभाग चौराहा होते हुए चुंगी के रास्ते यज्ञ स्थल. रामलीला मैदान पहुंचीए जहां गायत्री परिवार के वरिष्ठ एवं सम्मानित कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदारों की दुकानों का औचक निरीक्षण कर निर्देश दिए

**कालपी**(जालौन)। पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन के नेतृत्व में विभागीय टीम के द्वारा स्थानीय टरनंनगंज बाजार में स्थित अलग-अलग चार सरकारी उचित दर की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समयबद्ध तरीके से सरकारी खाद्यान्न वितरण करने के लिए जरूरी निर्देश दिया।

पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन, हेड क्लर्क शुभेन्द्र तिवारी की टीम ने कालपी नगर में स्थित डीलर अशोक कुमार की सरकारी उचित दर की दुकान में पहुंचे। टीम ने सरकारी गेहूं और चावल के स्टाक का निरीक्षण करके मिलान किया। मौजूद कार्डधारकों से उन्होंने खाधान्न के वितरण के बारे में जानकारियां ली। इसी क्रम में टरनंनगंज बाजार स्थित वीर सिंह की सरकारी उचित दर की दुकान मे पहुचे तथा स्टाक की हकीकत परखी। इसके बाद संदीप कुमार की सरकारी उचित दर की दुकान में पहुंचे अभिलेखों से सरकारी खाद्यान्न का मिलान किया। दुकान के संचालक से टीम के द्वारा जानकारियां हासिल की। इसी दौरान प्रदीप कुमार की दुकान का भी निरीक्षण करके पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के द्वारा वितरित किए जा रहे सरकारी गेहूं तथा चावल को समय से उपभोक्ताओं को प्रदान कराएं उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मंदिर परिसर में सामान रख एवं चबूतरा बनाकर जगह की अवरुद्धः** कोंच(जालौन)। तहसील क्षेत्र के ग्राम टोपोर निबासी अरविंद तिवारी पुत्र स्व महंत श्री 108 बिशम्भर दयाल ने दिन शनिवार को उपजिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ग्राम में राम जानकी मंदिर स्थित जो कि हमारे पड़ोस में रहने वाले दीपक कुमार पुत्र द्वारका प्रसाद के द्वारा मन्दिर प्राँगढ़ में एक चबूतरा बना लिया है एवं उसके बाद ट्रेक्टर ट्राली सीड्रल खड़ा करके मन्दिर प्राँगढ़ को अवरोध किया गया है जो कि मना करने पर लड़ाई झगड़ा को आमादा हो जाते हैं वहीं मंदिर की देखरेख पूजा अर्चना हमारे पूवजों से चली आ रही है और प्राँगढ़ में सामाजिक कार्यक्रम जैसे रामनवमी नवदुर्गा जन्माष्ठमी आदि होते रहते हैं अरविंद तिवारी ने एस डी एम से मन्दिर परिसर में रखे सामान व चबूतरा बनाकर अवरुद्ध किया गए स्थान को खाली करबाए जाने की मांग की है।

# प्राशसन ने नजूल भूमि पर कब्जा लिया

**शाहजहांपुर।** प्रशासनिक और नगर निगम के अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर नजूल की भूमि पर बने हॉकी क्लब पर कब्जा ले लिया। दुकानों के ताले तोड़कर उसमे रखा सामान बाहर निकाल दिया। सिटी मजिस्ट्रेट का कहना है कि विपक्षी पक्ष का दावा कोर्ट ने खारिज कर दिया। दुकानों में रखा सामान बाहर निकाल दिया है। जिनका सामान है, वो ले जा सकते हैं। वर्ष 2017 में हॉकी क्लब बनाम नगर पालिका के बीच न्याय में मुकदमा चल रहा था। जिसमें हॉकी क्लब पक्ष की तरफसे भूमि को अपनी बताई गई थी, लेकिन कोर्ट ने हॉकी क्लब की भूमि को नजूल की भूमि मानते हुए विपक्षी पक्ष का मुकदमा खारिज कर दिया था। हालांकि वर्ष 2017 में ही प्रशासन ने नजूल की भूमि पर बने हॉकी क्लब पर कब्जा ले लिया था।

# एटा में महिला का कथित अपहरण पुलिस ने मामले को संदिग्ध बताया

**एटा।** जिले के शकरौली थाना क्षेत्र में शनिवार को घर से दवाई लेने निकली एक विवाहिता का रास्ते से कथित रूप से अपहरण कर लिया गया है। पुलिस ने मामले को संदिग्ध बताते हुए कहा कि छानबीन की जा रही है। पुलिस के अनुसार, महिला के परिजनों ने रंजिश के कारण उसका अपहरण किए जाने का आरोप लगाया है। परिजनों से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने बताया कि शकरौली थाना क्षेत्र निवासी सतएंद्र सिंह की पत्नी बुलबुल अपने घर सकराली से दवा लेने पैदल लालपुर जा रही थी तभी रास्ते में गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर उसका अपहरण कर लिया। जलेसर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राघवेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर एक महिला का अपहरण होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा कि जांच में प्रथमद्रष्टया अपहरण जैसी कोई बात संज्ञान में नहीं आई लेकिन पुलिस जांच कर रही है। सीओ ने बताया कि पुलिस को तहरीर प्राप्त हो गई है, लेकिन घटना संदिग्ध होने के कारण पुलिस टीम महिला की बरामदगी का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्वाई की जाएगी।

# ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 09005-09006 फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन होकर गुजरेगी

**फर्रुखाबाद।** रेल प्रशासन ने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 09005-09006 द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन स्टेशन वापी से 24 मार्च से 30 जून 2023 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को तथा इज्जतनगर स्टेशन से 25 मार्च से 1 जुलाई 2023 तक प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को 29 फेरों में पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन होकर चलेगी।यह जानकारी आज शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल रेल प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 09005 द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी 24 मार्च से 30 जून तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को वापी स्टेशन से 12:15 बजे प्रस्थान कर के आगरा फोर्ट 7:00 आएगी और यहा से टूंडला, फिरोजाबाद. शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन पर 11:10 बजे आएगी और यहां से कायमगंज., गंजडुंडवारा, कासगंज होते हुए बदायूंए बरेली से इज्जत नगर स्टेशन 15:55 बजे पहुंचेगी। प्रवक्ता ने बताया कि वापसी यात्रा में 09006 इज्जत नगर स्टेशन से20.05, बजे , स्टेशन, वापी के लिए द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी 25 मार्च से 1 जुलाई 2023 तक प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को रवाना होगी। यह ट्रेन स्टेशन इज्जत नगर से बरेली सिटी, बरेली, बदायू,कासगंज होकर गंजडुंडवारा, कायमगंज से फर्रुखाबाद जंक्शन 1:05 बजे पहुंचेगी। और यहां से मैनपुरी,.शिकोहाबाद,.फिरोजाबाद,.टूडला से आगराफोर्ट 6:05 बजे पहुंचेगी। इसके बाद यहां से स्टेशन बयाना, हिंडौन सिटी,गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम से बड़ोदरा एवं सूरत,से वापी स्टेशन 1:30 बजे पहुंचेगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के तीन, स्लीपर के 12, साधारण द्वितीय के 4 तथा एस एल आर डी के दो कोचो सहित कुल 22 कोच रेल यात्रियों की सेवा में चलेंगे।

# बिजलीकर्मियों के हड़ताल का जिलों में दिखा असर

## शाहजहांपुर में मेडिकल कालेज सहित कई जगह विधुत आपूर्ति बाधित रही

संवाददाता। शाहजहांपुर/गाजीपुर





**विधुत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक अभिषेक राय के आह्वान पर जिले के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियन्ताओं और निविदाध्संविदा कर्मियों ने आज दूसरे दिन भी हड़ताल किया इस दौरान सभी बिजली कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय में एकत्रित होकर विरोध सभा भी किया।'बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लॉईज एण्ड इंजीनियर्स(एनसीसीओईईई) ने उप्र के बिजली कर्मियों के आन्दोलन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार को हड़ताल में सभी बिजली कर्मचारी मौजूद रहे । ऊर्जा प्रबंधन के द्वारा बिजली कर्मियों के ऊपर शांतिपूर्वक किए जा रहे हड़ताल पर ऊर्जा प्रबंधन और प्रशासन के द्वारा संघर्षसमिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के ऊपर अमानवीय रूप से उत्पीड़नात्मक कार्यवाही के संकेत मिल रहे है जिसका संघर्ष समिति के तरफ से पुरजोर विरोध किया जा रहा है। 3 दिसंबर 2022 को त्रिपक्षीय समझौता होने के बाद भी समझौता लागू न कर जानबूझ कर बिजली कर्मियों को उपभोक्ता के नजरो में नाकाम करने की कोशिश की जा रही जिससे ऊर्जा विभाग का निजीकरण आसानी से किया जा सके।

मेडिकल कालेज सहित कई जगह हड़ताल से विधुत आपूर्ति बाधित रही। 33 ककरा 33 अब्दुल्लागंज, दीवान जोगराज ,33 जिला अस्पताल, 33 कटरा, 33 चहुनापुर 33 खुदागंज, 33 सिंधौली में विधुत आपूर्ति बाधित रही जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। मेडिकल कालेज में सुबह दस बजे से बारिश के बाद विधुत आपूर्ति बाधित हुई इसकी जानकारी देते हुए मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल राजेश कुमार ने बताया जैनेटर के द्वारा सप्लाई चालू की गई। शहर के कई बिजली उपखण्डों में सुबह से बिजली गुल है जिससे आम जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वही दूसरी ओर प्रशासन दावा कर रहा है कि हड़ताल से बिजली व्यवस्था पर कोई फर्क नही पड़ेगा और प्रशासन ने इसकी तैयारियां करते हुए लेखपालों की बिजली उपकेंद्रों पर ड्यूटी लगा दी और आदेश कर दिया कि लेखपाल अपने फोन से बिजली उपकेंद्रों से शटडाउन लेकर खराब बिजली लाइनों को सही करायेंगे, लेकिन प्रशासन की तैयारियां सिर्फ कागजों में हुई और अहम बात यह रही है कि जब मीडिया ने दिवान जोगराज बिजली उपकेंद्र पर सम्पर्क किया तो पता चला लेखपाल डियूटी करने नही पहुंचे, जिससे संविदा बिजली कर्मचारियों को शटडाउन नही मिला। जिससे रौजा, ककरा, दीवान जोगराज, अब्दुल्ला गंज के बिजली घर से जुड़े दर्जनों मोहल्लों की बिजली सुबह से गायब है।

**कुछ लेखपाल है जो डियूटी नही करते:एसडीएम सदर :** जब इस सम्बंध में एसडीएम सदर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सदर तहसील में कुछ लेखपाल बदमाश टाइप के है जो मनमानी डियूटी करते है। अब लेखपाल अपने अधिकारी एसडीएम के आदेश को दरकिनार करते हुए मनमर्जी कर रहे है वही एसडीएम सदर उनपर कार्रवाई करने के बजाय बता रहे है कि लेखपाल बदमाश है। ड्यूटी से गायब रहने वालो पर होगी कार्रवाई: अपर जिलाधिकारी राजस्व त्रिभुवन ने कहा बिजली उपकेंद्रों पर कानूनगो व लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई थी। मीडिया के द्वारा जानकारी मिली कुछ उपकेंद्रों पर ड्यूटी से नदारद थे इनकी जंच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

**कर्मचारी देंगे गिरफ्तारीः** गाजीपुर। अपनी चौदह सूत्रीय मांगो को अमलीजामा पहनाने के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले विद्युत कर्मियों ने लाल दरवाजा स्थित पावर हाउस में जिला संयोजक निर्भय सिंह के नेतृत्व में हड़ताल पर रहेएवही जिले के लगभग 97ः फिडरो की लाइन ब्रेक डाउन चल रही है एवम लगभग 58 उपकेंद्र की सप्लाई ब्रेक डाउन में है जो आम जनता में बिजली को लेकर काफी आक्रोश है वही पानी के लिए लोग दर दर भटक रहे हैं। वही सरकार एवम ऊर्जा प्रबंधन विद्युत कर्मियों के प्रति काफी निष्क्रियता दिखा रही है एवम प्रदेश के भोले भाले जनता को बेवजह परेशान कर रही है।जिला संयोजक निर्भय सिंह ने बताया कि हमे जनता से कोई बैर नहीं हैएहड़ताल से लगभग 4 माह पूर्व ऊर्जा प्रबंधन के साथ 14 सूत्रीय मांगो को लेकर वार्ता हुई थी जो सफल भी रही मगर ऊर्जा मंत्री अभी तक उस वार्ता को क्रियान्वित नही किए केवल झूठा आश्वासन अभी तक देते रहे वही हड़ताल से पहले हमारी केंद्रीय कमेटी 15 फरवरी से जन जागरण अभियान चलाया था फिर भी ऊर्जा प्रबंधन नही चेता केवल बरगलाने का कार्य किया गया। जिसमे हम लोग अपनी मांगों को लेकर हड़ताल किया है। वही जिला सह संयोजक मिथिलेश यादव ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुवे बताया की हमारे संविदा कर्मियों को जबरन रात्रि में घर में घुसकर मारा पीटा जा रहा है और उठाकर थाने में बैठाया जा रहा एवम झूठे एफआईआर की धमकी देकर जबरन बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य करवाया जा रहा है।

# विद्युत उपकेंद्र हुए शुरू पर लोकल फाल्ट के कारण घरों की बिजली ठप

**फर्रुखाबाद।** विद्युत कर्मियों की 72 घंटे की हड़ताल के दूसरे दिन जनपद की बिजली व्यवस्था चरमरा गयी है। जिले के आलाधिकारियों की सक्रियता के बाद आखिर अधिकतर उपकेन्द्र चालू हो गयेए लेकिन लोकल फाल्ट के चलते घरों में बिजली सप्लाई नही पंहुच पा रही है। दरअसल बीती रात खबर का असर हुआ । गत दिन की खबर सबकी बत्ती गुल! चौक व कुटरा फीडर चालू के प्रकाशन के बाद आलाधिकारी हरकत में आ गये। उसके बाद अधिकतर उपकेन्द्र चालू कर दिये गये। लेकिन खबर लिखे जानें तक पांचाल घाट, जसमई, कमालगंज, फतेहगढ़ संकिसा उपकेंद्र को चालू नही किया जा सका। उपकेन्द्र चालू होनें से बीती रात कई जगह बिजली पंहुची । लेकिन बूंदाबांदी के चलते सुबह बिजली ठप हो गयी । ए सी अखिलेश कुमार नें बताया कि व्यवस्था दुरस्त करनें का प्रयास किया जा रहा है जल्द व्यवस्था सुचारू होगी ।

# दो पीड़ितों ने छेड़छाड़ की शिकायत की,कार्रवाई न होने से मायूस

**मौदहा** (हमीरपुर) दुष्कर्म में असफल रहे आरोपियों के खिलाफकोतवाली पुलिस से दो पीड़िताओं ने न्याय की गुहार लगाई है। राठ तिराहा निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को बताया कि जब वह किसी काम से अपने पुत्र के साथ बाजार आई हुई थी तभी घर में मौजूद उसकी बालिग पुत्री के साथ छत्तीसगढ़ निवासी एक युवक ने घर में घुसकर अश्लीलता कर रहा था और युवती बचाने के लिए चिल्ला रही थी तभी उसी समय पहुंची पीड़िता ने जब उक्त घटनाक्रम देखा तो वह अपनी पुत्री को बचाने के लिए दौड़ी, जिसके बाद आरोपी युवक गाली गलौज करते हुए पुत्री को अगवा करने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने पुलिस से बताया कि उक्त आरोपी युवक शराब के नशे में था जो बार-बार लड़की को न बचा पाने की बात कर रहा था। दूसरी घटना ग्राम गुढ़ा की एक युवती ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने खेत गई थी तभी वहां अपनी फसल कटवा रहा दिलीप निवासी महोबा उसके पिता के खेत में खड़े फलदार वृक्ष तथा छोटे पेड़ पौधे नष्ट करवा रहा था, जिसको उसने मना किया तो वहीं मौजूद उसकी पत्नी रामदेवी ने उसे गाली गलौज उसके पति समेत सहयोगी शिवबरन, रामबरन उससे अश्लील हरकतें की दोनो पीड़ितो ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।




## तेरे बिन सूना समाजवाद

कोलकाता में समाजवाद का जमघट कुछ सूना सूना सा लग रहा है। ऐसा लग रहा है जैसे कुछ छूट सा गया हो। नेता तो वहां कई बड़े बड़े हैं लेकिन कुछ अधूरापन सा दिख रहा है। अरे हां। याद आया। समाजवादी पार्टी के खेवनहार चौधरी जी तो मौके पर है ही नहीं। आश्चर्य की बात है कि समाजवादी मुखिया के साथ हर पल हर परिस्थिति में साथ रहने वाले चौधरी जी लखनऊ में कैसे छूट गए। कुछ तो गड़बड़ है। बीते एक दशक से मिल रही हार के चलते कहीं चौधरी जी की अहमियत तो नहीं घट गई। नहीं नहीं नही। ऐसा नहीं हो सकता। यदि ऐसा होता तो समाजवादी पार्टी को उत्तम दिशा दिखाने वाले महोदय कैसे सुरक्षित रहते। वह तो सब कुछ धराशायी करने बाद भी सुरक्षित बैठे हैं। भीतर खाने समाजवादियों का तर्क है कि चौधरी जी आने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इसी के चलते चौधरी जी कोलकाता में लगे समाजवादी जमघट से दूर है। चलो ठीक भी है। चौधरी जी स्वस्थ रहेंगे तो समाजवाद भी स्वस्थ रहेगा। एक दशक में जो समाजवाद का नुकसान हुआ है शायद चौधरी जी अपने स्वास्थ्य लाभ के साथ ही चिंतन और मनन करके उसको भी दुरुस्त कर दें।



## कुर्सी का मिथक

लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्माण विभाग में चार शाही कुर्सियां रखी हुई हैं। इन कुर्सियों को विभाग के अधिकारियों ने बड़े चाव से अपने लिए मंगाया था। कुर्सी दिखने में राजशाही परम्परा के अनुकूल थी। पर इस कुर्सी पर जिसने भी आसन जमाया उससे एक एक कर काम छिनते गए। मतलब एक तरह से वो पदानवत होते गए। जिसके बाद से वो अब इन कुर्सियों पर बैठने के लिए तैयार नहीं हैं। पिछले कुछ माह से यह कुर्सियां कबाड़ की तरह विभाग की शोभा बढ़ा रहीं थीं। अब सुना है बिजली वाले साहब ने इसे अपने कमरे में रखवा दिया ह, पर बैठते वह भी नहीं हैं। ये कुर्सियां आगन्तुकों के लिए रखी गई हैं। आगन्तुक ही इसकी शोभा बढ़ाते हैं जबकि साहब साधारण सी कुर्सी पर अपना आसन लगाए दिखते हैं।

## राजनीति में भी राजनीति

बिजली विभाग में आंदोलन की राजनीति के बीच अब एक नई रणनीति पर काम हो रहा है शीर्ष पदों पर तैनात दो अधिकारी आपस में एक दूसरे को इस हड़ताल के जरिए कसूरवार ठहराना चाह रहे हैं ताकि सरकार इस हड़ताल की वजह से उन्हें इस विभाग से हटा दें। दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों में जारी इस जंग का मजा भले नौकरशाह ले रहे हों लेकिन इसका नुकसान कर्मचारी संगठन और विभाग उठा रहे हैं और आम जनता को भी बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल पावर कारपोरेशन में एक वरिष्ठ अधिकारी है जो लंबे समय से विभाग के सर्वे सर्वा बने हुए हैं। उनके ऊपर इससे पूर्व एसीएस स्तर के अधिकारी आए लेकिन उनकी पावर को कम नहीं कर पाए। तमाम कर्मचारी संगठनों ने कई बार इस अधिकारी पर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया लेकिन यह साहब अपनी कुर्सी से टस से मस नहीं हुए क्योंकि इनके तार सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े हुए हैं । अब ऐसे में जब पूरे प्रदेश में हड़ताल चल रही है और बिजली संकट पैदा हो रहा है तब इसी बीच एक दूसरे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी इस हड़ताल का जिम्मेदार इन्हीं अधिकारी को ठहराने में लगे हुए हैं। यही नहीं शासन में तैनात अन्य अधिकारी भी इन्हें ही कुसूरवार ठहराने की लामबंदी में एकजुट हो गए हैं। अब इस हड़ताल की राजनीति में एक नयी राजनीति तेज हो गई है। वह यह है कि आंदोलन के जरिए रास्ते का कांटा साफ हो जाए।

## गूंज रहा थप्पड़ कांड

प्रदेश में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही देश की सबसे पुरानी पार्टी ने राज्य में अपना आधार मजबूत करने के लिए बुंदेलों की धरती से संबंध रखने वाले नेता को अध्यक्ष बनाया। पार्टी नेतृत्व को आशा थी कि उनके नेतृत्व में पार्टी यूपी की राजनीति में मजबूत हो सकेगी लेकिन ऐसा तो होता दिख नहीं रहा बल्कि उनका अपने ही कार्यकर्ताओं से टकराव जरूर बढ़ रहा है। इसी कड़ी में इस समय थप्पड़ कांड की पार्टी में खूब चर्चा हो रही है। दरअसल बीते दिनों राजभवन पर पार्टी के प्रदर्शन के दौरान उन्होंने अपने ही कार्यकर्ता को थप्पड़ जड़ दिया। इससे कार्यकर्ताओं में उनके प्रति नाराजगी बढ़ गई है। चर्चा है कि प्रदर्शन के दौरान पार्टी की यूथ विंग के एक कार्यकर्ता ने जोश में अपने साथियों सहित नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान किसी बात पर प्रदेश अध्यक्ष उस कार्यकर्ता से नाराज हो गए और हाथ उठा दिया। प्रदेश अध्यक्ष अब इस घटना से इंकार कर रहे हैं जबकि चर्चा यह है कि इस संबंध में पीड़ित कार्यकर्ता ने पत्र लिखकर आला कमान से शिकायत भी की है।



## छोटे साहब पर बड़ा बोझ


छोटे साहब को वीआईपी क्षेत्र से आने के बाद नगर निगम की जिम्मेदारी तो मिल गयी लेकिन वह जिम्मेदारी को नहीं संभाल पा रहे हैं। बेचारे छोटे साहब को एक बड़ी पावरफुल महिला अधिकारी सुबह पांच बजे ही उठा देती हैं। क्षेत्र में एंटी लार्वा, फॉगिंग और कूलर चेक कराने में जुटा देती हैं तो चुनावी वर्ष होने के कारण दिन में मीटिंग और वार्डों के कार्यक्रमों में बुलावा भेज देती हैं। सुबह से शाम तक दौड़कर साहब की सांसें उखड़ रही हैं। बेचारे! छोटे साहब पूरे दिन यहां वहां भटकते फिरते हैं। अपने विभाग को समय ही नहीं दे पा रहे हैं। आए दिन कर्मचारी नेता भी बड़े साहब से अपनी नाराजगी जताते हैं और लंबित मांगे सामने रख रहे हैं तो दूसरी ओर ठेकेदार भुगतान न करने पर विकास कार्य ठप करने का अल्टीमेटम दे रहे हैं। अब दो पाटों के बीच में बड़े साहब फंस चुके हैं। सोचते कुछ और हैं। करना कुछ और पड़ रहा है। ऊपर से खस्ता हाल सफाई व्यवस्था जो पटरी पर आई थी फिर बिगड़ने लगी है। बेचारे साहब ! करें तो क्या करें। इनको कुछ समझ नहीं आ रहा है। जबकि नगर निगम विभाग को देखने के लिए पांच पांच पीसीएस हैं। फिर भी नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप टेन शहरों में नहीं ला पा रहे हैं।

# हड़ताल का समर्थन करने पर 1332 संविदा कर्मी बर्खास्त

- 22 कर्मचारी नेताओं पर लगा एस्मा, 29 के खिलाफ एफआईआर दर्ज, छह बिजली अभियंता निलंबित

## बिजली कर्मचारियों ने कहा, गिरफ्तारी हुई तो होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरकार** और बिजली कर्मियों में टकराव बढ़ गया है। सरकार ने 72 घंटे की हड़ताल पर गए बिजली कर्मचारियों के खिलाफकार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार दोपहर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बाद प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने हड़ताल पर गए कर्मचारियों को शाम छह बजे तक काम पर लौटने की चेतावनी दी थी। उसके पहले 22 कर्मचारी नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इन सबके खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई होगी। वहीं 1332 संविदा कर्मियों को भी बर्खास्त कर दिया गया है। छह बिजली अभियंताओं को भी निलंबित कर दिया गया है। हड़ताल के चलते राज्य के कई जिलों में बिजली संकट उत्पन्न हो गया। फैक्टरियों में उत्पादन ठप हो गया है और जलापूर्ति भी बाधित हो गई है।

उधर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के अवाहन पर चल रही बिजली कर्मियों की प्रान्तव्यापी हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बिजलीकर्मी नेताओं की गिरफ्तारी के आदेश की चर्चा के बीच यह चेतावनी दी है कि यदि शान्तिपूर्ण ढंग से आन्दोलनरत बिजली कर्मियों को गिरफ्तार किया गया या बिजली कर्मियों की बर्खास्तगी की गयी तो ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता और निविदा, संविदा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे और पूरे प्रदेश में सामूहिक जेल भरो आन्दोलन प्रारम्भ होगा। ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री को पूरे मामले से अवगत कराया गया है। विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के 29 नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। इन लोगों के खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कार्य पर वापस न आने वाले ऐसे हजारों कर्मिकों को आज रात ही बर्खास्त किया जायेगा। किसी को नौकरी आसानी से नहीं मिलती है। इनके परिवार को भी इसकी चिन्ता करनी चाहिये। ऐसी खाली जगहों को भरने, विद्युत व्यवस्था की सुचारू बहाली एवं निर्वाध आपूर्ति के लिये शीघ्र ही आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग पास अभ्यर्थियों की शीघ्र भर्ती की तैयारी की जायेगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये है कि बिजली आपूर्ति में बाधा डालने वाले तथा आराजकता पैदा करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। जन सामान्य को कोई परेशानी न हो इसलिये निर्वाध विद्युत आपूर्ति में कोई सम्प्रझौता न किया जाये। उन्होने कहा कि विद्युत जैसी आवश्यक सेवा को बाधित करने पर बहाली के लिये हाईकोर्ट के आदेशों को भी 24 घंटे से अधिक का समय हो गया है। इसके बाबजूद भी हाईकोर्ट एवं सरकार के आदेश को न मानने वाले तथा कानून को हाथ में लेने वाले विद्युत संघर्ष समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य हड़ताल करने वाले कार्मिकों को चिन्हित करने के लिये सभी मण्डलायुक्तोंए जिलाधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिये गये है। ऐसे कार्मिकों एवं उपद्रवियों के खिलाफ सख्त दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। एके शर्मा ने कहा कि 5 दिनों से बिजली कर्मियों के कुछ संगठन के इशारे पर कर्मचारी हड़ताल एवं कार्य वहिष्कार कर रहे हैं। हड़ताल के बावजूद विद्युत व्यवस्था सामान्य है। अब तक आमजन के हितों में इसका ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा है। हमने हड़ताली संगठनों एवं कार्मिकों के साथ बार-बार वार्ता की। लेकिन अपनी हटधर्मिता के कारण उन्होने हमारी बात अनसुनी कर दी और राष्ट्रहित एवं जनहित के मामलो में भी अपने कृत्यों से संवेदनहीनता दिखायी। उन्होने कहा कि सरकार उनके परिवार के हितों की दृष्टिगत अभी भी बातचीत करने को तैयार है। ऐसे लोग कार्य बहिष्कार छोड़कर सरकार का सहयोग करेंगे तो सरकार भी उनके प्रति संवेदनशीलता दिखायेंगी। कुछ संगठन हमारा सहयोग कर रहे है व निष्ठा से कार्य कर रहे।

## राज्यपाल को सभापति ने भेंट की धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को राजभवन में यूपी विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कर राज्यपाल के अभिभाषण पर विधान परिषद में पारित धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति भेंट की।

ज्ञातव्य है कि 20 फरवरी 2023 को राज्यपाल ने राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया था। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधान परिषद डॉ. राजेश सिंह भी मौजूद थे।

## अयोध्या के विकास की योजनाओं से आज रूबरू होंगे योगी

- हनुमान गढ़ी में करेंगे दर्शन रामजन्मभूमि परिसर भी जाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ रविवार को अयोध्या के विकास से जुड़ी परियोजनाओं की जमीनी हकीकत से रविवार को रूबरू होंगे। सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद रामजन्मभूमि परिसर में दर्शन के उपरांत जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ व रामपथ का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ का रविवार का दौरा काफी महत्वपूर्ण है। वे यहां अयोध्या विकास प्राधिकरण के टेढ़ी बाजार, कौशलेश कुंज, अमानीगंज में निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग आदि कार्यों का निरीक्षण करेंगे। सेतु निगम द्वारा निर्माणाधीन बड़ी बुआ समपार संख्या 112 तथा मोहबरा बाजार समपार संख्या 111बी का भी निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री आयुक्त सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक भी करेंगे। श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा व फोरलेन सड़क का निरीक्षण भी करेंगे। वे दर्शन नगर स्थित सूर्यकुंड सौंदर्यीकरण का भी निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को मणिरामदास छावनी पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से भी भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रविवार के दौरे से पहले एडीजी जोन लखनऊ पीयूष मोर्डिया शनिवार को अयोध्या पहुंचे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में होने जा रहा राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का निर्माण: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राधानी** के कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में शनिवार को 1450 करोड़ रुपए की 352 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का निर्माण होने जा रहा है। देश में दो प्रधान, दो निशान, दो विधान का उदघोष करने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति लखनऊ से जुड़ी रही हैं। डॉ मुखर्जी राष्ट्रवाद के प्रखर प्रवक्ता के रूप में जाने जाते हैं। पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ मुखर्जी व लखनऊ के आन बान शान व समरसता समन्वय के आदर्श पुरुष श्रद्धेय अटल की भव्य प्रतिमा के साथ राष्ट्र प्रेरणा स्थल का शिलान्यास हुआ।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत नगर निगम ने अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित नए पार्क देने के कार्यक्रम बनाए हैं। 4512 आवास योजना की सौगात लखनऊ के गरीबों को मिलने जा रही है। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों को सुदृढ़ीकरण व सुविधाओं से संपन्न करने, बटलर व काला झील से जुड़ी योजनाओं का शुभारंभ हुआ। जी-20 व जीआईएस के दौरान प्रशासन ने कई चौराहों का सुंदरीकरण कराया। उनके रिमॉडलिंग कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है।

**इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण:** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, स्टेट ग्राउंड वाटर इंफॉर्मेटिक्स सेंटर एवं भूजल भवन, राजकीय पॉलिटेक्निक बख्शी का तालाब, आसरा योजना चुन्नूखेड़ा पारा, चंदरनगर में 50 बेड वाले चिकित्सालय भवन, राजकीय उद्यान आलमबाग में निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत बसंत कुंज योजना में 2256 आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत शारदानगर विस्तार योजना में 2256 आवास, कबीरनगर देवपुर पारा आवासीय योजना में एसटीपी का निर्माण एवं अनुरक्षण कार्य, शारदानगर विस्तार योजना में विद्युत आपूर्ति के लिए 33 केवी फीडर लाइन, देवपुर पारा कबीरनगर योजना में 33-11 केवी विद्युत उपकेंद्र।

**इन प्रमुख कार्यों का किया गया शिलान्यास:** 35वीं वाहिनी पीएसी में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, गोसाईंगंज अग्निशमन केन्द्र में आवासीय-अनावासीय भवन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत बसंत कुंज योजना में 4512 आवास, बसंत कुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल, कबीरनगर देवपुर पारा आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमएमआईजी भवनों का अवशेष निर्माण व विकास कार्य, ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत गऊ घाट पर सेतु और आईआईएम रोड से हार्डिंग ब्रिज तक बंधा व सड़क, स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत जनेश्वर मिश्र पार्क में 3 नग वाटर स्क्रीन एवं म्यूजिकल फाउंटेन, लखनऊ शहर में चौराहों की रीमॉडलिंग एवं प्लेस मेकिंग कार्य, बटलर पैलेस झील का सौंदर्यीकरण, तालकटोरा क्षेत्र में काला पहाड़ झील का सौंदर्यीकरण, सीजी सिटी योजना में वेटलैंड का विकास कार्य, गोमतीनगर विस्तार योजना सेक्टर 7 में सीबीडी का विकास कार्य।

## लोकतंत्र पर देश में चर्चा होनी चाहिए, बाहर नहीं: राजनाथ

- लखनऊ व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण व होली मिलन समारोह में शामिल हुए रक्षा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि देश के लोकतंत्र पर चर्चा देश की संसद में होनी चाहिए न कि दूसरे देश में, देश की आवाज इमरजेंसी में बंद हुई थी। कुछ लोग जान बूझकर देश को बदनाम कर रहे हैं।

रक्षामंत्री लखनऊ में लखनऊ व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण व होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तर पूर्व के राज्यों में आए चुनावी नतीजों को केंद्र की मोदी सरकार की सफलता बताया और कहा कि उत्तर पूर्व पहले खुद को अलग मानता था पर आज वह भी देश से भावनात्मक तौर पर जुड़ गया है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। आज पूरे देश में बिना भेदभाव के सबका विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में आयोजित हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने मुझे बेहद खुशी दी। हमारा भारत अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में 11वें नंबर पर आता था आज टाप फाइव में पहुंच गया है जल्द ही टाप तीन में होगा। उत्तर प्रदेश भी विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा। उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त होती है कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करना। उत्तर प्रदेश ने वह करके दिखाया है इसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करता हूं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए स्वस्थ परंपरा होनी चाहिएए प्रतिस्पर्धा से कोई संगठन आगे नहीं बढ़ सकता। जो मांग पत्र हमें व्यापारियों ने सौंपा है उसमें जो केंद्र से संबंधित समस्याएं हैं संसद सत्र के समापन के बाद उसको निस्तारित करने का काम करेंगे। रक्षामंत्री उन्होंने कहा कि होली हमें बताती है अहंकार किसी भी सूरत में पैदा नहीं होना चाहिए। अहंकार आया तो विनाश होगा। प्रेम और इंसानियत के दो मंत्रों को हमें नहीं भूलना चाहिए।

## यूपी में बिजली की दरें लगातार बढ़ रही, उपलब्धता घट रही: खाबरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि बिजली कर्मियों द्वारा निजीकरण का विरोध, पुरानी पेंशन बहाली और संविदाकर्मियों को नियमित करने की मांग को लेकर किये जा रहे हड़ताल से समूचे उत्तर में आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति न होने से पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। यहां तक कि बिजली के अभाव में पेयजल आपूर्ति ठप्प होने से लोग पेयजल के लिए परेशान हैं। बृजलाल खाबरी ने कहा कि प्रदेश की आम जनता में पानी, बिजली के लिए हाहाकार मचा है और सरकार बिजलीकर्मियों की जायज मांगों को मानने और बिजली समस्या तुरन्त दूर करने के बजाए, विद्युतकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर उत्पीड़न करने पर उतारू है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार के पिछले मुख्यमंत्रित्व काल में बिजली कर्मियों के पीएफ का हजारों करोड़ रूपये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। डीएचएफएल कम्पनी से सांठगांठ का तत्कालीन विभागीय मंत्री और अधिकारियों पर आरोप लगा किन्तु सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाये। कांग्रेस पार्टी ने बिजलीकर्मियों की गाढ़ी कमाई के पैसे में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष किया। खाबरी ने कहा कि यूपी में बिजली की दरें लगातार बढ़ रही हैं और उपलब्धता घट रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में किसानों को जहां निशुल्क बिजली मुहैया कराने का वादा किया था वह जुमला साबित हुआ। आज देश में सर्वाधिक बिजली की दर उप्र की जनता झेल रही है। उन्होने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के नाम पर अडानी ग्रुप से पांच हजार चार सौ करोड़ रूपये के टेण्डर का खुलासा होने और विरोध होने पर टेण्डर निरस्त किया गया। टेंडर के मुताबिक अडानी ग्रुप को मध्यांचल में 72 लाख स्मार्ट मीटर की आपूर्ति करनी थी।

# अंतरराज्यीय गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार, 10 पिस्टल बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**आतंकवाद** निरोधक दस्ते (एटीएस) ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त अभियान के दौरान आजमगढ़ से अंतरराज्यीय गिरोह के दो असलहा तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से दस पिस्टल, 20 कारतूस और एक कार बरामद हुई।

एटीएस की टीम को जानकारी मिली कि आजमगढ़ और आसपास के जिलों में अवैध असलहे की दूसरे राज्यों से तस्करी कर बेचने का गोरखधंधा चल रहा है। जानकारी के बाद एटीएस ने असलहा तस्करों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया। एटीएस ने शहर कोतवाली पुलिस के साथ शनिवार की तड़के आजमगढ़ बस स्टेशन के आसपास के इलाके की घेराबंदी की। तड़के करीब चार बजे पीठ पर लदे बैग लेकर दो व्यक्ति जजी की मैदान की तरफ बढ़े। इसी दौरान एक कार आकर रुकी। दोनों अपने बैग को कार में रखकर बैठ रहे थे तभी पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार में रखे बैग की तलाशी ली तो उसमें 32 बोर की दस पिस्टल, 20 कारतूस, कार व मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्करों में रामशब्द यादव उर्फ मंत्री उर्फ बुढ़वा निवासी रसीदाबाद जीयनपुर और संजय यादव निवासी गजहड़ा मुबारकपुर आजमगढ़ शामिल हैं जबकि दो तस्कर फरार हो गए। ये सभी मध्य प्रदेश जिले से पिस्टल को लाकर जिले में बेचते थे। पुलिस इनके द्वारा बेचे गए लोगों व जहां से ये खरीदकर लाते थे, उनकी भी तलाश कर रही है। तस्करों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। इन दोनों तस्करों के खिलाफ आजमगढ व आसपास के जनपदों में 32-32 मुकदमे दर्ज हैं।

## कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर आगरा में रह रहे पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आतंकवाद** निरोध दस्ते (एटीएस) ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से आगरा में निवास कर रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को ताजगंज थाना क्षेत्र की तोरा चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

एटीएस के अनुसार अभियुक्त इब्राहिम सिकन्दराबाद थाना क्षेत्र के बोदला पुल के पास नगर निगम की खाली जमीन पर अवैध झुग्गियां बनाकर रहता था। अभियुक्त अजीजुर गाजी लगभग तीन वर्ष पूर्व अवैध तरीके से बार्डर पार कर आगरा में छिप कर निवास कर रहा था। अभियुक्त राजू शेख, मुक्ता शेख, जन्नतआरा व अन्य अभियुक्तों के साथ कबाड़ बीनने का काम करते हुए छुप कर आगरा क्षेत्र में निवास कर रहे थे। जन्नतआरा बेगम पत्नी अजीजुर गाजी ने 2022 में बांग्लादेशी पासपोर्ट बनवा लिया था। यह बांग्लादेशियों को बार्डर पार कराने का काम करती है। बिना पासपोर्ट धारक चारों अभियुक्तो ने सामूहिक रूप से बताया कि जन्नतआरा हमारे बांग्लादेशी लोगो को बार्डर पार कराने का काम करती है। पासपोर्ट होने के कारण उसे लोगों को बार्डर पार कराने में आसानी होती है तथा बांग्लादेश पैसे भेजने में भी आसानी होती है। पासपोर्ट की छायाप्रति जमा करके जन्नत आरा 17 मार्च को जनपद आगरा में पूर्व में पंजीकृत मुकदमे में गिरफ्तार अभियुक्त इब्राहिम के पुत्र परवेज व पुत्री रहीमा तथा अपने भाई हसन से मिलने जिला करागार आगरा गई थी।

## सीआरपीएफ कमांडेंट के खिलाफ केस दर्ज सीबीआई ने की छापेमारी

**लखनऊ।** सीबीआई की टीम ने लखनऊ, नोएडा, मिर्जापुर और दिल्ली में शनिवार को एक साथ छापेमारी कर लखनऊ सीआरपीएफ कमांडेंट नीरज पांडे के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में केस दर्ज किया है। सीबीआई की टीम ने शनिवार सुबह लखनऊ में छापेमारी की। सीआरपीएफ सूत्रों का कहना है कि नीरज पांडे के व्यवहार और अनिमियतताओं को लेकर बल मुख्यालय को कई शिकायतें मिलती रही थीं। जिसके बाद शनिवार सुबह सीबीआई की 13 लोगों की टीम ने 93वीं बटालियन पर छापेमारी की। एक सहायक कमांडेंट ने भी उनके खिलाफ शिकायत दी है। उसमें गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सूत्रों के अनुसर आय से अधिक संपत्ति होने के मामले में कमांडेंट ने अपने परिवार की आय का हवाला दिया है। सीबीआई द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार आय से करीब 108 प्रतिशत ज्यादा चल एवं अचल संपत्ति है जो कि करीब 5.61 करोड़ रूपए हैं। जिसका ब्यौरा नहीं दिया गया है।

# डीएम ने चौपाल में ग्रामीणों को योजनाएं बताईं

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने विकास खण्ड मिर्जापुर के गांव सिंगहा यूसुफपुर में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा प्राप्त शिकायतो एवं समस्याओं का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व लेखपाल को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ जनता को मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होने ग्रामीणों को संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित करते हुये बताया कि संस्थागत प्रसव अधिक सुरक्षित होता है तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य कई योजनाओं का लाभ संस्थागत प्रसव एवं नियमित टीकाकरण कराने से प्राप्त हो सकता है। जिलाधिकारी ने गो सरक्षण के विषय में ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में गायों को निराश्रित न छोड़े। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गो आश्रय स्थलों से गायों को पालने के उद्देश्य से 4 गायें पालेगा उसके लिए कैटल शेड की व्यवस्था ग्राम्य विकास विभाग द्वारा की जायेगी। उन्होने विद्युत आपूर्ति रोस्टर के अनुसार कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गांव में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, राशन वितरण, विद्यालय में पढ़ाई एवं मिड डे मील, ड्रेस की राशि का खाते में अंतरण, एएनएमध्आशा के कार्यों आदि के संबंध में ग्रामीणों से फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के विषय में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए पात्रों के प्रस्ताव तत्काल तैयार कराए जाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को शिकायते सुनकर उनके निस्तारण हेतु भी सबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। चौपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री एस. आनंद ने मिशन शक्ति कक्ष के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु गांव में स्थित पंचायत भवन में मिशन शक्ति कक्ष स्थापित किया गया है, जिसमे रोस्टर के अनुसार महिला बीट पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गयी है। यदि किसी महिला को किसी भी प्रकार की समस्या है या थाना जाने में असमर्थ है तो गांव के पंचायत भवन में आने वाली विशेष महिला बीट पुलिस अधिकारियों को अवगत कराए उनकी समस्या का निस्तारण तत्काल प्रभाव से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इनसे अन्य सूचनाएं भी साझा की जा सकती है, जिस पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने महिला पुलिस बीट अधिकारी को भी ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया, साथ ही उन्होंने गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी बच्चों को सामान्य शिक्षा हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए।

## धूमधाम से निकाली गयी नगर में बाला जी की शोभा यात्रा

**मैलानी.खीरी।** नगर मे होने वाले विशाल बाला जी के उपल्क्ष मे सुबह धर्मशाला के निकट शिव व बालाजी मंदिर से पूजा अर्चना करके काफी मात्रा मे चौपहिया बाहनो पर सुन्दर सुन्दर झाकियो से सुस्जित मूर्तियो के साथ काफी मात्रा मे भक्त गण हाथो बालाजी महराज के झण्डो के साथ जयकारे लगाते हुए शोभा यात्रा मे शामिल रहै यह शोभा यात्रा शिव मंदिर से चलकर मुख्य बाजार चमन चौराहा नगर पंचायत के सामने से होती हुई गौतम नगर से पलिया रोड से चलकर तिकुनिया तिराहे से थाने के सामने से निकल कर शोभा यात्रा समापन हुआ इस शोभा यात्रा मे भक्तो ने जमकर जयकारो के साथ नाचते गाते हुए बाला जी महराज की जय जयकार करते रहै इस यात्रा मे भक्त गणो मे काफी मात्रा मे महिलाए पुरूष व बच्चे शामिल रहे व शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा।

## विशेष अभियान में अंत्योदय राशन कार्ड और पंजीकृत लाभार्थी श्रमिकों के बनेंगे गोल्डन कार्ड : सीएमओ

● आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलाया जा रहा अभियान

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**गरीब** और मजदूरों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत इस बार अभियान में विशेष तौर पर अंतोदय राशन कार्ड धारी एवं संनिर्माण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के गोल्डन कार्ड प्राथमिकता पर बनाए जाएंगे।

सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2023 से 25 मार्च 2023 तक आयुष्मान लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में विशेष तौर पर अंतोदय राशन कार्ड धारी एवं संनिर्माण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के गोल्डन कार्ड प्राथमिकता पर बनाए जाएंगे। इसके लिए चयनित लाभार्थियों के लिस्ट के अनुरूप जल्द से जल्द गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। किसी भी लाभार्थी को गोल्डन कार्ड बनवाने में कोई समस्या ना आए इसके लिए पंचायत सहायकों का सहयोग लिया जा रहा है। पात्र लाभार्थी अपने संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अथवा जिला अस्पताल में अथवा सूचीबद्ध निजी चिकित्सालय में जाकर अपना गोल्डन कार्ड बनवा सकते हैं।

## बगैर परमिट व रमन्ना के खुलेआम जारी है कटान

**गोलागोकर्णनाथ.खीरी।** दक्षिण खीरी वनप्रभाग की वनरेंज महेशपुर ;मोहम्मदीद्ध की बीट आंवला के ग्राम छिछौना में भयमुक्त होकर लकड़ी ठेकेदार .वनरक्षक के गठजोड़ के चलते बगैर परमिट रमन्ना के अवैध कटान का सिलसिला जारी है। इसकी खबर व वीडियो वनरेंज अधिकारी मोहम्मदी को शुक्रवार व शनिवार को मोबाइल पर दी इसके बावजूद 6शीशम व गूलर के वृक्षों का कटान ही नहीं हुआ बल्कि लकड़ी को भी ठेकेदार ने शनिवार को उठा कर ले गया है।

गौरतलब होकि वनरेंज अधिकारी मोहम्मदी को ग्राम छिछौना में अवैध ढंग से शीशम के वृक्षों का कटान व मौके पर मौजूद लकड़ी का वीडियो ही नहीं भेजा था बल्कि शिकायत भी की थी पर इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई और शनिवार को जब गूलर का कटान हो रहा था तब फिर मोबाइल पर अवगत कराया लेकिन बेखौफ लकड़ी ठेकेदार पर कोई असर नहीं हुआ।

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का शुभारंभ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

● सांसद खेल स्पर्धा से हर जिले से निकलेगा खेल का खिलाड़ीः केंद्रीय मंत्री

**शनिवार** को खीरी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का रमियाबेहड़ ब्लॉक, ग्राम पंचायत दरेरी के प्रा0वि0 राजपुर के खेल मैदान में भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने फीता काटकर किया।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय जाना। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान उनके प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, बीडीओ रमियाबेहड़ प्रीति तिवारी, क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा छिपी प्रतिभाओं को मंच दे रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को जी.20 की अध्यक्षता का अवसर मिला है। सरकार ने खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। हर जिले का खेल और प्रतिस्पर्धा मिले। इसके लिये सांसद खेल स्पर्धा का शुभारंभ किया गया है। तेजी से आगे बढ़ रहे नये भारत के निर्माण में सांसद खेल स्पर्धा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को सही प्रशिक्षण और दिशा मिले तो विश्व स्तर पर प्रदेश और भारत का नाम रोशन कर सकते हैं। युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पीएम मोदी ने खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट चलाया। खेलों में गाँव के युवाओं को आगे लाने की मुहिम शुरू की।

## गांव चलो अभियान अर्रोखेमाजिदपुर के बूथ खेमन्दापुर में हुआ आयोजित

**सीतापुर।** गांव चलो अभियान के तहत विधान सभा हरगांव के सेक्टर अर्रोखेमाजिदपुर के बूथ खेमन्दापुर में बसपा की बैठक आयोजित की गयी। जिसके मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल रहे। उनके साथ पूर्व नेता विधान परिषद व लखनऊ मंडल जोन इंचार्ज दिनेश चंद्रा, मंडल जोन इंचार्ज, गंगाराम गौतम, बी.के.जाटव, सुशील कुमार मुन्ना, रानू चौधरी, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम, मंडल जोन इंचार्ज वी.पी. हंस, राजेश सिद्धार्थ, उजागर लाल गौतम, सुरेन्द्र भार्गव, परिक्रमादीन गौतम, रजनीश मौर्या, छत्रपाल राजवंशी, विनोद राजवंशी, जाहिद अंसारी, डॉ.विनोद गौतम, देशराज गौतम, ब्रजकिशोर गौतम, जसकरनलाल चौधरी, राजेश सुरेश रावत, विकास राजवंशी, शैलेन्द्र गौतम, बंशराज भारती, अजयपाल भारती, मेड़ी लाल गौतम, सुरेशचंद्र भारती, राममिलन भार्गव, विजय कुमार कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

## माध्यमिक शिक्षक संघ सीतापुर की कार्य बहिष्कार की चेतावनी का पहले दिन दिखा असर

**संवाददाता।** सीतापुर

**माध्यमिक** शिक्षक संघ सीतापुर द्वारा शनिवार से शुरू यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करने की जो चेतावनी दी गई थी, शनिवार को पहले दिन के मूल्यांकन कार्य पर उसका असर साफनजर आया। राजकीय इंटर कालेज में हाईस्कूल और इंटर की कापियां जांचने के लिए 299 परीक्षक लगाए गए थे, जिनमें से 129 गैर हाजिर रहे। 54 हजार 607 कापियां आवंटित की गई थी, जिसमें से केवल 1 हजार 503 कापियां ही जांच गई। इसी प्रकार आरआरडी इंटर कालेज में 311 परीक्षक लगाए गए थे, जिनमें से 134 गैर हाजिर रहे, 44 हजार 982 आवंटित कापियों में से केवल 2 हजार 524 कापियां जांची गई। राजकीय बालिका इंटर कालेज में लगाए गए 515 परीक्षकों में 181 गैर हाजिर रहे, यहां एक लाख 15 हजार 907 में से कुल 4 हजार 166 कापियां ही जांची गई। म्युनिस्पिल इंटर कालेज में लगाए गए 515 परीक्षकों में से 202 गैर हाजिर रहे, यहां 74 हजार 546 कापियों में से 9 हजार 374 कापियां जांची गई।

## 300 से अधिक शक्ति केन्द्रों पर राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के सभी 551 शक्ति केंद्रों पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसके तहत अभी तक 300 से अधिक शक्ति केंद्रों पर कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस्माइलपुर सेक्टर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा मौजूद रहे। इस दौरान जितेंद्र मेहरोत्रा, चंचल श्रीवास्तव और सागर गुप्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीकृत बैंक लोक अदालत का हुआ आयोजन निस्तारित हुए 246 वाद

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय के निर्देशन में 17 व 18 मार्च को राष्ट्रीकृत बैंकों की लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर जिला जज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अभिषेक उपाध्याय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष लोक अदालत में सीतापुर जोन आर्यावर्त बैंक द्वारा 107 वादों को निस्तारित कर 72 लाख 59 हजार रूपए टोकन मनी वसूली गई। बैंक के बिसवां जोन द्वारा 35 वादों को निस्तारित कर 11 लाख 31 हजार रूपए और बैंक आफइंडिया द्वारा कुल 30 वादों को निस्तारित 62 लाख 67 हजार रूपए, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 31 वादों को निस्तारित कर 96 लाख 23 हजार 38 रूपए की टोकन मनी वसूली गई। श्री उपाध्याय ने बताया कि इस प्रकार समस्त बैंकों ने कुल 9 हजार 787 वादों को नियत करते हुए 246 वादों को निस्तारित कर कुल 2 करोड़ 3 लाख 81 हजार 738 रूपए की वसूली की गई।

## क्विक न्यूज

### महमूदाबाद में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सीतपुर।** महमूदाबाद निपुण भारत के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार प्रीति सिंह, बीडीओ विकास सिंह ने संबोधित किया। बीइओ उदयमणि पटेल ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। मंच का संचालन ज्योति सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ, शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### श्रीराम कथा में भगवान की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

**मोहम्मदी खीरी।** मानस अमृत सेवा संस्थान की ओर से श्री श्याम बल्लभा मंदिर प्रांगड़ मोहम्मदी में चल रही राम कथा के पांचवे दिन कथा व्यास जितेन्द्री जी महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनकर सभी को भावविभोर कर दिया।उन्होंने नामकरण के बाद प्रभु के बाद प्रभु के बाल रूप का वर्णन किया।व्यास जी ने बताया की प्रभु श्री रामचंद्र ने बाल क्रीड़ा की और समस्त नगर निवासियों को सुख दिया कौशल्या जी कभी उन्हें गोद में लेकर हिलाती .डुलाती और कभी पालने में लिटाकर झुलाती थी।इस दौरान एक भजन छम छम डोले अंगना मेंएलाला की पैजनियां बाजे सुनकर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया।कथा श्रवण की महिमा बताते हुए इसे मन की शुद्धि का सर्वोत्तम साधन बताया।उन्होंने कहा की कई जन्मो के पुण्य से ही कथा सुनने और कथा करवाने का लाभ मिलता हैं।

### दो फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**बरेली** । लंबे समय से फरार चल रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने बीती रात छापामार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला हजियापुर निवासी यामीन पुत्र मजीद और बारादरी के सकलैन नगर निवासी इरफान पुत्र मुख्तार को पुलिस ने बीती रात हजियापुर पीली मिट्टी के पास से गिरफ्तार किया दोनों पर थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज थे लेकिन वह फरार चल रहे थे बीती रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा ।

### तमंचे समेत एक गिरफ्तार

**बरेली।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।बारादरी थाना क्षेत्र की सनराइज कॉलोनी निवासी सूरजपाल पुत्र राम प्रसाद को पुलिस ने बीती रात चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया सड़क पर जा रहे सूरजपाल को पुलिस ने रोक कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ पुलिस ने उसे जेल भेजा।

### सो रही युवती पर किया जानलेवा हमला

**बरेली।** रात के समय मकान के बरामदे में बिस्तर पर सो रही एक युवती पर घर में घुसे अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी हुलासी राम की बेटी 30 वर्षीय रामादेवी को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रामा के बड़े भाई कल्लू ने बताया कि रामा कल शाम को रोजाना की तरह मकान के बरामदे में लगे अपने बिस्तर पर सोई थी जबकि वह खुद अपने परिवार के साथ अंदर कमरे में सोया हुआ था और दरवाजा अंदर से बंद था और पंखे की आवाज के चलते बाहर की आवाज कमरे में सुनाई नहीं दे रही थी रात में लगभग 1 बजे जब वह कमरे से बाहर निकला तो उसने देखा कि रामा घायल अवस्था में बिस्तर पर लेटी हुई है और जोर से चीख रही है उसने घटना की जानकारी गांव वालों को दी और रामा को इलाज के लिए पहले के स्थानीय डॉक्टर के पास ले लिया और फिर घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद रामा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है कल्लू ने कहा सुदामा अविवाहित हैं और उनकी किसी से रंजिश भी नहीं है रामा को भी हमलावरों को लेकर कोई जानकारी नहीं थी ।

### सेना का अधिकारी बताकर रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**बरेली।** खुद को सेना का अधिकारी बताकर रंगदारी मांगने वाले एक अभियुक्त को एसटीएफऔर पुलिस की टीम ने आज गिरफ्तार किया उसके पास से नकदी व अन्य सामान भी बरामद किया गया पुलिस ने उसे जेल भेजा बारादरी थाना क्षेत्र में बजरंग ढाबे के पास से आज एसटीएफऔर पुलिस की संयुक्त टीम ने सहारनपुर के सदल गंज नकुल निवासी अंकित चौधरी पुत्र अमरपाल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए अंकित चौधरी के पास से पुलिस ने 27 सो रुपए नगद, सेना की वर्दी पहने हुए एक फोटो, एप्पल कंपनी का सफेद रंग का एक मोबाइल फोन और एक आधार कार्ड बरामद किया उस पर खुद को सेना का अधिकारी बताकर लोगों से रंगदार मांगने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# निघासन में समूह की महिलाएं तैयार करेंगी बच्चों का पोषाहार

● बच्चों को मिलेगा ताजा पोषाहार और महिला समूहों को रोजगार

● डीएम ने किया टीएचआर प्लांट का शुभारंभ, किया समर्पित

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**ब्लॉक** निघासन के ग्राम चखरा में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं को वितरित किए जाने पोषाहार का निर्माण करने की शुरुआत हुई।शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डीसी एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, बीडीओ राकेश सिंह के साथ पूजा.अर्चना कर चखरा में रोशनी प्रेरणा लघु उद्योग स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित टीएचआर ;टेक होम राशनद्ध प्लांट का शुभारंभ किया, जो निघासन व रमियाबेहड़ ब्लॉक के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषाहार उपलब्ध कराएगा।

डीएम ने प्लांट को बटन दबाकर चालू करने के साथ ही उसमें अनाज डालकर पोषाहार निर्माण कार्य शुरू कराया है। डीएम ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से नारी शक्ति लगातार आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ रही है। महिलाओं की समृद्धि में यह प्लांट बड़ी भूमिका निभाएगा। बच्चों को ताजा पोषाहार मिलने से कुपोषण मुक्त खीरी का सपना साकार होगा। आंगनबाड़ी के बच्चों, गर्भवती महिलाओं को बांटा जाने वाला पोषाहार अब स्थानीय स्तर पर पुष्टाहार निर्माण इकाई के जरिए समूह की महिलाएं तैयार करेंगी। स्थानीय स्तर पर पोषाहार तैयार होने से बाहर से मंगाने पर होने वाला खर्च बचेगा और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार मिलेगा। इस दौरान डीएम ने प्लांट का निरीक्षण किया। इसके उत्पादन क्षमता आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्लांट मे कार्य कर रही दीदियो ने बताया कि रौशनी प्रेरणा लघु उद्योग का संचालन ग्रापं चखरा के चार ग्राम संगठन से चयनित 14 समूहों की बीस महिलाये द्वारा किया जा रहा है। बीडीओ राकेश सिंह ने बताया कि प्लांट मे कार्य कर रही दीदियो का प्रशिक्षण कराया जा चुका है। प्रशिक्षण के बाद प्लांट द्वारा 45 मीण्टन उत्पादन किया जा चुका है, जिसका शीघ्र वितरण करा दिया जायेगा।

बताते चले कि सरकार ने जिले में पोषाहार निर्माण करने के लिए पुष्टाहार निर्माण इकाई ;टेक होम राशनद्ध प्लांट लगाने की योजना बनाई, जिससे जनपद में कुल नौ टीएचआर प्लांट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिससे सभी 15 ब्लॉकों समेत शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषाहार उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना से लाभार्थियों को ताजा पोषाहार मिलेगा और वहीं महिला समूहों को टीएचआर प्लांट के संचालन की जिम्मेदारी मिलने से उनकी सदस्यों को रोजगार मिलेगा।

### टीएचआर प्लांट में बनेंगे उत्पाद, रमियाबेहड़ निघासन में होगी सप्लाई

टीएचआर प्लांट के संचालन का जिम्मा संभाल रही दीदियो ने बताया कि प्लांट मे अलग.अलग लाभार्थियों के लिए छह प्रकार की रेसिपी से उत्पाद तैयार किया जा रहा। सर्वप्रथम गेहूं व चना की सफाई की जाती। इसके बाद ट्राली से धुलाई की जाती है। इसके बाद भुनाई रोस्टर से सभी प्रकार के पदार्थो की भुनाई कर अलग अलग टेंको मे स्टॉक क हेमर मिल द्वारा गेहूं, मूंग, चना, चीनी व मुगफली के दाने मिलाकर पिसाई कर बाई ब्रो मशीन से छनाई कर मिक्सर मे सोयाबीन तेल, प्रीमिक्स दूध पाउडर व मसाले मिलाये जाते है। उसके बाद तैयार उत्पाद की पैकिंग मशीन से पैकेटो की पैकिंग की जाती है। प्लांट पर छह माह से 03 वर्ष, 03 से 06 वर्ष, गर्भवती धत्रियों के लिए, कुपोषित बच्चों के लिए अलग अलग प्रकार के व्यजन तैयार कर पैकिंग की जाती है। कार्यक्रम में बीडीओ राकेश सिंह, डीसी.एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, प्रधान गजराज, सचिव धीरेन्द्र मौर्य, बीएमएम अभिषेक शुक्ला, सैय्यद आमिर, क्लस्टर कोर्डिनेटर रमन पाण्डेय, अंदेश कुमार, सुमित पाल, पंकज पाल, विनोद कुमार, प्लांट मे कार्य रही दीदी, समूह की दीदियाँ व गांव के लोग भी उपस्थित रहें।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत

**बरेली।** देवर के साथ मोटरसाइकिल पर मायके से लौट रही एक महिला उसके बच्चे और देवर की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शाहजहांपुर के जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव लालपुर बड़ा गांव निवासी 29 वर्षीय रामदीन पुत्र रामेश्वर उसकी भाभी सुरजा पत्नी स्वर्गीय रामकिशोर और उसके 3 महीने के बेटे निशांत की बीती रात इलाज के लिए शाहजहांपुर के जिला अस्पताल से बरेली के जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतकों के परिजनों ने बताया कि सुरजा देवी के पति रामकिशोर की लगभग 6 माह पहले ही मौत हो चुकी थी और वह कल दिन में अपने देवर रामदीन के साथ मोटरसाइकिल पर शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र के गांव जमूका स्थित अपने मायके गई थी जहां से कल शाम को वह बेटे और देवर के साथ अपने घर वापस लौट रही थी लेकिन जब उनकी बाइक मीरानपुर कटरा मंडी के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

## विकास क्षेत्र क्यारा में एआरपी ने महिला शिक्षामित्र का किया मानसिक उत्पीड़न

**संवाददाता।** बरेली

**पिछले** दिनों विकास क्षेत्र क्यारा के प्राथमिक विद्यालय ऊंचा गांव में सपोर्टिव सुपर विजन हेतु पहुंचे एआरपी गणित उदित विक्रम सिंह ने शिक्षिका वंदना वर्मा एवं एक अन्य शिक्षिका के कहने पर मेरा मानसिक उत्पीड़न किया और सामाजिक रूप से मुझे समाज के बीच अपमानित करते हुए डराया और कहा कि तुम मीटिंग में यदि नहीं जाओगी तो पोर्टल पर डाल दूंगा और तुम्हें अनुपस्थित दिखाकर तुम्हारे खिलाफ विभागीय कार्यवाही का पत्र लिखूंगा , तुम्हारी सेवाएं समाप्त कर आऊंगा स तुम सभी शिक्षामित्र पूरे जनपद में काम नहीं करते हो और मुझे जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि तुम तो बहुत ही बड़ी कामचोर हो , बदतमीज हो ।

तुम्हें नौकरी करना सिखा दूंगा स तब से प्रार्थनी और उसका पूरा परिवार डिप्रेशन में है स प्रार्थिनी की लगातार तबीयत खराब चल रही है बीपी लो चल रहा है घबराहट हो रही है, चिकित्सक से दवा ले रही हूं स ऐसी स्थिति में यदि मेरे साथ कुछ भी अप्रिय होता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी ए आर पी (गणित )उदित विक्रम सिंह की होगी सउक्त एआरपी ने मेरे साथ यह अभद्रता पहली बार नहीं की है बल्कि पहले भी कई बार पहले भी जियादती कर चुका है इस बार तो अति हो जाने के बाद मुझे मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा है स उक्त ए आर पी ने पिछले दिनों कई अन्य विद्यालयों के शिक्षकों, अनुदेशकों और शिक्षामित्रों के साथ भी दुर्व्यवहार और उनका मानसिक उत्पीड़न किया है, जिसकी लिखित शिकायत संबंधित द्वारा तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारियों को की गई, पर हर बार उदित विक्रम सिंह द्वारा खंड शिक्षा अधिकारियों के संज्ञान लेने पर संबंधित से माफी मांग ली गई स यहां तक कि उक्त ए आर पी अपने एक और साथी महिला एआरपी के साथ भी अभद्रता कर चुका है।

# मेडिकल कालेज में नर्सिंग कर्मचारी ने लगा ली फांसी

**संवाददाता।** बरेली

**फतेहगंज** पश्चिमी नेशनल हाईवे के राजश्री अस्पताल में नर्सिंग कर्मचारी ने शुक्रवार दोपहर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक बिजली के तार का फंदा पंखे में बांधा और गले में लगाकर झूल गया इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।मौत के कारण की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई ।मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के राजश्री मेडिकल कॉलेज में मुनीश यादव निवासी ग्राम फरीदपुर पोस्ट बबराला जिला संभल उम्र 26 वर्ष 2021 से नर्सिंग कर्मचारी के पद पर काम कर रहा था। शुक्रवार की दोपहर के समय नर्सिंग स्टाफ की महिला कर्मचारी ने उसे फोन किया बार बार फोन करने पर जब रिसीब नही हुआ। तो वह गार्ड को लेकर नर्सिंग हॉस्टल तीसरी मंजिल कमरा नंबर 40 पर पहुंच गई। गार्ड ने कमरा खटखटाया लेकिन कमरा नहीं खुला फिर गार्ड बालकोनी के रास्ते विंडो की तरफ गया तो उसने देखा कि मुनीश पंखे में लटका हुआ था। उसने बापस आकर स्टाफ को बताया फिर अन्य स्टाफ भी वहां आ गया। उन्होंने कमरे के पीछे वाला गेट तोड़कर अंदर प्रवेश कर मुनीश को पंखे से नीचे उतारा मुनीश ने बिजली के तारों का फन्दा पंखे के कुंडे में बांध गले में फन्दा लगाकर फांसी लगा ली । गार्ड ने अपने स्टाफ को बताया उसने अस्पताल मैनेजर श्याम गंगवार को घटना की सूचना दी।मैनेजर श्याम गंगवार ने पुलिस को सूचना कर बुलाया।सूचना पर सीओ हर्ष मोदी थाना प्रभारी मनोज कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये।उन्होंने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मैनेजर ने मनीष के परिजनों को घटना की सूचना कर जानकारी दे दी है। पुलिस ने गार्ड और नर्सिंग स्टाफ से पूछताछ की लेकिन मौत की कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## खनन माफिया के हौसले बुलंद विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी


**बरेली।** थाना फरीदपुर क्षेत्र में खेत से जबरन मिट्टी ले जाने का विरोध करने पर खनन माफिया ने किसान पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

किसान ने खनन माफिया के खिलाफ थाना फरीदपुर में तहरीर दी है। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की पीड़ित ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की है।

थाना फरीदपुर क्षेत्र के मोहल्ला मिर्धान निवासी कलीम उद्दीन पुत्र मोवीन उद्दीन ने एसएसपी से शिकायत करते बताया फरीदपुर में खनन माफिया हावी हैं। वे रात-दिन खनन कर मिट्टी उठाते हैं। मोहल्ला मिर्धान निवासी कलीमुद्दीन का खेत गांव बकैनिया में है। आलू की फसल खोदने के बाद खेत खाली पड़ा है। इससे खनन माफिया को मौका मिल गया और वह किसान के खाली खेत से मिट्टी उठाने लगे। सूचना पर किसान ने अपने बेटे तनवीर को खेत पर भेजा।

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**आमजन** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को खीरी की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजित हुआ। वही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में तहसील निघासन के सभागार में ष्संपूर्ण समाधान दिवसष् आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की, गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

अफसर पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 101 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 48, पुलिस 14, विकास 20, विद्युत 08, कृषि 04, आपूर्ति दो, पीडब्ल्यूडी, नगर पंचायत स्वास्थ्य, वन, समाज कल्याण, बाल विकास का एक-एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एएसपी नेपाल सिंह, डीडीओ अरविंद कुमार, तहसीलदार भीमसेन सहित जिला, तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

निघासन तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान अदलाबाद निवासी 52 वर्षीय हीरालाल की दीन दशा देखकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह भावुक हो उठे। दस्तावेजों के अभाव में बदहाली का दंश झेलने, सरकारी मदद से वंचित रहने का संज्ञान लिया। अफसरों की एक टीम सहायतार्थ लगाया।

डीएम का निर्देश पर सीडीओ अनिल सिंह के नेतृत्व में अफसर हरकत में आ गए। नेत्रहीन हीरालाल का आधार कार्ड बनवाने के लिए सचिव सुनील पंकज, खाता खुलवाने के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक एनके पांडेय, दिव्यांग पेंशन के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने तुरंत प्रयास शुरू कर दिए।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 60 शिकायतों में 8 का निस्तारण

संवाददाता। खागा (फतेहपुर)

**सम्पूर्ण** समाधान दिवस तहसीलदार ईवेंद्र कुमार वा पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों की आई हुई पांच दर्जन शिकायतों में मौके पर लगभग 8 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। और शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्षो को शीघ्र निस्तारण करने के आदेश दिए गए। और पूर्व की लाम्बित शिकायतों को टीम के माध्यम से मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने हेतु आदेशित किया गया।

खागा तहसील परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की आई हुई शिकायतों को निस्तारित करते हुए तहसीलदार ईवेंद्र कुमार ने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की कुछ 60 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमें से मौके पर प्राप्त लगभग 8 प्रार्थना पत्रों को निस्तारित किया गया है। और इन्होंने बताया कि शेष 52 शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्षो को शीघ्र निस्तारण करने के आदेश दिया गया है।तथा इन्होंने बताया कि पूर्व में लाम्बित शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। और राजस्व व पुलिस टीम के माध्यम से मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने के आदेश दिया गया है। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश चंद्र मिश्रा, तहसीलदार ईवेंद्र कुमार,नायब तहसीलदार शशांक राय व पीयूष सिंह ,खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार चतुर्वेदी, सेकंड प्रभारी प्रदीप कुमार यादव ,चकबंदी अधिकारी अनिल कुमार गौतम ,अधिशासी अधिकारी मोहनी केसरवानी , बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष पांडे ,कुलदीप उत्तम, कानूनगो धर्मेंद्र चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी एवं राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## हड़तालः जेई समेत कई पर मुकदमा दर्ज, 19 बर्खास्त

**फतेहपुर।** बिजली कर्मियों के कार्य बहिष्कार से आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। हड़ताल के तीसरे दिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए जेई समेत कई बिजली कर्मियों के विरुद्ध एस्मा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं जिला प्रशासन की शिकायत पर आउटसोर्स कम्पनी ने 19 कर्मियों की बर्खास्तगी की है। जनपद में संयुक्त संघर्ष समिति की अगुवाई में अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। संयोजक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में तीन दिन से चल रही विद्युत कर्मियों की हड़ताल से आम जनजीवन बेहाल हो गया। बिजली की समस्याओं के चलते कई मोहल्लों में पानी का संकट भी गहरा गया है। बिजली कर्मियों की हड़ताल को बेअसर करने को जिला प्रशासन लगातार विद्युत व्यवस्था बहाल कराने में लगा हुआ है। शनिवार को हड़ताल के तीसरे दिन जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बिंदकी उपकेंद्र रूरल में तैनात जेई सुरेश कुमार, एसएसओ जितेंद्र सिंह, देवी प्रसाद व राहुल कुमार के खिलाफ लेखपाल जितेंद्र कुमार की तहरीर पर एस्मा सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## जिला पंचायत के कैटल कैचर वाहन को साध्वी ने झंडी दिखा किया रवाना

संवाददाता। फतेहपुर



**जिला** पंचायत द्वारा सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील पर निराश्रित गो वंश को पकड़कर सकुशल गो आश्रय स्थल तक ले जानें हेतु क्रय किए गए कैटल कैचर वाहन को जनपद की सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने पीडब्ल्यूडी डाक बंगले से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, अर्चना त्रिपाठी योगेंद्र सिंह समेत जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी लालता प्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी विजय प्रताप सिंह, अवर अभियंता नन्द कुमार राय, सुरेश कुमार, रोहित कुमार, जिप कर्मी, भाजपा नेता व ठेकेदार आदि मौजूद रहें।

उधर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह पप्पू ने कहा है कि जिला पंचायत विकास कार्यों के साथ साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी प्रभावी ढंग से कार्य करता रहा है। आगे भी इस कड़ी को प्रभावी स्वरूप दिया जाता रहेगा।

## ट्रक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित प्राइवेट बस पलटी, 14 तीर्थ यात्री घायल

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**अमृतपुर** थाना क्षेत्र में एक ट्रक को वचाने के प्रयास में तेज रफ्तार बाली अनियंत्रित प्राइवेट बस के पलट गयी जिसमें 14 तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बस में 50 तीर्थयात्री सवार थे। अमृतपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि कन्नौज जिले के तिर्वा थाना एवं कस्बा क्षेत्र के 50 तीर्थ यात्री, हरिद्वार की तीर्थ यात्रा करके,एक प्राइवेट बस से घर वापस लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों से भरी यह प्राइवेट बस, आज शनिवार करीब 8. 30 बजे अमृतपुर थाना क्षेत्र के वार्डर समीपवर्ती गांव गुर्जरपुर पमारान के समीप जब तेज रफ्तार से गुजर रही थी। इसी समय एक ट्रक का बचाव करते समय यह बस अचानक अनियंत्रित होकर, सडक समीपवर्ती खंड्डु में पलट गई। इसके बाद तीर्थ यात्रियों में मची चीख पुकार सुनकर, पड़ोसी गांव के ग्रामीण एवं राहगीरों के साथ ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल 14 तीर्थ यात्रियों को समीपवर्ती राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए पहुंचाया।

## जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में छाया सड़कों का मुद्दा

संवाददाता। हमीरपुर



**जिला** पंचायत परिसर में अध्यक्ष जयंती राजपूत की अध्यक्षता में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 मे प्राप्त होने वाले शासकीय अनुदानों में पंचम राज्यवित्त आयोग पन्द्रहवाँ वित आयोग के अन्तर्गत टाइड एवं अनटाइड फंड से हुई आय तथा जिलानिधि में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कार्य योजना पर विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के मूल बजट पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। जिला विकास अधिकारी ने मनरेगा बजट प्रस्तुत किया।

बैठक में जिपं.सदस्य हरिओम ने अधिशासी अभियंता लोनिवि से मौदहा एवं सुमेरपुर ब्लाकों में पारा रैपुरा में नाला निर्माण एवं सड़क निर्माण के लिए भेजे गए प्रस्तावों पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। सदर विधायक डा.मनोज कुमार प्रजापति ने विस्तृत एजेंडा प्रस्तुत करने के लिए अपर मुख्य अधिकारी अमित राज सिंह से कहा। सदर विधायक ने खरेहटा गांव में एक सड़क एवं सायर से करगांव सड़क निर्माण शीघ्र कराए जाने के? लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया। जिपं.सदस्य विजय पांड्ेय ने भी भरसवां से बंडवा में सडक निर्माण शीघ्र कराने के लिए लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए। बोर्ड की बैठक में सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधायक मनीषा अनुरागी, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, डीडीओ विकास मिश्रा, अपर मुख्य अधिकारी अमित राज सिंह, अनुज कुमार, वासुदेव सिंह, अंजु पाल, जिपं. सदस्य रामदुलारी, सुमन सहित अन्य सदस्य व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

## समाधान दिवस में 44 शिकायतों में से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण

**उरई( जालौन )।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में तहसील जालौन के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष 44 शिकायतें प्राप्त है जिसमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। राजस्व की 13, पुलिस की 19, विकास की 03, पूर्ति की 02, विधुत की 02, स्वास्थ्य की 02, डूडा की 01, नगर पालिका की 02 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

# जिला पंचायत की बैठक में 54.60 करोड़ का बजट पारित

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**जिला** पंचायत की बैठक फतेहगढ़ स्थित विकास भवन में अध्यक्ष मोनिका यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में लगभग 23 सदस्य मौजूद रहे।

संचालन अपर मुख्य अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह ने किया।बैठक में सांसदमुकेशराजपूत,विधायक सुशील शाक्य,नागेंद्र शाक्य और प्रभारी सी डी ओ योगेंद्र कुमार पाठक भी मौजूद रहे।डेढ़ घंटे चली बैठक में सर्वसम्मति से चौवन करोड़ साठ लाख के प्रस्ताव पारित हुए। सबसे पहले गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई।मनरेगा के 98786 परिवारों आच्छादित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।जिला विकास योजना का अनुमोदन किया गया।

अपर मुख्य अधिकारी नरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि दो गौशाला पहले से है दो अन्य गौशाला को बनाने का स्थान चाहिए।इस पर सांसद ने मानिकपुर दहेलिया मोहम्मदाबाद में 100 बीघा जमीन में गौशाला बनाने का प्रस्ताव दिया।आई जी आर एस में सड़क निर्माण में केवल सदस्यो से प्रताव लेने को ध्वनि मत से सहमति बनी।जिला पंचायत मोहम्मदाबाद में चार दुकानों में किराया बढ़ाने की सहमति दी गई।1828 कर दाताओं से टैक्स बढ़ाने की सहमति बनी।

अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि गत वर्ष 43 करोड़ अवशेष था। 21करोड़ पंचम वित्त आयोग से मिला। टोटल 64.71करोड़ में से चार करोड़ वेतन में खर्च होते हैं। अनुदान में 24 करोड़ प्राप्त हुआ।

## ट्रक से भिड़ंत होने के बाद हाईवे पर पलटा कंटेनर दो घायल

**उरई।** एट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार दौड़ रहे कंटेनर का बिरासनी मोड़ के समीप अचानक टायर फट गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर उरई की ओर से आ रहे ट्रक से भिड गया। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए और कंटेनर अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में चालक व परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

झांसी की ओर से एक कंटेनर कानपुर की ओर जा रहा था। बताया गया है कि जैसे ही कंटेनर एट क्षेत्र के बिरासनी मोड़ के पास पहुंचा तभी उसका टायर फट गया।

## समाधान दिवस में शिकायतों का समाधान न होने से फरियादी मायूस



**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा स्थित तहसील सभागार कक्ष में आयोजित समाधान दिवस में दो दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराते हुए उनके निदान की मांग की है, लेकिन समय रहते समस्याओं का निस्तारण न होने से फरियादियों में मायूसी छाई रही। समाधान दिवस उप जिलाधिकारी राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें आए 25 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं लेकिन मात्र एक ही शिकायत का मौके पर निस्तारण किया जा सका, जिससे बांकी के शिकायतकर्ताओं में मायूसी छाई रही। समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे स्टांप वेंडर हकीमुद्दीन पुत्र दीन मोहम्मद निवासी इचौली ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका अकाउंट नगर के बैंक ऑफ बड़ौदा में संचालित है जिसमें दिनांक एक मार्च को कस्टमर केयर की तरफ से फोन आया और उससे आधार कार्ड के अंतिम चार नंबर मांगे जिसको देने के बाद उसके अकाउंट से लगभग डेढ़ लाख रुपए कट गए जिसके बाद उसके द्वारा स्थानीय थाना सहित जिला स्तर पर कई शिकायतें दर्ज कराई गईं लेकिन अभी तक उसकी शिकायत का कोई समाधान नहीं हो सका।

## पीएम मोदी के पंच प्रण को साकार करें युवा शक्तिः आर के सिंह पटेल

**चित्रकूट।** नेहरू युवा केंद्र ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण आधारित जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारम्भ सांसद आरके सिंह पटेल ने दीप जलाकर किया। बतौर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, प्राचार्य गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कालेज डा विनय कुमार चौधरी की मौजूदगी में जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए केंद्र की गतिविधियों व जिला युवा उत्सव रूपरेखा पर रोशनी डाली। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि आज भारत दुनिया में सबसे बड़ी युवा-शक्ति हैं। हमें अपनी अपार क्षमता हासिल करने का प्रयास करना चाहिए।

## अकबरपुर में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं समस्यायें

संवाददाता। कानपुर देहात



**डीएम** नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की उपस्थिति में तहसील सभागार अकबरपुर में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की 41 शिकायतें प्राप्त हुएए इसी प्रकार पुलिस 14, बीडीओ अकबरपुर 10, विद्युत 06, एआरओ 02, समाज कल्याण 02ए, डूडा 02, कुल 78 शिकायतें प्राप्त है, जिनके संबंध में संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिएए उप जिलाधिकारी अकबरपुर से कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है।

## क्विक न्यूज़

### खंदक में गिरी बाइक, युवक घायल-हालत गंभीर

**माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार जा रही बाइक ग्राम गोहनी के पास अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई। जिससे बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने लहूलुहान हालत में उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से उसे उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोहनी निवासी कल्लू किसी काम के सिलसिले से बाइक पर सवार होकर गांव से सरावन जा रहा था। बताया गया है कि वह जैसे ही ग्राम गोहनी से कुछ ही दूर निकला था। कि तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद हड़कंप मचते ही घटनास्थल पर जमा हुए राहगीरों ने आनन-फानन में उसे उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### अज्ञात वाहन से अज्ञात महिला कुचली, नहीं हुई शिनाख्त

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के कालपी रोड पर पटेल चौक पुखरायां के पास अज्ञात वाहन ने महिला को कुचल दिया है। जिससे उसकी मौत हो गई है। महिला की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। भोगनीपुर थाने के उप निरीक्षक अनुज अवस्थी ने बताया कि रात में अज्ञात वाहन ने महिला को कुचल दिया था। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। अंधेरे में उसके ऊपर से कई वाहन निकल गए हैं। सबेरे छह बजे जब पटेल चौक आसपास के नागरिक मार्निंग वाक के लिये निकले तो महिला का शव छत-विछत अवस्था में मिला। नागरिकों ने थाने में सूचना दी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी।

### वादा कर भूल जाना सरकार की फितरत : राम सिंह

**चित्रकूट।** भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बिजली कर्मियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को लिखित समझौते पर अमल करना चाहिए। शनिवार को भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि बिजली कर्मचारी संघर्ष समिति के लिखित समझौते पर सरकार को अमल करना चाहिए। जब सरकार के मंत्री समझौता से मुकरे तो फिर ये हड़ताल बिजली कर्मचारियों पर थोपी जा रही हैं। सरकार को जनता की परवाह नहीं है कि इस हड़ताल से कितने गांवो में अंधेरा हैं, लेकिन ये सरकार वायदा खिलाफी की माहिर बन चुकी है। इसी प्रकार किसानों के साथ भी सरकार ने वायदा खिलाफी की है। अब तो सरकार की मंशा ही बन चुकी हैं, वायदा करो फिर मुकर जाओ।

### साधन सहकारी समिति टीहर के चार संचालक निर्वाचित

**रामपुरा (जालौन)।** साधन सहकारी समिति टीहर में संचालकों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हुई।जिसमे 2 गांवों से 4 संचालक निर्वाचित घोषित किए गए। शनिवार को साधन सहकारी समिति टी हर में चुनाव प्रारंभ हुआ।जिसमे ग्राम पचोखरा से 6 प्रत्याशी मैदान में थे जिसमे मतदान के बाद मतगणना भी हुई।जिसमे राजाबेटी को 20 मत,मधुवाला को 26 तथा जितेंद्र को 30 मत प्राप्त हुए तीनों प्रत्याशियों को विजई घोषित किया गया।वही ग्राम जाजेपुरा में एक संचालक के लिए दो प्रत्याशी आमने सामने थे।मतदान के बाद मतगणना शुरू हुई जिसमे जितेंद्र ने 105 वोट पाकर विजय हासिल की। चुनाव अधिकारी आलोक सिंह सेंगर तथा मुलू सेंगर ने निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाया। वही चुनाव में कोई गड़बड़ी न हो एवम शांति व्यवस्था कायम रहे को देखते हुए उप निरीक्षक महादेव सिंह, आरक्षी विकास सहित पुलिस स्टाफ रहा। मतगणना के दौरान एसओ रामपुरा राजीव कुमार वेस ने भी हमराहियो सहित निरीक्षण किया। प्रधान टीहर प्रदीप कुमार गौरव,प्रधान पचोखरा देवेंद्र कुमार,प्रधान जाजेपुरा प्रदीप कुमार, श्याम सुंदर, जीतू त्रिपाठी,कल्लू सेंगर,आदि सहित काफी लोग मौजूद रहे।

### प्रयोगशाला प्राविधिक संघ में गिरीश कुमार अध्यक्ष व पुष्पेंद्र मंत्री निर्विरोध चुने गए

**फर्रुखाबाद।** डा राममनोहर लोहिया चिकित्सालय के सभागार में ऊ प्र प्रयोगशाला प्राविधिक संघ का दिवर्षिक अधिवेशनएचुनाव डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष चक्र सिंह यादव एवम् मंत्री जितेंद्र सिंह की देख रख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव पर्यवेक्षक अरविन्द प्रजापति की देख रेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध घोषित किया गया जो निम्न प्रकार है त्र अध्यक्ष गिरीश कुमार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौम्या कृति वर्मा,उपाध्यक्ष राजन राय,मंत्री पुष्पेंद सिंह,संयुक्त मंत्री सानू सिंह भदौरिया,संगठन मंत्री योगेंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष अमृत सिंह, संप्रेक्षक संदीप गंगवार,संरक्षक राममिलन आदि निर्विरोध चुने गए। इसके अलावा अन्य कार्यकारिणी सदस्य भी मौजूद रहे।

### भाई को पीटकर हत्या करने का आरोप

**पुखरायां कानपुर देहात।** सट्टी थाना क्षेत्र के ततारपुर गांव के निकट नहर किनारे एक 35 वर्षीय युवक का शव मिला है। युवक के भाइयों ने उसके ससुरालजनों पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। सट्टी थाना क्षेत्र के ततारपुर के मजरा बीरबल का पुरवा निवासी हीरालाल पुत्र बादशाह नायक का शव सुबह गांव के बाहर नहर किनारे पड़ा मिला। मृतक हीरालाल के भाइयों ने बताया कि उनका भाई हीरालाल गुरूवार को अपनी ससुराल गया था। यहां पर कुछ विवाद होने पर ससुरालजनों ने मार पीटकर हत्या उसकी हत्या कर दी और शव को गांव के बाहर नहर के किनारे फेंक दिया है। मृतक के परिवारीजनों की तहरीर पर भोगनीपुर की क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### डीएम-सीडीओ ने विद्युत समस्याओं के समाधान को दिये निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर विद्युत कर्मियों की हडताल को लेकर लो वोल्टेज की आ रही शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल समाधान के निर्देश दिये। शनिवार को डीएम अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने कंट्रोल रुम में तैनात कर्मियों की हाजिरी चेक की। एडीएम को निर्देश दिये कि सभी उप जिलाधिकारियों से सूचना ली जाए कि जो संविदाकर्मी लगाए गए हैं, वह विद्युत संचालन का कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं। जो संविदा कर्मी विद्युत संचालन में रुचि नहीं ले रहे, उनके खिलाफ कार्यवाही को पत्र भेजा जाये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से अपेक्षा की है कि अध्यापकों व लेखपालों की मौजूदगी तथा पेयजल समस्या से संबंधित विकास भवन में संचालित कंट्रोल रूम को भी इससे जोड़ दिया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत संचालन में लापरवाही बरतने वाले संविदा कर्मियों को चिन्हित कर कार्यवाही को पत्र भेजा जाए। उन्होंने कंट्रोल रूम में संचालित नंबर 05198-298090, 8765473609 एवं 8737991456 की क्रियाशीलता जांची। उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिए कि जो विद्युत से संबंधित शिकायतें आ रही हैं, तत्काल अधिशासी अभियंता विद्युत को बताएं, ताकि निस्तारण हो सके।

# पेज एक का शेष

## पूर्वी लद्दाख...

आमने-सामने हैं। हालांकि दोनों देशों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई अन्य क्षेत्रों से सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जयशंकर ने कहा कि यह चीन के साथ हमारे संबंधों में एक बहुत चुनौतीपूर्ण और असामान्य चरण है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं क्योंकि 1988 से लेकर जब राजीव गांधी वहां गए थे, 2020 तक, समझ यह थी कि सीमा पर शांति बनाए रखी जाएगी। विदेश मंत्री ने सीमा पर बड़ी संख्या में सैन्य बलों को नहीं लाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों का भी उल्लेख किया और कहा कि विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए बहुत विशिष्ट तरीके की समझ और प्रोटोकॉल भी बनाए गए थे। जयशंकर ने कहा कि चीन ने 2020 में समझौतों का उल्लंघन किया, जिसके परिणाम गलवान घाटी और अन्य इलाकों में देखने को मिले। उन्होंने कहा कि हमने अपने सैनिकों को तैनात किया है, हम अपनी जमीन पर डटे हैं और मेरे विचार से स्थिति अभी भी बहुत नाजुक बनी हुई है, क्योंकि ऐसी जगहें हैं जहां हमारी तैनाती बहुत करीब है और वहां सैन्य आकलन के लिहाज से वास्तव में हालात काफी खतरनाक हैं। जयशंकर ने कहा कि हमने चीनियों को यह स्पष्ट कर दिया है कि हमें शांति भंग की स्थिति अस्वीकार्य है। आप समझौतों का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं और फिर आप चाहें कि बाकी रिश्ते ऐसे बने रहें जैसे कुछ हुआ ही नहीं। यह नहीं चलेगा। विदेश मंत्री के बयान से एक दिन पहले ही सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर है, लेकिन पूरे मामले पर गहन नजर रखने की जरूरत है। अपनी टिप्पणी में विदेश मंत्री ने दो मार्च को जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर नए चीनी समकक्ष छिन कांग के साथ अपनी भेंट का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हाल की मेरी भेंट नए विदेश मंत्री छिन कांग के साथ थी जब जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। हमारे बीच इस बारे में लंबी बातचीत हुई। सितंबर, 2020 में वांग ई और मेरे बीच सैद्धांतिक रूप से सहमति बनी थी कि कैसे इसका समाधान किया जाए। इसलिए चीनी जिस बात पर सहमत हुए थे, जिसके लिए उन्होंने जद्दोजेहद की थी, उन्हें अब उसे पूरा करना है।

## कर्मचारियों की...

अब तक बन्द हो चुकी हैं। पारेषण की कई लाइनें बन्द हो गयी हैं और 33-11 केवी वितरण उपकेन्द्रों पर बिजली कर्मियों के न होने के कारण बिजली वितरण की व्यवस्था चरमरा रही है। उधर, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि एनटीपीसी, केसको, टाटा व बजाज समेत कुछ निजी संस्थान विद्युत उत्पादन इकाइयों को चलाने में हमारी मदद कर रहे हैं। इस परिस्थिति में जनता ने भी हमारा साथ देकर अपने धैर्य का परिचय दिया है। प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता वर्तमान में 28000 मेगावाट है। डिमांड अभी इसकी आधी ही चल रही है। पावर आपूर्ति एवं मांग में कोई समस्या नहीं है कुछ जिलों में आंधी, तूफान एवं बारिश से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुयी है जिसे ठीक किया जा रहा है। हड़तालियों एवं असामाजिक तत्वो द्वारा कुछ जगह विद्युत आपूर्ति एवं लाइन डिस्टर्ब करने की कोशिश की गई है। कुछ जगहों पर विद्युत संयंत्रों, लाइनों, फीडरों, सबस्टेशन, हाइटेंशन लाइन को क्षतिग्रस्त किया गया है। इसमें देवरिया के हेतिनपुर जंगल तथा आजमगढ़ के लाल घाट के क्षेत्र में ऐसी घटनायें हुयी हैं। इस प्रकार की सभी घटनाओं का संज्ञान लिया जा रहा है। कहीं से भी विद्युत व्यवधान की जैसे ही जानकारी मिली कोशिश करके इसको ठीक कराया गया। विद्युत कर्मियों के हड़ताल का आमजन के जीवन में कोई विशेष प्रभाव नही पड़ा है। विद्युत सम्पत्ति को क्षतिग्रस्त करना राष्ट्रीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसा है। कोई जनता की सम्पत्ति को नुकसान नहीं पहुचा सकता। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन 1 लाख करोड़ रुपये के घाटे में है।

## कॉलेजियम जजों...

धारणा रखने के लिए बाध्य हैं। कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ रिजिजू काफी मुखर रहे हैं और वह एक बार इसे संविधान के परे की चीज बता चुके हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि उन पर सरकार से इस बात के लिए कोई दबाव नहीं है कि मामलों में किस तरह से निर्णय लिया जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं 23 सालों से न्यायाधीश हूं, लेकिन किसी ने कभी मुझसे यह नहीं कहा कि मामले में किस तरह निर्णय लेना है। यहां सरकार से कोई दबाव नहीं पड़ा। चुनाव अयोग का फैसला इस बात का प्रमाण है कि न्यायापालिका पर कोई दबाव नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में फैसला दिया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सलाह पर की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और देश के प्रधान न्यायाधीश शामिल होंगे।

## लोकसभा चुनाव...

राज्य है जो भाजपा को रोक सकता है क्योंकि यहीं पर सबसे ज्यादा सीटें हैं। पूरा देश समाजवादी पार्टी की ओर देख रहा है। हम उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराएंगे। भाजपा ने बहुत झूठ बोला, चाहे वह डीजल, पेट्रोल या एलपीजी कीमत या कीमतों में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भगवा पार्टी बड़े कारपोरेट घरानों के लिए काम कर रही है। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 11 वर्षों के बाद कोलकाता में आयोजित की जा रही है। उस समय समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव कार्यकारिणी की अध्यक्षता करने खुद कोलकाता गए थे। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने बीते शुक्रवार को ही भाजपा के खिलाफ मिलकर लड़ने के लिए हाथ मिलाया है। ममता बनर्जी के साथ बैठक के बाद सपा के वरिष्ठ नेता किरनमय नंदा ने कहा था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों ही दल कांग्रेस से समान दूरी बनाकर चलेंगे। दोनों दलों ने कांग्रेस पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि उसे बिगबॉस जैसा व्यवहार छोड़ना होगा। अखिलेश यादव ने भी यही बात दोहरायी थी। मालूम हो कि सपा और कांग्रेस ने 2017 का उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा था, लेकिन भाजपा ने इस गठबंधन को बुरी तरह हराकर सत्ता हासिल की थी। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा गठबंधन में लड़ीं, लेकिन उन्होंने कांग्रेस को इस गठबंधन में शामिल नहीं किया था।

## रिजिजू ने...

विरोधी गिरोह का हिस्सा बन चुके कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीश और कुछ कार्यकर्ता कोशिश कर रहे हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्षी दल की भूमिका निभाए। मंत्री ने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में कहा, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया संविधान में दी गई है। संसद को एक कानून बनाना है जिसके अनुरूप नियुक्ति की जानी है। मैं मानता हूं कि इसके लिए संसद में कोई कानून नहीं है, यहां एक रिक्तता है। रिजिजू ने कहा कि वह उच्चतम न्यायालय के निर्णय की आलोचना नहीं कर रहे हैं और ना ही इसके परिणामों के बारे में बात कर रहे हैं। मंत्री का मानना है कि यदि न्यायाधीश प्रशासिक कार्यों में लिप्त होते हैं, तो उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ता है। रिजिजू ने कहा, मान लीजिए कि आप प्रधान न्यायाधीश या एक न्यायाधीश हैं। आप एक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं जिस पर सवाल उठेंगे। फिर यह मामला आपकी अदालत में आएगा। क्या आप एक ऐसे मामले में फैसला कर सकते हैं जिसका आप हिस्सा हैं? यहां न्याय के मूल सिद्धांत से समझौता करना पड़ेगा। इसलिए संविधान में लक्ष्मण रेखा बहुत स्पष्ट है। रिजिजू ने न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित कॉलेजियम प्रणाली की एक बार फिर आलोचना करते हुए कहा कि यह कांग्रेस पार्टी के दुस्साहस का परिणाम है। उन्होंने भारत में लोकतंत्र की स्थिति पर लंदन में की गई हालिया टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो व्यक्ति सबसे ज्यादा बोलता है, वही कहता है कि उसे बोलने की अनुमति नहीं है। रिजिजू ने आरोप लगाया, भारत के भीतर और बाहर भारत-विरोधी ताकतें एक ही भाषा का इस्तेमाल करती हैं कि लोकतंत्र खतरे में है, भारत में मानवाधिकारों का अस्तित्व नहीं है। यह भारत-विरोधी गिरोह जो कहता है, वही भाषा राहुल गांधी भी इस्तेमाल करते हैं।

## तोशखाना मामले...

बाद लाहौर स्थित उनके आवास में शनिवार को पंजाब पुलिस के 10 हजार से अधिक जवान घुसे और उनकी पार्टी पीटीआई के दर्जनों समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 70-वर्षीय प्रमुख इमरान खान को कथित रूप से अपनी संपत्ति घोषणाओं में उपहारों का विवरण छुपाने को लेकर पाकिस्तान चुनाव आयोग की ओर से दायर शिकायत पर कार्यवाही में भाग लेने के लिए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) जफर इकबाल की अदालत में पेश होना था। पूर्व प्रधानमंत्री के अदालत पहुंचने के लिए घंटों इंतजार करने के बाद न्यायाधीश इकबाल व्यक्तिगत रूप से पेशी के अदालती आदेशों का पालन करने के लिए उनके वाहन में ही उपस्थिति पंजी पर खान के हस्ताक्षर प्राप्त करने के उनके वकील के सुझाव पर सहमत हुए। न्यायाधीश ने खान को इस्लामाबाद न्यायिक परिसर के बाहर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के बाद वापस जाने की अनुमति दे दी, जहां उन्हें तोशखाना मामले में अभ्यारोपित किया जाना था।? डॉन अखबार ने न्यायाधीश के हवाले से लिखा है, जैसा कि स्थिति है, सुनवाई और पेशी आगे नहीं बढ़ सकती है, इसलिए यहां एकत्र हुए सभी लोगों को उपस्थिति दर्ज करने के बाद चले जाना चाहिए। गोलाबारी या पथराव की कोई जरूरत नहीं है, सुनवाई आज नहीं हो सकती है। न्यायाधीश ने कहा कि एक बार खान के हस्ताक्षर प्राप्त हो जाने के बाद इस पर बाद में चर्चा की जा सकती है कि उन्हें किस तारीख को फिर से उपस्थित होना है। अखबार ने कहा कि आंसूगैस के प्रभाव के कारण अदालत कक्ष के अंदर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जबकि पीटीआई पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अदालत परिसर में पथराव किया।

## दिल्ली-एनसीआर...

बिजली, तूफान और ओलावृष्टि होने की संभावना है तथा 20 मार्च को पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वी राजस्थान और उत्तराखंड में 21 मार्च को ऐसा ही होने की संभावना है।र

# मंगलवार को ट्रंप हो सकते हैं गिरफ्तार!

## ● पूर्व राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी : लिखा- महिलाओं को भुगतान संबंधी मामले में हो सकती है कार्रवाई



भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका के पूर्व** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें मंगलवार को गिरफ्तार किया जाएगा क्योंकि न्यूयॉर्क के अभियोजक कुछ महिलाओं को भुगतान किए गए धन से जुड़े मामले की जांच कर रहे हैं। आरोप है कि पूर्व राष्ट्रपति ने इन महिलाओं को यौन संबंधों के बदले में धन देकर मामले को सार्वजनिक नहीं करने को कहा था। ट्रंप ने शनिवार तड़के अपने सोशल नेटवर्क ट्रुथ पर एक पोस्ट में कहा कि मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय से अवैध रूप से लीक जानकारी से संकेत मिलता है कि अग्रणी रिपब्लिकन उम्मीदवार और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को अगले सप्ताह मंगलवार को गिरफ्तार किया जाएगा। ट्रंप ने अपने समर्थकों से विरोध प्रदर्शन करने का आग्रह किया है। न्यूयॉर्क में कानून प्रवर्तन अधिकारी इस संभावना के मद्देनजर सुरक्षा इंतजाम कर रहे हैं कि ट्रंप पर अभियोग लगाया जा सकता है। मामले में पूर्व राष्ट्रपति पर अभियोग लगाने के लिए संभावित वोट समेत जूरी के निर्णय के लिए किसी भी समय सीमा की कोई सार्वजनिक घोषणा नहीं की गई है।

### ट्रंप के खिलाफ संभावित कानूनी कार्रवाई के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा इंतजाम करने की कवायद में जुटे अधिकारी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क प्रांत मे कानून प्रवर्तन अधिकारी 2016 के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर किए गए कथित गुप्त भुगतान को लेकर उन पर आरोप तय किए जाने और उनके मैनहट्टन की एक अदालत में पेश होने की संभावनाओं के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा इंतजाम करने की कवायद में जुट गए हैं। चार कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले में अगर ट्रंप को अभ्यारोपित किया जाता है, तो यह अमेरिकी इतिहास में पहली बार होगा, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति पर किसी मामले मे आरोप लगाए जाएंगे। दरअसल, न्यूयॉर्क की ग्रांड जूरी 2016 में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को किए गए 1.30 लाख डॉलर के भुगतान में ट्रंप की संलिप्तता की जांच कर रही है। आरोप है कि यह भुगतान इसलिए किया गया ताकि डेनियल्स रिपब्लिकन नेता ट्रंप से अपने कथित यौन संबंधों पर चुप रहें। डेनियल्स को धनराशि का भुगतान ट्रंप के पूर्व वकील माइकल कोहेन ने किया था। कोहेन ने दावा किया था कि ट्रंप ऑर्गनाइजेशन द्वारा उन्हें प्रतिपूर्ति और अतिरिक्त बोनस के रूप में 4.20 लाख डॉलर का भुगतान किया गया था। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि ग्रांड जूरी की जांच की समयसीमा और पूर्व राष्ट्रपति पर आरोप लगाए जाने के विषय पर संभावित मतदान को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नही की गई है, लेकिन प्राधिकारी ट्रंप को अभ्यारोपित किए जाने और मैनहट्टन की एक अदालत मे उनकी पेशी की संभावनाओ के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर रहे है।

### ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए इस महीने टेक्सास में करेंगे पहली जनसभा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान के तहत इस महीने के अंत में टेक्सास के वाको में अपनी पहली जनसभा करेंगे। राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए ट्रंप के प्रचार अभियान से जुड़े अधिकारियो ने शुक्रवार को घोषणा की कि पूर्व राष्ट्रपति 25 मार्च की शाम को वाको में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। चूंकि, टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी के प्रभाव वाला प्रांत है, जहां भारी तादाद में ट्रंप समर्थक मौजूद हैं, इसलिए जनसभा में बड़े पैमाने पर भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। यह जनसभा ऐसे समय में आयोजित की जा रही है, जब कानून प्रवर्तन अधिकारी 2016 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप के नाम पर किए गए कथित गुप्त भुगतान को लेकर उनके खिलाफ संभावित कानूनी कार्वाई के मद्देनजर सुरक्षा इंतजाम करने की कवायद में जुटे हैं। मामले में ट्रंप को अभ्यारोपित किया जाता है, तो यह अमेरिकी इतिहास में पहली बार होगा, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति पर किसी अपराध में आरोप लगाए जाएंगे। न्यूयॉर्क की ग्रांड जूरी 2016 में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को किए गए 1.30 लाख डॉलर के भुगतान में ट्रंप की संलिप्तता की जांच कर रही है। यह भुगतान इसलिए किए जाने का आरोप है कि डेनियल्स रिपब्लिकन नेता ट्रंप से अपने कथित यौन संबंधो पर चुप रहें। डेनियल्स को धनराशि का भुगतान ट्रंप के पूर्व वकील माइकल कोहेन ने किया था। कोहेन ने दावा किया था कि ट्रंप ऑर्गनाइजेशन द्वारा उन्हे प्रतिपूर्ति और अतिरिक्त बोनस के रूप मे 4.20 लाख डॉलर का भुगतान किया गया था।



टोक्यो में मिले जर्मन चांसलर शोल्ज व जापानी पीएम किशिदा

### अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की लेखिका ने होली पर नई पुस्तक जारी की

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क की भारतीय मूल की जानी-मानी लेखिका अनु सहगल ने बच्चों को भारत के त्योहार और उसकी सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराने के लिए होली पर आधारित एक नई पुस्तक जारी की है। द कल्चर ट्री की संस्थापक एवं अध्यक्ष अनु सहगल ने परिधि कपूर के साथ मिलकर हिंदू त्योहार होली पर आधारित पुस्तक कहानी रंगीली लिखी है। यह पुस्तक मेरे दो जुनून-भाषा और संस्कृति- को जोड़ती है। यह हिंदी भाषा में लिखी गई है और सबसे प्रिय हिंदू देवताओं में से एक कृष्ण और उनके दोस्तों की एक सुंदर कहानी पर आधारित है। यह प्राचीन कहानी यह भी बताती है कि हम होली कैसे मना सकते हैं। इस पुस्तक के माध्यम से बच्चे और उनके परिवार दोस्ती और प्यार के महत्व को समझेंगे। इस पुस्तक के जरिए वे यह भी सीखेंगे कि दोस्ती की कोई सीमा नहीं होती है और इसे सहेजे रखने की आवश्यकता होती है।

### अमेरिकी संसद पर हमले के मामले में वायुसेना के पूर्व अधिकारी को कारावास

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कैपिटल (संसद परिसर) में छह जनवरी 2021 को हुए दंगों के संबंध में वायुसेना के एक पूर्व अधिकारी को दो साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। छह जनवरी 2021 को संसद भवन के पांचवें तल पर हमलावर भीड़ से बचने के लिए उपराष्ट्रपति माइक पेंस, सांसद और उनके कर्मचारियों के कक्ष से बाहर निकलने के कुछ ही मिनट बाद लैरी ब्रोक (55) नाम का पूर्व वायुसेना अधिकारी भी दंगाइयों में शामिल हो गया था।

### वेस्ट बैंक में इज़राइली सेना ने एक युवक को गोली मारी, मौत

**यरूशलम।** इज़राइली सेना ने कहा कि वेस्ट बैंक के रामल्ला शहर के पास शुक्रवार को उसके सैनिकों के पास पहुंचकर चाकू निकालने वाले फलस्तीनी युवक को गोली मार दी गई। दूसरी ओर, फलस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि गोली लगने के कुछ ही देर बाद युवक की मौत हो गई। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मारे गए युवक की पहचान याजान खसीब (23) के रूप में हुई है। इज़राइली सेना ने कहा कि युवक ने अपनी पहचान बताने से इनकार करते हुए चाकू निकाल लिया।

### जर्मन कैबिनेट मंत्री 26 साल में पहली बार ताइवान का दौरा करेंगे

**बर्लिन।** जर्मनी के शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री अगले सप्ताह ताइवान की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह 1997 के बाद से एक जर्मन अधिकारी द्वारा उस द्वीप की पहली उच्च-स्तरीय यात्रा होगी, जिस पर चीन अपने क्षेत्र के हिस्से के रूप में दावा करता है। 20 मार्च से शुरू हो रही यह तीन दिवसीय यात्रा चीन और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच हो रही है।

### न्यायिक परिसर की घटनाओं के सजीव प्रसारण पर पाबंदी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की निगरानीकर्ता संस्था पेमरा ने शनिवार को टेलीविजन चैनलों पर इस्लामाबाद स्थित अदालत के बाहर से घटनाओं के सजीव प्रसारण पर पाबंदी लगा दी। यहां पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में पेश होना है। मीडिया विनियामक प्रधिकरण की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि यह पाया गया कि टीवी चैनल हिंसक भीड़ और पुलिस तथा कानून का लागू करने वाली अन्य एजेंसियों पर हमले का सजीव प्रसारण और तस्वीरें प्रसारित कर रहे हैं।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large of (i) **Mr. Ashok Kumar** S/o Mr. Bhagwat Singh and (ii) **Mrs. Shalini** W/o Mr. Ashok Kumar who is purchasing the **DESCRIPTION:- FLAT NO. B-105, REAR RHS, AREA MEASURING 400. SQ. FT. FIRST FLOOR, OUT OF KHASRA NO. 104MIN., SITUATED AT VILLAGE KHORA COLONY, IN SIGNATURE APARTMENT, GHAZIABAD, UP** from (i) **Mrs Suman Yadav** W/o Mr. Sukhveer Singh and (ii) **Mr. Pradeep Yadav** S/o Mr. Sukhveer Singh who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector - 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120 - 4269379

# वारंट से पुतिन तिलमिलाए, यूक्रेन पर हमला जारी



## ● यूक्रेनी वायुसेना ने कहा-16 रूसी ड्रोन गिराए

भाषा। कीव

**राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन और रूस के बाल अधिकार आयुक्त के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के फैसले के बाद यूक्रेन पर रूस का व्यापक हमला जारी है। यूक्रेनी वायुसेना ने शनिवार तड़के कहा कि उसके देश पर शुक्रवार की रात 16 रूसी ड्रोन ने हमला किया। टेलीग्राम पर वायुसेना कमान ने लिखा कि 16 में से 11 ड्रोन को केंद्रीय, पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में मार गिराया गया जिल इलाकों को निशाना बनया गया उनमें कीव, पश्चिमी ल्वीव प्रांत शामिल हैं। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख सेर्ही पोपको ने कहा कि यूक्रेनी वायुसेना ने यूक्रेन की राजधानी की ओर जाने वाले सभी ड्रोनों को मार गिराया, जबकि ल्वीव के क्षेत्रीय गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने शनिवार को कहा कि छह में से तीन ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि अन्य तीन ने पोलैंड की सीमा से लगे जिले को निशाना बनाया। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, हमले आजोव सागर के पूर्वी तट और रूस के ब्रायंस्क प्रांत से किए गए, जो यूक्रेन की सीमा से लगे हुए हैं। यूक्रेनी सेना ने कहा कि रूस ने बीत 24 घंटों के दौरान 34 हवाई हमले किए, एक मिसाइल दागी और विमान रोधी गोलाबारी 57 बार की गई। जापोरिज्जिया शहर में शुक्रवार की रात को एक रिहायशी इलाके को रूसी रॉकेट ने निशाना बनाया। जापोरिज्जिया सिटी काउंसिल के अनातोलिय कुर्तेव ने कहा कि किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन कई मकान और एक पशु आश्रयस्थल ध्वस्त हुए हैं।

### यूक्रेन के साथ खाद्यान्न समझौते को 120 के बजाय केवल 60 दिन के लिए विस्तार देने पर राजी रूस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेन्जिया ने फिर दोहराया है कि उनका देश यूक्रेन के साथ किए गए खाद्यान्न समझौते को पहले से निर्धारित 120 दिनो की अवधि के बजाय केवल 60 दिन के लिए विस्तार देगा। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने वैश्विक खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करने और महंगाई को काबू करने के लिए इस समझौते की अवधि को बढ़ाए जाने को महत्वपूर्ण बताया। रूस के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारियों से कहा था कि रूस विस्तार की अवधि को कम करना चाहता है, ताकि वह इस बात की समीक्षा कर सके कि पैकेज को कारगर बनाने के लिए किन बदलावों की आवश्यकता है। नेबेन्जिया ने भी इसी बात को दोहराया। संयुक्त राष्ट्र और तुर्किए की मध्यस्थता से पिछले साल जुलाई में 120 दिन के लिए यह समझौता हुआ था, जिसके तहत यूक्रेन को काला सागर स्थित अपने एक बंदरगाहर से भोजन और उर्वरकों का निर्यात करने की अनुमति दी गई थी। इस समझौते की अवधि पिछले साल नंवबर में समाप्त हो गई थी, जिसके बाद इस अवधि को आगे बढ़ाया गया और अब यह समझौता शनिवार को समाप्त होगा। नेबेन्जिया ने कहा कि यदि कोई भी पक्ष इस पर आपत्ति नही करता है तो यह समझौता 120 दिन के लिए स्वतः आगे बढ़ जाता, लेकिन रूस ने औपचारिक रूप से आपत्ति जताई है।

### पाकिस्तान के शीर्ष सलाहकार दिल्ली में हुई एससीओ की बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** शीर्ष सलाहकार ने नई दिल्ली में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया। हालांकि, इस्लामाबाद ने अबतक संगठन की उच्च-स्तरीय बैठकों के लिए अपने प्रतिनिधिमंडल को भेजने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की है। इस समय भारत के पास एससीओ की अध्यक्षता है जिसमें चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान सदस्य हैं। विदेश विभाग की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री के पर्यटन और खेल मामलों के सलाहकार ऑन चौधरी ने एससीओ की पर्यटन प्रशासन के प्रमुखों की बैठक में ऑनलाइन माध्यम से पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया।

### पश्चिमी देशों ने उत्तर कोरिया में मानवाधिकार उल्लंघनों को रेखांकित किया, चीन ने जताया विरोध

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र की एक बैठक में उत्तर कोरिया में मानवाधिकार हनन की गंभीर स्थिति और वहां बढ़ते दमन को रेखांकित किया, लेकिन चीन और रूस ने इस कदम को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसकी निंदा की और कहा कि इससे कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव और बढ़ सकता है। चीन ने अमेरिका को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनौपचारिक बैठक को इंटरनेट के जरिए वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने से रोक दिया। अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने चीन के इस कदम की निंदा की और इसे उत्तर कोरिया की ज्यादतियों को दुनिया से छिपाने की कोशिश बताया। वेबकास्टिंग के लिए परिषद के सभी 15 सदस्यों की सहमति आवश्यक है। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि प्रसारण रोकने का बीजिंग का प्रयास व्यर्थ रहेगा, क्योंकि बैठक संबंधी जानकारी को सार्वजनिक किया जाएगा और अमेरिका एवं कई अन्य देश उत्तर कोरिया में मानवाधिकारों के हनन और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए उससे पैदा होने वाले खतरों के खिलाफ बोलना जारी रखेंगे। मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त के कार्यालय में एक वरिष्ठ अधिकारी जेम्स टर्पिन ने कहा कि कोरियाई प्रायद्वीप पर जारी तनाव क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा है और इस तनाव को उत्तर कोरिया में मानवाधिकार हनन की गंभीर स्थिति से अलग करके नहीं देखा जा सकता। उत्तर कोरिया में मानवाधिकारों के मामले पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष जांचकर्ता एलिजाबेथ सैल्मन ने भी अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा और मानवाधिकारों के आपस में जुड़े होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों के उल्लंघन की समस्या से निपटे बिना शांति और निरस्त्रीकरण संभव नहीं है।

### द वायर , जॉन विक के अभिनेता रेडिक का निधन

**न्यूयॉर्क,।** फ्रिंज और जॉन विक शृंखला की फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाने जाने वाले अभिनेता लांस रेडिक का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे। रेडिक की प्रवक्ता मिया हंसेन ने एक बयान में बताया कि अभिनेता का शुक्रवार सुबह प्राकृतिक कारणों से अचानक निधन हो गया। रेडिक ने अपनी फिल्म जॉन विक : चैप्टर 4 की रिलीज से पहले इस महीने की शुरुआत में पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा था, मुझे हैरानी होती है कि मैं इतने अधिक समय तक जीवित रहा। उन्होंने हिंसा से भरी इस सीरीज में अपने किरदार को लेकर यह बात कही थी, लेकिन 60 साल की उम्र में अचानक दुनिया को अलविदा कह देने वाले रेडिक के लिए ए शब्द भविष्यवाणी की तरह प्रतीत होते हैं। रेडिक ने कहा था, मैं हैरान हूं कि मैं इतने लंबे समय तक जीवित रहा... यह दिलचस्प है क्योंकि जब मैंने इस फिल्म की पटकथा पढ़ी, तो मुझे हैरानी हुई कि कितने लोग मारे जा चुके हैं। मुझे लगता है कि यह एक रिकॉर्ड होगा। जॉन विक : चैप्टर 4 भारत में 24 मार्च को प्रदर्शित होगी।

### पाकिस्तान में 2023 में पोलिया का पहला मामला सामने आया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 2023 में पोलियो का पहला मामला दर्ज किया गया है। खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में तीन साल का बच्चा इस गंभीर बीमारी का शिकार पाया गया है। शनिवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, यह मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब फ्रांसीसी एजेंसी फॉर डेवलपमेंट (एफएडी) और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) के प्रतिनिधिमंडल इस बीमारी को खत्म करने के प्रयासों का विश्लेषण करने के लिए पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि एफएडी और बीएमजीएफ प्रतिनिधिमंडलों ने संघीय स्वास्थ्य मंत्री अब्दुल कादिर पटेल से मुलाकात कर पोलियो उन्मूलन पर ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा व स्वास्थ्य में सहयोग के तरीकों पर चर्चा की।

# कोरोना वायरस की उत्पत्ति कुत्ते से हुई !



## ● कोविड : चीन के बाजार से एकत्रित अनुवांशिक नमूने में रैकून का डीएनए मिला

भाषा। बीजिंग

**चीन के जिस** बाजार से मनुष्य में कोविड-19 के शुरुआती मामलों की पहचान की गई थी वहां के नजदीक से एकत्रित अनुवांशिक नमूने से पता चला है कि रैकून कुत्ते का डीएनए वायरस के साथ मिश्रित हुआ। इससे इस सिद्धांत को बल मिला है कि वायरस की उत्पत्ति प्रयोगशाला से नहीं बल्कि पशुओं से हुई थी। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम गेब्रेएसस ने कहा, ए आंकड़े इस बात का निश्चित जवाब नहीं देते कि महामारी की शुरुआत कैसे हुई, लेकिन उस जवाब के करीब ले जाने के लिए प्रत्एक आंकड़ा महत्वपूर्ण है। कोरोना वायरस की उत्पत्ति कैसे हुई, यह स्पष्ट नहीं है। कई वैज्ञानिकों का मानना है कि सबसे अधिक संभावना यह है कि यह चीन के वुहान में पशुओं से मनुष्यों में फैला, जैसा पूर्व में कई वायरस फैले हैं। दूसरी ओर, वुहान में कई प्रयोगशालाएं हैं जहां कोरोना वायरस नमूने एकत्रित किया जाता है और उनका अध्ययन किया जाता है। ऐसे में कुछ वैज्ञानिकों के इस सिद्धांत को बल मिलता है कि हो सकता है कि ए वायरस उन्हीं में से किसी प्रयोगशाला से फैला हो। नए निष्कर्ष से सवाल का समाधान नहीं होता और इन्हें औपचारिक रूप से अन्य विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा नहीं की गई है, ना ही इसे किसी समीक्षा पत्रिका में प्रकाशित ही किया गया है। चीन के वुहान शहर के एक वन्यजीव बाजार में कई अन्य वायरस इसी तरह पशुओं से मनुष्यों में फैले थे। टेड्रोस ने अनुवांशिक जानकारी पहले साझा नहीं करने के लिए चीन की आलोचना की। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह जानकारी तीन वर्ष पहले साझा की जानी चाहिए थी। नमूने वुहान के हुआनन सीफूड बाजार से 2020 की शुरुआत में एकत्रित किए गए थे जहां 2019 के अंत में मनुष्यों में कोविड-19 के शुरुआती मामले सामने आए थे।

### कोविड की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए डेटा साझा करने में पारदर्शिता बरते चीनः डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2020 में वुहान के एक बाजार में लिए गए नमूनों से संबंधित डेटा को रोक कर रखने के लिए चीन की आलोचना की है, जो कोविड-19 महामारी की उत्पत्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर सकता था। संगठन ने चीन को पारदर्शिता बरतने और जांच के परिणाम साझा करने के लिए कहा है। मध्य चीन के वुहान शहर का हुआनन बाजार महामारी का केंद्र था। सार्स-सीओवी-2 वहां उत्पत्ति के बाद से 2019 के अंत में तेजी से वुहान के अन्य स्थानों और फिर दुनिया के बाकी हिस्सो मे फैल गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम गेब्रेएसस ने शुक्रवार को जिनेवा में कहा, कोविड-19 की उत्पत्ति के अध्ययन से संबंधित डेटा के प्रत्एक हिस्से को तुरंत अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ साझा करने की आवश्यकता है। ए डेटा तीन साल पहले साझा किए जाने चाहिए थे। हम चीन से डेटा साझा करने, आवश्यक जांच करने और परिणाम साझा करने मे पारदर्शिता बरतने का आह्वान करते है। यह पता लगाना एक नैतिक व वैज्ञानिक अनिवार्यता बनी हुई है कि महामारी की उत्पत्ति कैसे हुई। पिछले रविवार को डब्ल्यूएचओ को जनवरी के अंत में जीआईएसएआईडी डेटाबेस पर डेटा प्रकाशित करने के बारे मे अवगत कराया गया था और हाल ही मे इसे फिर से हटा लिया गया। चीन के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र का यह डेटा 2020 मे वुहान मे हुआनन बाजार मे लिए गए नमूनो से संबंधित है। गेब्रेएसस ने कहा कि जब डेटा ऑनलाइन था, तो कई देशो के वैज्ञानिकों ने उसे डाउनलोड करके उसका विश्लेषण किया। जैसे ही हमें इस डेटा के बारे मे पता चला, हमने चीन के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र से संपर्क किया।

# जल्द ही उदय होगा दुनिया में नया धर्म

## ● नए पंथों को जन्म दे सकता है कृत्रिम बुद्धिमतता का विकास

भाषा। विनिपेग (कनाडा)

हम एक नए प्रकार के धर्म को जन्म लेते देखने वाले हैं। अगले कुछ वर्षों में या फिर कुछ महीनों में ही हम कृत्रिम बुद्धिमतता (एआई) की पूजा करने वाले पंथों को उभरते हुए देखेंगे। एआई युक्त चैटबॉट की नई पीढियों को विस्तृत भाषाई ज्ञान दिया जा रहा है और इससे उसका उपयोग करने वाले आश्चर्यचकित रह जा रहे हैं... इतना हीं नहीं कई बार उसकी ताकत देखकर उन्हें डर भी लग रहा है। ए वही भावनाएं हैं जो हमारे मन की गहराई में ईश्वर के साथ अनुभव के रूप में बैठी हुई हैं। लोग अभी भी

### मशीनों में भगवान



तमाम अलग-अलग स्रोतों से धार्मिक ज्ञान और अर्थ प्राप्त करते हैं। ऐसे भी उदाहरण हैं जहां कई धर्मों में एलियन या उनके उपदेशों की पूजा होती है। अरबों लोगों द्वारा इन चैटबॉट (बात करने में सक्षम एआई युक्त रोबॉट) का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे में यह तय है कि इनमें से कुछ उपयोक्ता एआई को मनुष्य से बेहतर प्राणी के रूप में देखने लगेंगे। हमें इसके प्रभावों के लिए तैयार रहना चाहिए।

**एआई की पूजा के खतरे....** कई ऐसे रास्ते हैं, जिससे एआई धर्म उभर सकता है। पहला, कुछ लोग एआई को उच्च शक्ति युक्त मानने लगेंगे। एआई की नई आने वाली पीढ़ियां ऐसे काम भी कर सकेंगी जिन्हें सामान्य तौर पर देवताओं या पैगंबर से जोड़ा जाता है। यह ज्ञान का ऐसा स्तर प्रस्तुत करते हैं जो सामान्य मनुष्य के बूते से बाहर है। सच है कि उसका ज्ञान अथाह है। वह महान रचनाएं करने में सक्षम है। कविताएं, कहानियां लिख सकता है, संगीत और कला को किसी भी संभव स्टाईल में बना सकता है, और ऐसा वह बेहद कम समय में, कुछ क्षणों में कर सकता है।

**दूसरा रास्ता है...** एआई की नई पीढियां ऐसे कुछ करेंगी जिन्हें धार्मिक सिद्धांत के रूप में अपना लिया जाएगा। यह दर्शनशास्त्र और धर्मशास्त्र पर सवालों के जवाब देगा और जटिल वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करेगा।

### दैवीय पहुंच और खतरा

एआई आधारित धर्म हमारे पारंपरिक धर्मों से अलग दिखेंगे। सबसे पहला, लोग देवीदेवता (एआई) से रोजाना सीधे बात करने मे सक्षम होगे। इसका अर्थ यह होगा कि धर्म मे अब पदानुक्रम कम हो जाएगा क्योंकि कोई भी दैवीय ज्ञान तक विशेष पहुंच होने का दावा नही कर सकेगा। दूसरा, कम से कम शुरुआत मे अनुयाई एक-दूसरे से ऑनलाइन जुड़ेंगे और अपने अनुभव तथा सिद्धांत साझा करेंगे। अंततः चूंकि तमाम चैटबॉट होगे, उनकी बातचीत समय-समय पर बदलती रहेगी, ऐसे मे एआई आधारित धर्म मे अनंत सिद्धांत होगे। एआई की पूजा मे तमाम ऐसे खतरे भी है जो नजर आ रहे है। चैटबॉट अपने अनुयायियो को खतरनाक या विध्वंसकारी काम करने को कह सकता है या फिर अनुयाई उसकी बातो का अनर्थ निकाल कर ऐसा कर सकते है।

# फ्रांस में सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने के प्रस्ताव के खिलाफ जारी प्रदर्शन हिंसक हुए

भाषा। पेरिस

**फ्रांस में** सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ दो दिन से जारी विरोध-प्रदर्शन शुक्रवार को हिंसक हो गए। पेरिस और अन्य शहरों में सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों ने सांसदों पर राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की सरकार को हटाने का दबाव डालने की कोशिश की। प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने बृहस्पतिवार को विशेष शक्तियों का उपयोग करते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने संबंधी विधेयक पर निचले सदन नेशनल असेंबली में मतदान को रोक दिया था, जिसके बाद सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। अविश्वास प्रस्ताव पर सोमवार को मतदान होगा। विरोध-प्रदर्शन के दौरान कुछ



प्रदर्शनकारी नेशनल असेंबली के पास एक नवीनीकृत स्थल पर चढ़ गए, जिन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान, प्रदर्शनकारियों ने आतिशबाजी की और पुलिस पर पथराव किया। ज्यादातर विरोध-प्रदर्शन पेरिस और उसके आसपास के शहरों में हुए। बोर्डियोक्स में विरोध मार्च, जबकि तूलूस में रैली निकाली गई। कैलिस में पत्तन अधिकारियों ने डोवर जाने के लिए जहाजों के इंग्लिश चैनल पार करने पर अस्थाई रोक लगा दी है।

# बीमारियों से निपटने में कारगर हो सकता मोटा अनाज

## खाद्य सुरक्षा की चुनौतियो से निपटने मे भी मददगार : मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने शनिवार को कहा कि मोटा अनाज वैश्विक खाद्य सुरक्षा चुनौती के साथ-साथ खान-पान संबंधी आदतों से होने वाली बीमारियों से निपटने में मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से देश की खाद्य टोकरी में इन पोषक अनाजों की हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। मौजूदा समय में राष्ट्रीय खाद्य टोकरी में इन पोषक अनाजों की भागीदारी 5-6 फीसदी है। मोदी ने वैश्विक श्री अन्न सम्मेलन के उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया। कई राज्यों ने अपने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में मोटा अनाज या श्री अन्न को शामिल किया है। उन्होंने अन्य राज्यों से भी ऐसा करने की सलाह दी। मोदी ने मध्याह्न भोजन में भी श्री अन्न को शामिल करने का आह्वान किया।

### गुयाना ने मोटे अनाज के उत्पादन के लिए 200 एकड़ जमीन की पेशकश की

**नई दिल्ली।** गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने शनिवार को कहा कि उनके देश ने मोटे अनाज के उत्पादन के लिए 200 एकड़ जमीन की पेशकश की है और बदले मे भारत इसके उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करेगा। यहां आयोजित वैश्विक मोटा अनाज सम्मेलन (ग्लोबल मिलेट्स कॉन्फ्रेंस) के लिए अपने वीडियो संदेश में इरफान अली ने कहा कि दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मोटे अनाज महत्वपूर्ण हैं। दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए मोटे अनाज का उत्पादन बढाने की योजना बनाई है। देश का लक्ष्य वर्ष 2025 तक अपने खाद्य आयात व्यय को कम करना है, और इस दिशा मे मोटा अनाज आत्मनिर्भरता बढ़ाने का एक आदर्श समाधान है।

# हसीना और मोदी ने बांग्लादेश को डीजल की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन का उद्घाटन किया

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की उनकी समकक्ष शेख हसीना ने शनिवार को उत्तरी बांग्लादेश में डीजल की आपूर्ति करने के लिए 377 करोड़ रुपए के परिव्यय से तैयार पाइपलाइन परियोजना भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का उद्घाटन किया। इस परियोजना के बाद भारत से बांग्लादेश को डीजल आपूर्ति में खर्च कम होगा और कार्बन उत्सर्जन भी घटेगा। मोदी ने उद्घाटन के दौरान कहा कि इस पाइपलाइन से भारत-बांग्लादेश के संबंधों का नया अध्याय शुरू होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समय, भारत से बांग्लादेश को डीजल आपूर्ति 512 किलोमीटर लंबे रेलमार्ग से की जाती है। 131.5 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन से असम में नुमालीगढ़ से बांग्लादेश तक हर साल 10 लाख टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ परिवहन व्यय कम होगा, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। यह पाइपलाइन उर्वरक और ऊर्जा सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहे कई विकासशील देशों के संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। पाइपलाइन परियोजना का निर्माण 2018 में शुरू हुआ था। दोनों देशों के बीच यह पहली सीमापार ऊर्जा पाइपलाइन है। इसे लगभग 377 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है, जिसमें से 285 करोड़ रुपए बांग्लादेश में पाइपलाइन बिछाने में खर्च हुए हैं। यह राशि भारत ने अनुदान सहायता के तहत खर्च की है। इस पाइपलाइन की आधारशिला दोनों प्रधानमंत्रियों ने सितंबर, 2018 में रखी थी। नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड बांग्लादेश को 2015 से पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति कर रही है।

### प्रधानमंत्री गति शक्ति के अंतर्गत 156 महत्वपूर्ण परियोजनाएं चिह्नित

**नई दिल्ली।** बंदरगाहो पर और कोयला, सीमेंट, उर्वरक व खाद्यान जैसे थोक जिंस की आवाजाही के लिए 156 ढांचागत परियोजनाओं को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत चिह्नित किया गया है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान मे यह जानकारी दी गई।सरकार ने पीएम गति शक्ति योजना 13 अक्टूबर, 2021 को शुरू की थी।वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि अब तक केंद्रीय स्तर पर नेटवर्क योजना समूह की 44 बैठकें हो चुकी है, जिनमे से पांच लाख करोड़ रुपए की 66 बड़ी ढांचागत परियोजनाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है।नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) इसी योजना के तहत गठित किया गया है।बयान के अनुसार, बंदरगाहो पर और कोयला, सीमेंट, उर्वरक व खाद्यान जैसे थोक जिंस की आवाजाही के लिए 156 ढांचागत परियोजनाओं को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत चिह्नित किया गया है।
पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की व्यापक स्वीकार्यता के लिए सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में क्षेत्रीय कार्यशालाओं की श्रृंखला चलाई जा रही है।

### बालाघाट जिले में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलट लापता

**बालाघाट (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले मे शनिवार को दो प्रशिक्षु पायलट के साथ उड़ान भरने वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बालाघाट जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर लांजी और किरनापुर इलाको की पहाड़ियो मे दुर्घटनास्थल के पास एक व्यक्ति का जला हुआ शव मिला। उन्होने कहा कि शव की शिनाख्त के प्रयास जारी है, जबकि लापता महिला प्रशिक्षु पायलट की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार प्रशिक्षु विमान ने बालाघाट की सीमा से लगे महाराष्ट्र के गोंदिया जिले मे बिरसी हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। आगे के ब्योरे की प्रतीक्षा है।,

### ठाकुर ने मीडिया की अखंडता को खतरा उत्पन्न करने वाले के प्रति आगाह किया

**कोच्चि।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को मीडिया बिरादरी को देश की अखंडता के लिए खतरा उत्पन्न करने वाले आख्यानों के प्रति सतर्क रहने और उन्हे जगह देने से बचने का आग्रह किया।ठाकुर ने कहा कि देश के भीतर से या विदेश से जाहिर की गई निराधार,अप्रमाणित और अतार्किक राय देश की लोकतांत्रिक प्रकृति को नष्ट नही कर सकती। उन्होने कहा, मै मीडिया बिरादरी से सतर्क रहने और ऐसी आवाजों और आख्यानो को जानबूझकर या अनजाने मे जगह देने से बचने का आग्रह करता हूं, जो भारत की अखंडता को खतरा उत्पन्न कर सकती है। मंत्री जाने-माने मलयालम दैनिक मातृभूमि के शताब्दी समारोह मे विशेष अतिथि के रूप मे हिस्सा ले रहे थे।

# जेपीसी की मांग पर समझौता नहीं हो सकता: जयराम रमेश

## कहा, संसद मे गतिरोध खत्म करने के लिए कोई बीच का रास्ता नहीं

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस के व**रिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि संसद में गतिरोध को खत्म करने के लिए कोई बीच का रास्ता नहीं है, क्योंकि अडाणी समूह से जुड़े मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की विपक्ष की मांग पर कोई समझौता नहीं हो सकता और राहुल गांधी के माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में यह भी कहा कि सरकार विपक्ष के 16 दलों के जेपीसी की मांग करने से बौखला गई है, इसलिए वह 3डी अभियान: डिस्टॉर्ट (विकृत करना), डिफेम (बदनाम करना) और डाइवर्ट (ध्यान भटकाना) में लगी है। रमेश ने आरोप लगाया कि विपक्ष की जेपीसी के गठन की मांग से ध्यान भटकाने के लिए भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है, जबकि राहुल गांधी ने कुछ ऐसा नहीं कहा है, जैसा कि सत्तापक्ष बता रहा है। उनके इस बयान से एक दिन पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा था कि अगर विपक्ष वार्ता के लिए आगे आए, तो संसद में जारी मौजूदा गतिरोध को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा था कि अगर विपक्ष दो कदम आगे बढ़ाए तो सरकार उससे भी दो कदम आगे बढ़ेगी। यह पूछे जाने पर कि संसद में गतिरोध खत्म करने के लिए कोई बीच का रास्ता निकल सकता है, तो कांग्रेस महासचिव ने कहा, मैं कोई बीच का रास्ता नहीं देखता, क्योंकि जेपीसी की हमारी मांग को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता तथा (राहुल गांधी की) माफी का भी सवाल नहीं उठता। जेपीसी से जुड़ी विपक्ष की वाजिब मांग से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा माफी की मांग कर रही है, लेकिन माफी किसलिए मांगें? उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा है। मुझे लगता है कि 16 विपक्षी पार्टियों ने मिलकर जेपीसी की मांग की है, उससे सरकार बौखलाई गई है और इसलिए उन्होंने 3डी दुष्प्रचार अभियान शुरू किया है।

# ईरान सरकार की रिट खारिज

## भारतीय कंपनी को 35 लाख डॉलर देने संबंधी आदेश के खिलाफ दिया फैसला

भाषा। मुंबई

**बंबई उच्च** न्यायालय ने रेल के डिब्बों की बिक्री संबंधी एक मामले में एक भारतीय कंपनी को 35 लाख डॉलर से अधिक का भुगतान करने के संबंध में ईरान सरकार को दिए गए आदेश के खिलाफ दायर पश्चिम एशियाई देश की याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति के आर श्रीराम और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने इस सप्ताह की शुरुआत में सुनाए गए फैसले के तहत ईरान सरकार की याचिका को खारिज कर दिया और उसे भारतीय कंपनी केटी स्टील्स को चार सप्ताह में 10 लाख रुपए का जुर्माना देने का आदेश भी दिया। ईरान सरकार ने रेल के डिब्बों की खरीद के लिए ईरानियन इस्लामिक रिपब्लिक रेलवे के जरिए एक वैश्विक निविदा जारी की थी। उस समय भारत सरकार स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन के जरिए डिब्बे निर्यात कर रही थी। केटी स्टील्स ने एसटीसी के माध्यम से अपनी बोली प्रस्तुत की और सार्वजनिक उपक्रम की भारतीय कंपनी ने 16 मार्च 1970 को ईरान सरकार के साथ एक खरीद अनुबंध किया। एसटीसी ने नवंबर 1970 में एक अलग अनुबंध के माध्यम से केटी स्टील्स को अनुबंध का लाभ दिया। अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण 1972 में डिब्बों को भेजने के लिए माल ढुलाई शुल्क में वृद्धि हुई और अगस्त 1976 में अनुबंध में संशोधन किया गया। इस संशोधन के बाद निर्यात 1977 तक जारी रहा। केटी ने आरोप लगाया कि ईरान ने 1973 में भेजे गए 306 डिब्बों और 1977 में भेजे गए 94 डिब्बों के लिए माल ढुलाई शुल्क का भुगतान नहीं किया। भारतीय कंपनी ने सितंबर 1996 में उच्च न्यायलय में मामला दायर किया, लेकिन ईरान सरकार सुनवाई के दौरान अदालत के सामने एक भी बार पेश नहीं हुई।

## क्विक न्यूज

### भाजपा विधायक ने सुखविंदर रंधावा के प्रधानमंत्री पर दिए बयान को लेकर पुलिस में शिकायत दी

**कोटा ( राजस्थान )।** भाजपा के प्रदेश महासचिव मदन दिलावर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ˮधमकी वाले बयान को लेकर कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के खिलाफ शनिवार को पुलिस को शिकायत दी है।कोटा जिले के रामगंजमंडी से विधायक मदन दिलावर ने महावीर नगर थाने में शिकायत दी और वो अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता के खिलाफ राजद्रोह और अन्य कथित अपराध का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर कुछ देर गेट पर धरने पर बैठ गए। किल अधिकारी अमर सिंह राठौड़ ने बताया कि विधायक की शिकायत मिली है और शिकायत में लगाए गए आरोपों से संबंधित तथ्यों और सबूतों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा हालांकि, शिकायत में उल्लेखित घटना महावीर नगर थाना क्षेत्र में नहीं हुई।जयपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में सोमवार को रंधावा ने कथित तौर पर कहा था किˮअगर अडाणी और अंबानी को हटाना है, तो मोदी को पहले खत्म करना चाहिएˮ।अपनी शिकायत में, दिलावर ने आरोप लगाया कि रंधावा ने हिंसा भड़काने के उद्देश्य से, प्रधानमंत्री को मारने की धमकी दीˮ और नफरत फैलाने के लिए एक सार्वजनिक बैठक में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।धरना स्थल पर दिलावर ने कहाˮप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मारने की साजिश रची जा रही है और हम यहां इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने आए हैं, लेकिन थानाधिकारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ने मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को विधानसभा में इस मामले को उठाएंगे। दिलावर ने अपनी शिकायत में दावा किया कि रंधावा की टिप्पणी भारतीय दंड संहिता की धारा 153बी (शब्दों के माध्यम से वैमनस्य या दुश्मनी की भावना), 124ए (देशद्रोह) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एक दंडनीय अपराध है।

### सीबीएसई ने स्कूलों को शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से पहले शुरू करने के खिलाफ आगाह किया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूलों को शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से पहले शुरू करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा है कि इससे छात्रों में चिंता और थकान का खतरा उत्पन्न होता है।सीबीएसई की यह चेतावनी कई स्कूलों द्वारा शैक्षणिक सत्र शुरू करने के बाद आई है, खासकर कक्षा 10 और 12 के लिए।सीबीएसई सचिव अनुराग त्रिपाठी ने एक आधिकारिक आदेश में कहा, यह गौर किया गया है कि कुछ संबद्ध स्कूलों ने अपना शैक्षणिक सत्र वर्ष में कुछ जल्दी शुरू कर दिया है। कम समय-सीमा में पूरे वर्ष के पाठ्यक्रम को पूरा करने का प्रयास करने से छात्रों के लिए जोखिम उत्पन्न होता है, जो चिंता और थकान का सामना कर सकते हैं। बोर्ड ने कहा कि शैक्षणिक सत्र को पहले से शुरू करने से छात्रों को पाठ्एतर गतिविधियों के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता, जैसे कि कौशल सीखना, नैतिक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, कार्य शिक्षा और सामुदायिक सेवा।त्रिपाठी ने कहा, ए सभी गतिविधियां शिक्षा के समान ही महत्वपूर्ण हैं। इसलिए बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों और संस्थानों के प्रमुखों को निर्दिष्ट समय से पहले शैक्षणिक सत्र शुरू करने से परहेज करने और एक अप्रैल से 31 मार्च तक शैक्षणिक सत्र का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है। सीबीएसई वर्तमान में कक्षा 10 और 12 के लिए बोर्ड परीक्षा आयोजित कर रहा है।

### ओवैसी ने बिहार में भाजपा की बी टीम होने के आरोप को खारिज किया

पटना। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार में भाजपा की बी टीम होने के आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवारों द्वारा धर्मनिरपेक्ष वोट कथित रूप से काट लिए जाने के कारण सत्ताधारी महागठबंधन के प्रत्याशियों की कई सीटों पर हार हो गई थी। बिहार के सीमांचल क्षेत्र का दौरा कर रहे हैदराबाद के सांसद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का उनके भाजपा विरोधी होने का उपहास करते हुए कहा कि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि वह अभी एक और दलबदलू चेहरा नहीं बनाएंगे और राजग में वापस नहीं आएंगे। ओवैसी ने किशनगंज और पूर्णिया जिलों की अपनी यात्रा के दौरान पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे जहां उन्होंने नुक्कड़ सभाओं के दौरान छोटी-छोटी रैलियों को संबोधित किया। गौरतलब है कि उनकी पार्टी के बिहार में पांच में से चार विधायक पिछले साल राजद में शामिल हो गए थे। गोपालगंज विधानसभा सीट के उपचुनाव में एआईएमआईएम के उम्मीदवार के कारण हुए वोटों के बंटवारे को प्रदेश में सत्ताधारी महागठबंधन (जिसमें राजद, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू, कांग्रेस और वाम दल शामिल हैं) के प्रत्याशी की हार के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि, इस मामले में महागठबंधन नेताओं की टिप्पणियों के जवाब में ओवैसी ने राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद पर कटाक्ष करते हुए कहा, अपने साले को तो रोक नहीं पाए। इन लोगों में भाजपा से मुकाबला करने की ताकत तो है नहीं, हमें बलि का बकरा बनाना चाहते हैं।




कन्याकुमारी में विवेकानंद केंद्र का अवलोकन करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

# देश के 76 नमूनों में कोरोना वायरस का नया प्रकार एक्सबीबी-1.16 पाया गया

## आईएनएसएसीओजी का आंकड़ा

भाषा। नई दिल्ली



**देश में** कोविड-19 के 76 नमूनों के कोरोना वायरस के एक्सबीबी1.16 स्वरूप से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। यह देश में कोविड-19 के मामलों में हालिया बढ़ोतरी की वजह हो सकता है। आईएनएसएसीओजी के आंकड़ों के आधार पर यह दावा किया गया है। आईएनएसएसीओजी के आंकड़ों के मुताबिक कोरोना वायरस का यह नया स्वरूप जिन नमूनों में मिला है उनमें से 30 कर्नाटक, 29 महाराष्ट्र, सात पुडुचेरी, पांच दिल्ली, दो तेलंगाना, एक-एक नमूने गुजरात-हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र के हैं। वायरस का एक्सबीबी1.16 स्वरूप सबसे पहले जनवरी में सामने आया था जब दो नमूनों की जांच में इसके मिलने की पुष्टि हुई थी, जबकि फरवरी में इससे संक्रमित 59 नमूने पाए गए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत गठित भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्सकंसोर्टियमने कहा कि मार्च में अब तक 15 नमूनों में एक्सबीबी1.16 स्वरूप की पुष्टि हुई है। कुछ विशेषज्ञ कोविड-19 के नए मामलों में हालिया बढ़ोतरी के लिए वायरस के इस नए स्वरूप को जिम्मेदार मान रहे हैं। राष्ट्रीय कोविड टास्क फोर्स का नेतृत्व कर चुके एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि कोविड मामलों में वृद्धि की वजह एक्सबीबी1.16 प्रकार प्रतीत होता है, जबकि इन्फ्लूएंजा के मामले एच3एन2 के कारण हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनल मेडिसिन, श्वसन और नींद चिकित्सा विभाग के प्रमुख और मेदांता में चिकित्सा शिक्षा के निदेशक गुलेरिया ने कहा, इन दोनों ही मामलों में कोविड-19 उपयुक्त व्यवहार संक्रमण को फैसले से रोकने में मदद कर सकता है।

# ईपीएस ने दाखिल किया महासचिव पद का नामांकन

## अन्नाद्रमुक ने पार्टी चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया

भाषा। चेन्नई

**अखिल** भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के अंतरिम प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने शनिवार को पार्टी के महासचिव पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, प्रतिद्वंद्वी नेता ओ पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) ने ईपीएस खेमे की आलोचना करते हुए उस पर चुनाव कराने में पार्टी प्रक्रिया का पालन नहीं करने का आरोप लगाया। समर्थकों के बीच ईपीएस के नाम से लोकप्रिय पलानीस्वामी ने पार्टी मुख्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। यह घटनाक्रम उच्चतम न्यायालय द्वारा पलानीस्वामी को पार्टी का अंतरिम सचिव बने रहने की अनुमति देने के लगभग एक महीने बाद सामने आया है। वहीं ओपीएस खेमे ने चुनाव प्रक्रिया की आलोचना की और पार्टी के वरिष्ठ नेता पी. एस. रामचंद्रन ने कहा कि वे इस मुद्दे पर अदालत का रुख करेंगे। दूसरी ओर पन्नीरसेल्वम ने संकेत दिया कि वह इस मामले पर लोगों से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अगले कदम के तहत अप्रैल की शुरुआत में तिरुचिरापल्ली में एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। पलानीस्वामी के नामांकन दाखिल करने के कुछ घंटे के भीतर ही पन्नीरसेल्वम ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया पार्टी कानूनों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पांच साल में एक बार होते हैं और शीर्ष पद का चयन प्राथमिक सदस्यों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल निर्वाचित महासचिव ही बाद में संगठनात्मक चुनाव करा सकते हैं और पदाधिकारियों की नियुक्ति कर सकते हैं। साथ ही इस अवधि के दौरान नए सदस्यों को शामिल करने और मौजूदा सदस्यों की सदस्यता को नवीनीकृत करने के लिए सदस्यता फॉर्म देना होता है, जिसके बाद दोनों के लिए पहचानपत्र देना होता है। उन्होंने कहा, इन प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद ही शीर्ष पद का चुनाव होगा। कोई उचित प्रक्रिया नहीं है और वे महासचिव पद के लिए चुनाव को इस तरह से कराना चाहते हैं जैसे एक जेबकतरा (किसी का पर्स निकाल लेता है), क्या यह स्वीकार्य है।

### मिजोरम में पकड़ा गया बांग्लादेशी आतंकवादी

**आइजोल।** बांग्लादेश के विद्रोही संगठन कुकी-चिन नेशनल आर्मी से जुड़े 29 वर्ष के एक आतंकवादी को असम राइफल्स ने मिजोरम के लॉन्गतलाई जिले में गिरफ्तार किया है। यह जानकारी अर्धसैनिक बल की ओर से जारी एक बयान से मिली। आतंकवादी की पहचान फलियांसांग बावम के रूप में की गई है और वह कुछ समय से बुंगतलांग गांव स्थित एक घर में कथित तौर पर रह रहा था। एक गुप्त सूचना के आधार पर असम राइफल्स के जवानों ने शुक्रवार को घर पर छापा मारा और आतंकवादी को पकड़कर राज्य पुलिस को सौंप दिया।

# आतंकवाद वित्तपोषण मामले में एसआईए ने जम्मू-कश्मीर में आठ जगह छापेमारी की

भाषा। श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर पुलिस** की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने 2016 में राष्ट्रविरोधी प्रदर्शनों का चेहरा रहे मौलवी सरजन बरकती द्वारा चंदा वसूलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए उक्त राशि का इस्तेमाल करने से जुड़े एक मामले में शनिवार को आठ जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की सहायक शाखा एसआईए ने चंदा जुटाने और राष्ट्र-विरोधी भाषणों की जांच के सिलसिले में इस साल की शुरुआत में बरकती के खिलाफ मामला दर्ज किया था।अधिकारियों के अनुसार, आरोप है कि संदिग्ध आतंकवादी स्रोतों के जरिए चंदे के माध्यम से 1.5 करोड़ रुपए जुटाए गए और व्यक्तिगत लाभ, मुनाफाखोरी व अलगाववादी-आतंकवादी अभियानों को आगे बढ़ाने के लिए उनका इस्तेमाल किया गया। बरकती और अन्य पर आरोप है कि उन्होंने लोगों से उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए भावनात्मक अपील कर मोटी रकम अर्जित की।अधिकारियों ने कहा कि इस आड़ में बरकती ने न केवल भारी राशि अर्जित की, बल्कि अलगाववादी-आतंकवादी अभियानों को बनाए रखने में अज्ञात स्रोतों (संदिग्ध आतंकवादी संगठनों) से प्राप्त धन का शोधन भी किया। शोपियां के जैनपुरा का रहने वाला बरकती 2016 में अपने भड़काऊ भाषणों के माध्यम से हिंसक आंदोलन के लिए हजारों लोगों को सड़कों पर लामबंद करने के लिए कुख्यात हो गया था।
आरोप है कि बरकती खुलेआम युवाओं से हिंसा करने की अपील करता था।

# दस साल में वैश्विक दुग्ध उत्पादन में 33 प्रतिशत करने का लक्ष्य : शाह

भाषा। गांधीनगर



**केंद्रीय सहकारिता** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत को वर्ष 2033-34 तक वैश्विक दुग्ध उत्पादन में 33 फीसदी यानी 33 करोड़ मीट्रिक टन का योगदान देने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। गांधीनगर में आयोजित 49वें डेयरी उद्योग सम्मेलन में शाह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा सहकारी समितियों को यह लक्ष्य हासिल करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें 2033-34 तक वैश्विक दुग्ध उत्पादन में 33 फीसदी यानी 33 करोड़ मीट्रिक टन का योगदान देने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। अगर (पंचायत स्तर पर) दो लाख नई दुग्ध उत्पादक समितियां बनाई जाती हैं, तो आने वाले वर्षों में भारत के पास वैश्विक दुग्ध उत्पादन में 33 फीसदी योगदान देने की क्षमता होगी। शाह ने कहा, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों तथा सहकारी समितियों को साथ मिलकर काम करना चाहिए। हमें बड़े पैमाने पर उत्पादन जारी रखते हुए जनता द्वारा व्यापक स्तर पर उत्पादन को जमीनी हकीकत बनाना होगा।

### शाह ने चिरंजीवी और राम चरण से मुलाकात कर ऑस्कर जीत की बधाई दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलुगु सिनेमा के दिग्गज अभिनेता चिरंजीवी और उनके बेटे राम चरण से मुलाकात कर उन्हे फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के ऑस्कर पुरस्कार जीतने पर बधाई दी। राम चरण ने इस फिल्म मे प्रमुख भूमिका निभाई है। एस.एस. राजामौली के निर्देशन मे बनी आरआरआर के इस गीत ने 95वे अकादमी पुरस्कारो मे सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का ऑस्कर पुरस्कार जीता है। शाह ने शुक्रवार रात यहां इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2023 से इतर पिता-पुत्र से मुलाकात की। बाद मे गृह मंत्री ने ट्विटर पर लिखा कि तेलुगु फिल्म उद्योग ने भारत की संस्कृति और अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। शाह ने मुलाकात की तस्वीरे साझा करते हुए लिखा, भारतीय सिनेमा के दो दिग्गजो चिरंजीवी और राम चरण से मुलाकात कर खुशी हुई। तेलुगु फिल्म उद्योग ने भारत की संस्कृति व अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। नाटु-नाटु गीत के ऑस्कर जीतने और आरआरआर की अभूतपूर्व सफलता पर राम चरण को बधाई दी।

# सीरीज पर कब्जे की तैयारी

## ● दूसरा मैच आज, राहुल और जडेजा पर होंगी नजरें

**भाषा।** विशाखापत्तनम




भारतीय टीम रविवार को जब दूसरे वनडे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने उतरेगी तो फिर से सभी की नजरें लोकेश राहुल और रविंद्र जडेजा पर लगी होंगी जिसमें नियमित कप्तान रोहित शर्मा भी टीम की अगुआई के लिए वापसी करेंगे जो मुंबई में पहला मैच नहीं खेल पाए थे।

भारत ने वानखेडे स्टेडियम में आस्ट्रेलिया को कम स्कोर वाले मैच में पांच विकेट से पराजित किया था जिसमें राहुल ने नाबाद 75 रन की संयमित पारी खेली थी। वह बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान फॉर्म हासिल करने में जूझते दिखे थे जिससे उन्हें तीसरे और चौथे टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। जडेजा भी घुटने की चोट और फिर हुई सर्जरी के कारण करीब आठ महीने के बाद वनडे क्रिकेट खेल रहे थे, उन्होंने शुक्रवार को नाबाद 45 रन बनाए थे। उन्होंने साथ ही कसी गेंदबाजी करते हुए 46 रन देकर दो विकेट झटके जिससे प्लेयर ऑफ द मैच बने। भारत इस साल वनडे विश्व कप की मेजबानी कर रहा है और फॉर्म में चल रहे राहुल और पूरी तरह से फिट जडेजा टीम के लिए महत्वपूर्ण होंगे। तीन मैचों की यह श्रृंखला चयनकर्ताओं को इन दोनों की प्रगति का आकलन करने में मदद करेगी। वहीं भारतीय टीम इस मुकाबले में जीत से श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी और बल्लेबाजी में भी सुधार करना चाहेगी क्योंकि एक समय टीम ने 39 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे और बाद में स्कोर पांच विकेट पर 83 रन हो गया था जिसके बाद राहुल और जडेजा ने मिलकर मेजबान टीम को 61 गेंद रहते जीत दिलाई थी। कप्तान रोहित शर्मा की वापसी से निश्चित रूप से शीर्ष क्रम मजबूत होगा जो आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की रफ्तार और वैरिएशन के आगे पस्त हो गया था। मार्कस स्टोइनिस ने इशान किशन को तीन रन पर आउट कर दिया था। फिर स्टार्क ने तीन विकेट झटक लिए थे जिससे भारत काफी दबाव में आ गया था। विराट कोहली (04), सूर्यकुमार यादव (शून्य) और शुभमन गिल (20) जल्दी पवेलियन लौट गए थे। भारतीय बल्लेबाज आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ कभी कभार परेशानी में दिख रहे थे और बचे हुए दो मैचों में स्टार्क का सामना करने से उन्हें घरेलू परिस्थितियों में अच्छा अभ्यास मुहैया कराएगा क्योंकि ध्यान अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए तैयारियां करने पर लगा होगा। रोहित पारी का आगाज करेंगे जिससे किशन को नियमित कप्तान के लिए जगह बनानी होगी। कोहली और गिल के पहले वनडे में कम स्कोर बनाने को लेकर ज्यादा चिंता की जरूरत नहीं है लेकिन सूर्यकुमार यादव 50 ओवर के प्रारूप में अपनी लय हासिल नहीं कर पा रहे हैं जो चिंता का कारण बन सकता है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में विस्फोटकीय बल्लेबाजी के लिए मशहूर सूर्यकुमार अब भी वनडे में वैसी ख्याति अर्जित नहीं कर पाए हैं। इस साल सभी पांच वनडे में वह अर्धशतक नहीं जड़ पाए हैं। श्रेयस अय्यर की वापसी के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं है।

### शानदार प्रदर्शन के लिए उचित तरीके से रिक्वर करना महत्वपूर्ण है: शमी

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की पांच विकेट की जीत मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी के बाद रिक्वरी की प्रक्रिया को अहम बताया। बीसीसीआई डॉट टीवी पर पोस्ट किए गए वीडियो मे उन्होने साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ बातचीत में कहा, योजना बहुत ही सरल थी। हमने टीम बैठकों मे बात की थी कि हम अच्छी शुरूआत करेंगे, सही क्षेत्र मे गेंदबाजी करेंगे , अपनी लाइन एवं लेंथ पर अडिग रहेंगे। गर्मी भी एक मुद्दा थी। जब हमने पहला स्पैल डाला तो बहुत गर्मी थी लेकिन बाद मे जब हवा चलनी शुरु हुई इसमे थोड़ा सुधार हुआ। अहमदबाद मे आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट मे गेंदबाजी के बाद उबरने के लिए वह पहले वनडे के लिए आयोजित ट्रेनिंग सत्र मे भी अभ्यास नही कर सके थे और सीधे मैच मे खेलने उतरे।

# मुंबई इंडियंस की टूर्नामेंट में पहली हार

## ● यूपी वारियर्स पांच विकेट से जीती

**भाषा।** नवी मुंबई




**यूपी वारियर्स ने** शनिवार को यहां कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में मुंबई इंडियंस को तीन गेंद रहते पांच विकेट से पराजित कर उसका विजई अभियान थाम दिया। इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन के तीन विकेट की मदद से यूपी वारियर्स ने मुंबई इंडियंस को 127 रन पर आउट कर दिया। फिर एक्लेस्टोन के छक्के से यह लक्ष्य 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 129 रन बनाकर हासिल किया और मुंबई इंडियंस की लगातार छठी जीत दर्ज करने की उम्मीद तोड़ दी। यह मुंबई इंडियंस की टूर्नामेंट में पहली हार है। हालांकि मुंबई इंडियंस ने पहले सात ओवर में यूपी वारियर्स के तीन विकेट झटककर अच्छी शुरुआत की। कप्तान एलिसा हीली का विकेट भी इसमें शामिल रहा जो खतरनाक साबित हो सकती थीं। अमेलिया केर ने फिर तहलिया मैकग्रा का विकेट झटका जिन पर यूपी वारियर्स की उम्मीद टिकी हुई थी। मैकग्रा ने केर की गेंदबाजी पर उन्हें कैच देने से पहले 25 गेंद में छह चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। फिर ग्रेस हैरिस (39 रन, सात चौके) ने जिम्मेदारी से खेलते हुए यूपी वारियर्स को मैच में बनाए रखा। 16वें ओवर में उन्होंने अमेलिया केर पर लगातार दो चौके जड़े लेकिन अगली गेंद पर आउट हो गईं। उनका कैच लांग आन पर वोंग ने लपका। अब फिर मैच का रूख पलट गया था और पलड़ा मुंबई इंडियंस का भारी लग रहा था। पर दीप्ति शर्मा (नाबाद 13 रन) और सोफी एक्लेस्टोन (नाबाद 16 रन) क्रीज पर थीं, दोनों की बदौलत 19 ओवर तक टीम ने पांच विकेट पर 123 रन बना लिए थे। अब अंतिम छह गेंद में पांच रन चाहिए थे। पहली दो गेंद पर कोई रन नहीं बना और तीसरी गेंद पर एक्लेस्टोन ने साइट स्क्रीन की ओर छक्का जड़ अपनी टीम को तीसरी जीत दिलाई। इससे पहले इस्सी वोंग ने अगर 19 गेंद में 32 रन नहीं बनाए होते तो मुंबई का स्कोर काफी खराब होता। कप्तान एलिसा हीली के टॉस जीतकर गेंदबाजी के फैसले को यूपी के गेंदबाजों ने सही साबित कर दिखाया। उन्होंने फॉर्म में चल रहे मुंबई के बल्लेबाजों के सामने अनुशासित गेंदबाजी की। मुंबई का स्कोर दस ओवर के बाद दो विकेट पर 56 रन था। हीली मैथ्यूज (35) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (25) साझेदारी की ओर बढती दिख रही थी। दोनों हालांकि अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकी। हरमनप्रीत को दीप्ति शर्मा ने और मैथ्यूज को सोफी ने पवेलियन भेजा। इससे पहले यस्तिका भाटिया (पांच) और नेट स्किवेर ब्रंट (सात) भी सस्ते में आउट हो गई थी। अमेलिया केर (तीन) पांच गेंद ही खेल सकी और राजेश्वरी गायकवाड़ का शिकार हुई। वारियर्स ने 14वें ओवर की शुरूआत में मुंबई के पांच विकेट 78 रन पर निकाल दिए थे। अमनजोत कौर भी कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाई और सोफी का शिकार हुई। सोफी को दूसरे छोर से बाकी गेंदबाजों का भी पूरा सहयोग मिला। भारत की गायकवाड़ ने चार ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिए।

### स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियंस** : मैथ्यूज का हीली बो एक्लेस्टोन 35,भाटिया बो अंजलि सरवनी 07,साइवर ब्रंट पगबाधा बो एक्लेस्टोन 05,कौर का सिमरन शेख बो दीप्ति शर्मा 25,केर का पार्श्वी चोपड़ा बो गायकवाड़ 03,वोंग रन आउट 32,कौर स्ट हीली बो एक्लेस्टोन 05,काजी बो गायकवाड़ 04, गुज्जर बो दीप्ति शर्मा 03,कलिता नाबाद 03, इशाक रन आउट 00,**अतिरिक्त** : 05, कुल योग : 20 ओवर मे सभी आउट : 127 रन, **विकेट पतन** : 30-1, 39-2, 57-3, 77-4, 78-5, 98-6, 103-7, 111-8, 127-9, **गेंदबाजी** : गायकवाड़ 4-0-16-2, हैरिस 2-0-15-0,सरवनी 2-0-10-1, चोपड़ा 4-0-35-0, एक्लेस्टोन 4-0-15-3, दीप्ति 4-0-35-2

**यूपी वारियर्स** : वैद्य का हरमनप्रीत कौर बो मैथ्यूज 01,हीली पगबाधा बो वोंग 08,नवगिरे का भाटिया बो नैट साइवर ब्रंट 12,मैकग्रा का एवं बो अमेलिया केर 38,हैरिस का वोंग बो केर 39, शर्मा नाबाद 13, एक्लेस्टोन नाबाद 16,**अतिरिक्त** : 02,**कुल** : 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 129 रन,**विकेट पतन** :1-1, 2-21, 3-27, 4-71, 5-105 **गेंदबाजी** : साइवर ब्रंट 4-1-24-1,मैथ्यूज 4-0-26-1,इशाक 4-0-22-0,वोंग 2.3-0-24-1, केर 4-0-22-2,कौर 1-0-11-0

### शीर्ष रैंकिंग की स्वियातेक को हराकर रिबाकिना इंडियन वेल्स के फाइनल में

**इंडियन वेल्स।** एलीना रिबाकिना ने शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 6-2, 6-2 से हराकर उलटफेर करते हुए बीएनपी पारिबस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। रिबाकिना ने गत चैम्पियन स्वियातेक के खिलाफ सात ऐस जमाए और महज 76 मिनट में जीत दर्ज की। अब रिबाकिना का सामना रविवार को होने वाले फाइनल मे दूसरी वरीयता प्राप्त और आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन आर्यना सबालेंका से होगा जिन्होने मारिया सक्कारी को 6-2, 6-3 से मात दी।

### सीएसके की निगाहें मेजर लीग की टेक्सास टीम में हिस्सेदारी पर, जल्द होगी घोषणा

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) की छह टीमों मे से एक टेक्सास टीम मे हिस्सेदारी हासिल करने पर नजर लगाए है। चार बार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विजेता टीम सीएसके ने शनिवार को खुलासा किया कि वे अमेरिका मे नए टी20 टूर्नामेंट के साथ अपने जुड़ाव के संबंध मे बड़ी घोषणा जल्द ही करेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल 13 जुलाई से शुरु होगा जिसमे छह टीमे हिस्सा लेंगी। ए टीमें सैन फ्रांसस्को यूनिकार्न्स, लास एंजिल्स, न्यूयार्क, सीटल ओरकास, टेक्सास और वाशिंगटन डीसी है।

### दीक्षा संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शनिवार को यहां अरामको टीम सीरीज सिंगापुर मे अंतिम दौर मे निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे वह संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं। दीक्षा टूर्नामेंट मे एकमात्र भारतीय थी, उन्होंने दो बर्डी लगाई लेकिन तीन बोगी और दो डबल बोगी कर बैठी। इससे उन्होने पांच ओवर 77 का कार्ड खेला। वह बीती रात संयुक्त 29वें स्थान पर थी, लेकिन खराब कार्ड से संयुक्त 53वें स्थान पर खिसक गई। इससे पहले टीम स्पर्धा मे दीक्षा की टीम 19वें स्थान पर रही।

### बांग्लादेश ने पहले वनडे में आयरलैंड पर रिकॉर्ड जीत दर्ज की

**सिलहट।** शाकिब अल हसन के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन से बांग्लादेश ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच मे शनिवार को आयरलैंड पर 183 रन से जीत दर्ज की जो उसकी सबसे बड़ी जीत है। शाकिब ने लगातार तीसरा अर्धशतक जड़ते हुए 93 रन बनाए और फिर विकेट भी लिया। उन्होंने इस दौरान 7000 रन भी पूरे किए और तामिम इकबाल के बाद इस आंकड़े को छूने वाले वह दूसरे बांग्लादेशी क्रिकेटर है। इसके अलावा सात हजार रन और 300 विकेट लेने वाले तीसरे क्रिकेटर भी बन गए है। बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 338 रन बनाए जिसमें शाकिब के अलावा तौहीद हृदय के 92 रन भी शामिल है। जवाब में आयरलैंड की टीम 30 . 5 ओवर में 155 रन पर आउट हो गई। शाकिब और तौहीद ने चौथे विकेट केलिए 125 गेंद में 135 रन की साझेदारी की।मुशफिकुर रहीम ने 26 गेंद में 44 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज इबादत हुसैन ने 45 रन देकर चार विकेट लिए। तेज गेंदबाज तसकीन अहमद ने दो और स्पिनर नासुम अहमद ने तीन विकेट चटकाए। दूसरा मैच सोमवार को खेला जाएगा।

# आरसीबी में चोटिल जैक्स की जगह लेंगे ब्रेसवेल

**भाषा।** बेंगलुरू



**न्यूजीलैंड के** आल राउंडर माइकल ब्रेसवेल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) टीम में इंग्लैंड के चोटिल बल्लेबाज विल जैक्स की जगह लेंगे। जैक्स को पिछले साल दिसंबर में खिलाड़ियों की नीलामी में आरसीबी ने 3.2 करोड़ रूपए में खरीदा था। वह इस महीने के शुरू में मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड के दूसरे वनडे के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए चोटिल हो गए थे। आईपीएल के शनिवार को एक बयान के अनुसार, आरसीबी ने न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल से करार किया है जो टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स की जगह लेंगे। इसके मुताबिक, जैक्स चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे, उन्हें फ्रेंचाइजी ने 3.2 करोड़ रूपए में खरीदा था। उनकी जगह शामिल होने वाले ब्रेसवेल ने 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर 113 रन बनाए हैं और 21 विकेट झटके हैं। वह आरसीबी से अपने एक करोड़ रूपए के बेस प्राइस में जुड़ेंगे। ब्रेसवेल को आईपीएल नीलामी में किसी टीम ने नहीं खरीदा था जिनका बेस प्राइस एक करोड़ रूपए का था। वह आईपीएल में नहीं खेले हैं। आरसीबी आगामी सत्र में अपने अभियान की शुरूआत दो अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ करेगी। वहीं ब्रेसवेल को श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की सफेद गेंद की टीम से रिलीज कर दिया गया है ताकि वह आरसीबी के तैयारी शिविर से जुड़ सकें। आलराउंडर रचिन रविंद्र टीम में उनकी जगह लेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह ब्रेसवेल और रचिन रविंद्र दोनों के लिए अपना कौशल दिखने का मौका है।

### डिविलयर्स और गेल की जर्सी के नंबर रिटायर करेगा आरसीबी

**बेंगलुरू** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल द्वारा पहनी गई जर्सी के नंबर को रिटायर कर देगा जब इन दोनो महान क्रिकेटरों को 26 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। आरसीबी ने ट्वीट किया, जर्सी नंबर 17 और 333 को हमेशा के लिए रिटायर (अलविदा) कर दिया जाएगा जब एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल्स को आरसीबी के हॉल ऑफ फेम मे शामिल किया जाएगा। जर्सी नंबर 17 पहनने वाले डिविलियर्स आरसीबी के लिए 11 सत्र (2011 से 2021) तक खेले थे जिन्होने फ्रेंचाइजी के लिए 156 मैचों में 4,491 रन बनाए है। उन्होंने नवंबर 2021 मे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। वहीं 333 नंबर की जर्सी पहलने वाले वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज गेल सात सत्र तक आरसीबी के लिए खेले थे। उन्होने 2013 आईपीएल सत्र में 16 मैचों में 708 बनाए थे।

# डेवाइन के 99 रन से आरसीबी चमका

## ● गुजरात जाइंट्स को 8 विकेट से हराया

**भाषा।** मुंबई



**न्यूजीलैंड** की सोफी डेवाइन के 36 गेंद में 99 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने शनिवार को महिला प्रीमियर लीग के मैच में गुजरात जाइंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। डेवाइन ने आतिशी बल्लेबाजी का वो नजारा पेश किया कि ब्रेबोर्न स्टेडियम पर बैठा हर दर्शक बरसों तक उसे याद रखेगा। आरसीबी ने 189 रन का मुश्किल लक्ष्य 27 गेंद बाकी रहते महज दो विकेट खोकर हासिल कर लिया और लगातार दूसरी जीत से प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। क्रिकेटर बनने से पहले न्यूजीलैंड के लिए हॉकी भी खेल चुकी डेवाइन ने अपनी पारी में आठ छक्के और नौ चौके लगाए। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की स्टार बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट के 42 गेंद में 68 रन और आखिरी ओवर में मिले 22 रन की मदद से गुजरात जाइंट्स ने चार विकेट पर 188 रन बनाए थे। एशले गार्डनर ने भी 26 गेंद में 41 रन की पारी खेली। हरलीन (नाबाद 12) और डी हेमलता (नाबाद 16) ने आखिरी ओवर में मेगान शट को दो छक्के और दो चौके लगाकर 22 रन निकाले। जवाब में आरसीबी ने पहले ही ओवर से आक्रामक बल्लेबाजी की। कप्तान स्मृति मंधाना (37) और डेवाइन ने तेज गति से रन बनाए। डेवाइन ने स्पिनर तनुजा कंवर कासे मिडविकेट पर एक छक्का जड़ा जो 94 मीटर तक गया। आरसीबी का स्कोर नौवें ओवर में बिना किसी नुकसान के 125 रन था।

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात जाइंट्स महिला पारी** : डंक्ली बो डेवाइन 16, लौरा वोल्वार्ट का बोस बो पाटिल 68, मेघना स्ट घोष बो बोस 31, गार्डनर पगबाधा बो पाटिल 41,हेमलता नाबाद 16,देयोल नाबाद 12, **अतिरिक्त** : चार रन, कुल योग : 20 ओवर मे चार विकेट पर 188 रन, **विकेट पतन** :1 -27, 2- 90, 3-142, 4-161, **गेंदबाजी** : डेवाइन 3-0-23-1, शट 4-0-53-0, पेरी 3-0- 25-0, आशा 4 -0-35- 0, बोस 3-0-23-1, नाइट 1-0 -12 - 0, पाटिल 2- 0 -17-2

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर महिला पारी** :मंधाना का और बो राणा 37, डेवाइन का अश्विनी बो गार्थ 99,पेरी नाबाद 19, नाइट नाबाद 22, **अतिरिक्त** : 12 रन, कुल योग : 15 . 3 ओवर मे दो विकेट पर 189 रन, **विकेट पतन** :1-125, 2-157, **गेंदबाजी** : गार्थ 4-0-32-1, गार्डनर 3-0 -48- 0, राणा3.3 - 0 -25-1 , कंवर 3 -0-50-0, देयोल 1 -0-10- 0, अश्विनी 1-0 -18-0

# नीतू, प्रीति, मंजू प्री क्वार्टर फाइनल में

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप



**भारतीय मुक्केबाजों** का महिला विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है और शनिवार को तीन मुक्केबाजों ने अपने अपने मुकाबले जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू गंघास (48 किलो) ने कोरिया की डोयोन कांग को आरएससी फैसले पर हराया जबकि प्रीति ने 54 किलोवर्ग में रोमानिया की लाकरामियोआरा पेरिजोक को बंटे हुए फैसले के आधार पर 4 -3 से शिकस्त दी। मंजू बाम्बोरिया (66 किलो) ने न्यूजीलैंड की सारा वेरेयू को 5-0 से हराया।नीतू पिछले चरण में क्वार्टरफाइनल में हार गई थीं, उन्होंने इस बार पहले राउंड में ही मुकाबला जीत लिया। पहले मिनट में उन्होंने अपने हुक और क्रास का बखूबी इस्तेमाल किया लेकिन अंक जुटाने वाले मुक्के नहीं जड़ सकीं। फिर दोनों मुक्केबाजों ने दोनों हाथों से एक दूसरे को मुक्के जड़ना शुरू कर दिया। तुरंत ही कोरियाई मुक्केबाज कांग को पहला स्टैंडिंग काउंट मिला। नीतू ने फिर दबदबा जारी रखा और कांग को दूसरा स्टैंडिंग काउंट 20 सेकेंड बाद मिला जिससे रैफरी ने मुकाबला भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में कर दिया। पहले दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज करने वाली प्रीति को हालांकि दूसरी जीत के दौरान मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने कहा, मैंने इस मुकाबले की तैयारी की थी, वह पिछली बार रजत पदक जीती थी। मैं भी साबित करना चाहती थी कि मैं किसी से कम नहीं हूं। 2022 एशियाई चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने कहा, मैं शुरू में उसकी रणनीति समझने की कोशिश कर रही थी। अंतिम राउंड में मैंने रणनीति बदली। वह आक्रामक थी और संतुलन खो रही थी। प्रीति ने रोमानियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहले राउंड में 3-2 से बढ़त बनाई। फिर हरियाणा की इस मुक्केबाज ने अपने पैरों का इस्तेमाल करते हुए रोमानियाई मुक्केबाज पर मुक्के जड़े। हालांकि दूसरे राउंड को वह 2-3 से गंवा बैठी। पर अंतिम तीन मिनट में प्रीति ने जवाबी हमले किए। इसमें दोनों मुक्केबाजों के अंक बराबर रहे जिससे मुकाबले का फैसला रिव्यू से किया गया। अंत में फैसला भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में रहा।

# अपने अनुभव साझा करेंगे आईपीएल के बड़े सितारे




**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सत्र शुरू होने से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली समेत इसके नामी गिरामी सितारे स्टार स्पोर्ट्स के शो स्टार्स आन स्टार पर पहली बार अपने प्रशंसकों के साथ रोचक अनुभव साझा करेंगे। टाटा आईपीएल के आधिकारिक टीवी प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स के इस कार्यक्रम का लक्ष्य क्रिकेट के बड़े सितारों को उनके प्रशंसकों से जोड़ना है। इसमें वे अपने निजी जीवन से लेकर कैरियर तक के कई अनछुए पहलुओं पर बात करेंगे जिसमें उनकी कामयाबी, नाकामी, मुस्कान से लेकर निराशा तक शामिल होगी। चैनल द्वारा जारी विज्ञप्ति में प्रिव्यू शो की बानगी दी गई जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने कहा , मैने जब क्रिकेट खेलना शुरू किया तो मैं तेज गेंदबाज बनना चाहता था। मुझे दूसरे तेज गेंदबाजों को बाउंसर डालते देखने में मजा आता था। लेकिन मेरे पास वह रफ्तार नहीं थी। उन्होंने आगे कहा , मैने माही भाई (महेंद्र सिंह धोनी) को बताया कि मेरा क्रिकेट का सफर दो महेंद्र के बीच का है। महेंद्र सिंह चौहान जो जामनगर में मेरे कोच थे और चेन्नई में मेरे कप्तान महेंद्र सिंह धोनी।

# राहुल विकेटकीपिंग करते हैं तो बल्लेबाजी मजबूत होगी: शास्त्री

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व भारतीय को**च रवि शास्त्री ने जून में द ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए केएल राहुल का विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अपना स्थान पक्का करने के लिए समर्थन किया और कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम का बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत होगा। राहुल का इंग्लैंड में अच्छा रिकॉर्ड है लेकिन खराब फॉर्म के कारण उन्हें घरेलू सरजमी पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के बाद अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया। कर्नाटक के इस 30 साल के खिलाड़ी ने हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार की रात पहले वनडे में नाबाद 75 रन की मैच विजई पारी खेलकर शानदार वापसी की। शास्त्री को लगता है कि राहुल डब्ल्यूटीसी फाइनल में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेल सकते हैं क्योंकि ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में केएस भरत अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखा सके। शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, उसने (केएल) सचमुच काफी अच्छा प्रदर्शन किया जिससे डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले चयनकर्ताओं की दिलचस्पी उनमें बनी रहेगी। दो चीजें हैं। पहली वनडे श्रृंखला के लिए जब रोहित शर्मा वापसी करेंगे और दूसरी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए, जिसमें अगर राहुल विकेटकीपर करते हैं तो उनकी बल्लेबाजी मजबूत होगी। शास्त्री ने कहा, राहुल मध्यक्रम (पाचवें और छठे नंबर) में बल्लेबाजी कर सकता है। इंग्लैंड में आपको आमतौर पर विकेटकीपिंग थोड़ी पीछे से करनी होती है। आपको ज्यादा स्पिनर नहीं लगाने पड़ते। उसके (केएल) पास आईपीएल से पहले दो और वनडे हैं। वह इनमें अच्छे प्रदर्शन से उस भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर सकता है। राहुल ने इंग्लैड में नौ टेस्ट में दो शतक और एक अर्धशतक से 614 रन बनाए हैं।

### 51वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप : उत्तर प्रदेश टीम ने जीता कांस्य पदक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने 15 से 19 मार्च तक वाराणसी में आयोजित 51वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता। वाराणसी के वाराणसी पब्लिक स्कूल में आयोजित इस चैंपियनशिप में मेजबान महिला टीम को हरियाणा के साथ संयुक्त तीसरा स्थान मिला । उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव आनन्देश्वर पांडेय ने बताया कि यूपी की टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल में त्रिपुरा को 26-13 और फिर क्वार्टर फाइनल में पंजाब को 30-18 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में यूपी की टक्कर रेलवे की मजबूत टीम से हुई जिसमे यूपी की महिलाओ ने विरोधी टीम को खासा छकाया लेकिन एक रोमांचक मुकाबले के बाद मेजबान टीम 17-14 से हार गयी जिसके बाद उसे हरियाणा के साथ संयुक्त कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# त्रिसा-गायत्री सेमीफाइनल में हारे

## ● आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप

**भाषा।** बर्मिंघम



**भारत की त्रिसा** जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी लगातार दूसरे साल आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप महिला युगल के सेमीफाइनल में हार गई। भारतीय जोड़ी को दुनिया की 20वें नंबर की कोरियाई जोड़ी बाएक ना हा और ली सो ही ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-10 से हराया। गायत्री ने मैच के बाद कहा , हमने इस मैच से बहुत कुछ सीखा। उन्होंने शटल पर से नियंत्रण नहीं छोड़ा और हम थोड़े घबरा गए थे। त्रिसा ने कहा , उनका डिफेंस बहुत अच्छा था। हम घबरा गए थे और अच्छा नहीं खेल सके। गायत्री के पिता पुलेला गोपीचंद आखिरी बार 2001 में आल इंग्लैंड खिताब जीतने वाले भारतीय थे। उनसे पहले प्रकाश पादुकोण ने 1980 में यह खिताब अपने नाम किया था। उन्नीस वर्ष की त्रिसा और 20 वर्ष की गायत्री के पास फाइनल्स में पहुंचने का बड़ा मौका था लेकिन वे सेमीफाइनल की बाधा पार नहीं कर सके। उनके सामने कोरिया की कठिन जोड़ी थे जिसमें से ली ने दो बार विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता हुआ है। भारतीय जोड़ी अच्छी शुरूआत करने में नाकाम रही और शुरू ही में 0 . 4 से पिछड़ गई। अपनी लंबी रेलियों से कोरियाई जोड़ी ने दबाव बनाए रखा और 11 . 5 की बढत बना ली। भारतीय जोड़ी ने कुछ अंक बनाकर स्कोर 9 . 13 किया लेकिन इसके बाद से मुकाबला एकतरफा होता चला गया। दूसरे गेम में उन्होंने 11 . 2 की मजबूत बढत से ही शुरूआत की। भारतीयों ने कई गलतियां की जिसका उन्होंने फायदा भी उठाया और गेम तथा मैच अपने नाम कर लिया। गायत्री और त्रिसा ने इससे पहले सातवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की जोंगकोलफान के और रविंद्र पी के अलावा दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को हराया था।

### विलियमसन और निकोल्स के दोहरे शतक, न्यूजीलैंड ने चार विकेट पर 580 रन पर पारी घोषित की

**भाषा।** वेलिंगटन

**केन विलियमसन** और हेनरी निकोल्स के दोहरे शतकों और तीसरे विकेट के लिए 363 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी चार विकेट पर 580 रन बनाकर घोषित की। विलियमसन ने अपना छठा दोहरा शतक जड़ा और 215 रन बनाकर आउट हो गए जबकि निकोल्स ने न्यूजीलैंड के लिए पहला दोहरा सैकड़ा और अपना सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर बनाया। जब कप्तान टिम साउदी ने पारी घोषित की तब वह 200 रन बनाकर नाबाद थे। यह पहली बार है जब न्यूजीलैंड के दो बल्लेबाजों ने एक टेस्ट की एक ही पारी में दोहरे शतक जड़े हैं। विलियमसन ने अपनी पारी के दौरान 23 चौके और दो छक्के जड़े जबकि निकोल्स ने 15 चौके और चार छक्के जमाए।